हनुमानगढ़ जंक्शन
बुधवार 26 जून 2024
आषाढ़ कृष्ण पंचमी सम्वत् 2081
वर्ष 54 | अंक 172 | ₹ 4.00 | पृष्ठ 12
फोन : 269443, मो. 94140-95543, 99585-95529
Email: dainiktej@gmail.com
आरएनआई रजि. नं. 23549/71, पोस्टल रजि. नं.गंगानगर/29/2024-2026

संस्थापक स्व. डॉ. तेजनारायण शर्मा
राजस्थान, पंजाब, हरियाणा का लोकप्रिय दैनिक

# तेज


**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 78,053.52 | +712.45 |
| निफ्टी | 23,721.30 | +183.45 |
| डॉलर | 83.44 | |

**हनुमानगढ़ का तापमान**

न्यूनतम 31° अधिकतम 39°

# स्पीकर के बहाने सत्तापक्ष व विपक्ष में पहला टकराव

**लोकसभा सत्रः आज होगा स्पीकर पद का चुनाव, एनडीए से ओम बिरला और कांग्रेस के सुरेश के बीच सीधा मुकाबला, संख्या बल के कारण बिरला का चुना जाना तय**

**नई दिल्ली.** 18वीं लोकसभा के पहले सत्र का मंगलवार को दूसरा दिन था। लोकसभा स्पीकर को लेकर पक्ष-विपक्ष के बीच टकराव बढ़ गया है। एनडीए प्रत्याशी ओम बिरला के खिलाफकांग्रेस ने के. सुरेश को उतारा है। दोनों ने दोपहर 12 बजे से पहले नॉमिनेशन फाइल किया। वोटिंग 26 जून को सुबह 11 बजे होगी। कांग्रेस सांसद के. सुरेश की दावेदारी पर तृणमूल कांग्रेस ने नाराजगी जताई है। पार्टी सांसद अभिषेक बनर्जी ने कहा- हमसे इस बारे में कोई बात नहीं हुई है। दुर्भाग्य से ये एकतरफा फैसला है। अभिषेक के बयान पर राहुल ने कहा-जय संविधान। इससे पहले सुबह राहुल संसद पहुंचे तो कहा- कांग्रेस अध्यक्ष के पास स्पीकर के समर्थन के लिए राजनाथ सिंह का फोन आया था। विपक्ष ने साफ कहा है कि हम स्पीकर को समर्थन देंगे, लेकिन विपक्ष को डिप्टी स्पीकर का पद मिलना चाहिए। राजनाथ सिंह ने दोबारा फोन करने की बात कही थी, हालांकि कॉल नहीं आया। राहुल के बयान पर राजनाथ सिंह ने संसद के बाहर मीडिया से कहा कि मैंने स्पीकर पद के समर्थन के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से तीन बार फोन पर बातचीत की है। वे सीनियर लीडर हैं। मैं उनका सम्मान करता हूं। उधर, बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने लोकसभा सदस्य की शपथ लेने के ... शेष पेज 9 पर

### बिरला जीते तो जाखड़ के बराबर आएंगे

एनडीए की ओर से ओम बिरला दोबारा स्पीकर पद के कैंडिडेट हैं। राजस्थान के कोटा से सांसद ओम बिरला 2019 से 2024 तक स्पीकर रह चुके हैं। वे जीतते हैं तो भाजपा के पहले ऐसे सांसद होंगे, जो लगातार दूसरी बार लोकसभा स्पीकर का पद संभालेंगे। अगर वे अपना कार्यकाल पूरा कर लेते हैं तो कांग्रेस के बलराम जाखड़ के रिकॉर्ड की बराबरी कर लेंगे। दरअसल, बलराम जाखड़ 1980 से 1985 और 1985 से 1989 तक लगातार दो बार लोकसभा अध्यक्ष रह चुके हैं। उन्होंने अपने दोनों कार्यकाल पूरे किए थे। इनके अलावा जीएमसी बालयोगी और पीए संगमा जैसे नेता दो बार लोकसभा अध्यक्ष तो बने, लेकिन 5-5 साल के कार्यकाल पूरे नहीं कर पाए।

### कांग्रेस और भाजपा ने अपने सांसदों को व्हिप जारी किया

कांग्रेस और भाजपा ने लोकसभा के स्पीकर चुनाव के मद्देनजर अपने सांसदों को संसद में उपस्थित रहने का व्हीप जारी किया है। भाजपा ने एनडीए के सभी सांसदों को सुबह 10.30 बजे संसद भवन मौजूद रहने का निर्देश दिया है। वहीं, कांग्रेस ने सुबह ... शेष पेज 9 पर

## सदन में राहुल कस्वां ने दिया 'जय जवान, जय किसान, जय संविधान' का नारा

» गंगानगर के कुलदीप इंदौरा सहित राजस्थान के 25 सांसदों ने ली शपथ, बीएपी के रोत ने ली प्रकृति के नाम शपथ

**नई दिल्ली.** राजस्थान से चुने गए सभी 25 सांसदों ने शपथ ले ली है। इस दौरान कई तरह की तस्वीरें देखने को मिली। सीकर से निर्वाचित सांसद अमराराम का जहां ट्रैक्टर से संसद परिसर पहुंचने का अलग अंदाज दिखा। वहीं बांसवाड़ा से सांसद राजकुमार रोत ऊंट पर सवार होकर संसद पहुंचने को लेकर और आदिवासी वेशभूषा में शपथ लेने पर चर्चा में रहे। शपथ के बाद नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल भी तेजाजी महाराज के जयकारे लगाकर लोगों का ध्यान आकर्षण किया। झालावाड़-बारां से सांसद दुष्यंत सिंह ने शपथ लेने के बाद मप्र के दतिया स्थित पीतांबरा माई, राजस्थान और झालावाड़-बारां के जयकारे लगाए। राजस्थान के 13 सांसदों ने पहली बार षपथ ली है। इनमें, भरतपुर की संजना जाटव, बांसवाड़ा के राजकुमार रोत, बाड़मेर से ... शेष पेज 9 पर

# राजस्थान में निवेश की अपार संभावनाएंः भजनलाल

**राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट-2024 की तैयारियों को लेकर उच्चस्तरीय बैठक**
**सीएम बोले-सिंगल विंडो में प्रकरणों का समयबद्ध रूप से हो निस्तारण**



**जयपुर.** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। हमारी सरकार निवेशकों के लिए हर स्तर पर मदद कर अनुकूल वातावरण तैयार करेगी जिससे देश-विदेशों से अधिकतम निवेश राज्य में आए तथा राजस्थान देश में सबसे बड़े 'इन्वेस्टमेंट हब' के रूप में उभरे। शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट-2024 की तैयारियों को लेकर उच्चस्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट-2024 के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी अधिकारी पूरे मनोयोग से जुट जाएं तथा इस ऐतिहासिक आयोजन की प्रत्येक गतिविधि की नियमित मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि समिट में होने वाले विभिन्न एमओयू को केवल कागजों पर ही न रहकर धरातल पर उतारा जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ इस आयोजन का भव्य क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। आगामी समिट में आने वाले सभी निवेशकों के आतिथ्य सत्कार में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रचार-प्रसार किसी भी आयोजन की सफलता का मुख्य आधार होता है। अधिकारी प्रचार-प्रसार के लिए बेहतरीन कार्ययोजना बनाएं जिससे वैश्विक स्तर पर यह आयोजन चर्चा का विषय बने। शर्मा ने कहा कि सभी उद्योगों को एक ही छत के नीचे सभी प्रकार की निवेश संबंधी सुविधाएं देने के लिए सिंगल विंडो का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। सिंगल विंडो के लिए विभाग द्वारा अलग से पूरा सिस्टम तैयार किया जाए जिससे उद्यमियों को निवेश में किसी भी तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संसाधनों ... शेष पेज 9 पर

## सोशल मीडिया पर धमकी देना पड़ा महंगा, गिरफ्तार

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



एक व्यक्ति को बाल कल्याण समिति अध्यक्ष को सोशल मीडिया के जरिए धमकी देना महंगा पड़ गया। जंक्शन थाना पुलिस ने उक्त व्यक्ति को शांतिभंग की आशंका में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार बाल कल्याण समिति अध्यक्ष जितेन्द्र गोयल की ओर से शिकायत की गई थी कि उन्होंने भविष्य सेवा संस्थान संचालिका मोनिका जांगिड़ पर बिना रजिस्ट्रेशन संस्था चलाने और अन्य अनियमितताओं की शिकायत की थी। इसी बात को लेकर मोनिका जांगिड़ के कहने पर चूना फाटक पर मेडिकल स्टोर संचालित करने वाले गांव रोड़ांवाली निवासी बलराज सिंह ने उन्हें सोशल मीडिया पर धमकी दी। इस शिकायत पर कार्रवाई करते हुए मंगलवार को बलराज सिंह को शांतिभंग की आशंका में गिरफ्तार कर लिया।

## आठ नई अकादमियों की घोषणा करेगी सरकार

**जल्द शुरू हो सकता है राजनीतिक नियुक्तियों का दौर**

**जयपुर.** राजस्थान में प्रमुख अकादमियों और केंद्रों की संख्या 18 से बढ़कर 26 करने की तैयारी है। राज्य सरकार आठ अकादमी की औपचारिक घोषणा जल्द करेगी। इनमें अध्यक्ष, सदस्यों आदि की राजनीतिक नियुक्तियों का दौर भी जल्द देखने को मिलेगा। प्रदेश में 1986 के बाद यानी 38 साल बाद इतने बड़े स्तर पर अकादमियों का गठन हो रहा है। इन अकादमियों को अलग से जमीन या फिहलाल अस्थाई ऑफिस, सालाना बजट आदि भी मिलेगा। पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने राजस्थान प्राकृत भाषा एवं साहित्य अकादमी की ... शेष पेज 9 पर

### ये नई अकादमियां बनेंगी

| कहां | अकादमी का नाम |
|---|---|
| जयपुर | सवाई जयसिंह, ढूंढाड़ अकादमी |
| भरतपुर | महा. सूरजमल ब्रज अकादमी |
| कोटा | सरदार बूंदा मीणा हाड़ौत अकादमी |
| उदयपुर | राणा सांगा मेवाड़ अकादमी |
| जोधपुर | राव जोधा राठौड़ अकादमी |
| अजमेर | पृथ्वीराज चौहान अकादमी |
| बीकानेर | जिलाई बाई मांड अकादमी |
| सीकर | महाराव शेखाजी शेखावट अकादमी |

शेखाजी सशस्त्र बल अकादमी शुरू हो चुकी है।

# स्कूली छात्रा के साथ छेड़छाड़ के दोषी को चार साल का कारावास

» विशिष्ट न्यायालय पोक्सो हनुमानगढ़ ने सुनाया फैसला

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

पोक्सो न्यायालय के विशिष्ट न्यायाधीश ने नाबालिग स्कूली छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में मंगलवार को फैसला सुनाते हुए दोषी युवक को चार साल के कारावास की सजा से दंडित किया। दस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर अतिरिक्त कारावास भुगतने के आदेश दिए। राज्य की ओर से पैरवी विशिष्ट लोक अभियोजक विनोद डूडी ने की। प्रकरण के अनुसार 31 जुलाई 2018 को 16 साल की पीड़िता स्कूल से खेत जा रही थी। रास्ते में गोरू उर्फ गौरीशंकर (21) निवासी ढंढेला पीएस रावतसर खड़ा था जो पीड़िता को जबरदस्ती पकड़कर एक किसान की झोंपड़ी में ले गया। छेड़छाड़ की व दुष्कर्म करने का प्रयास किया। पीड़िता के चिल्लाने पर आरोपी वहां से भाग गया। इस संबंध में पीड़िता के पिता ने एक अगस्त 2018 को रावतसर पुलिस थाना में मुकदमा दर्ज करवाया। पुलिस ने अनुसंधान के बाद न्यायालय में चालान पेश किया। कोर्ट में मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने 7 गवाह पेश किए तथा 10 दस्तावेज प्रदर्शित करवाए। सुनवाई के बाद कोर्ट ने आरोपी युवक गोरू उर्फ गौरीशंकर को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। उसे आईपीसी की धारा 354बी व 7/8 पोक्सो एक्ट में 4 साल कारावास, 10 हजार रुपए जुर्माना, अदम अदायगी तीन माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई।

## अब जीएसटी करदाता भी यूपीआई/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड से कर सकेंगे भुगतान

**वाणिज्यिक कर विभाग के मुख्य आयुक्त रवि कुमार सुरपुर ने दी जानकारी**

**जयपुर.** अब जीएसटी करदाता भी यूपीआई/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड द्वारा भुगतान कर सकेंगे। वाणिज्यिक कर विभाग के मुख्य आयुक्त डॉ. रवि कुमार सुरपूर ने बताया कि राजस्थान में जीएसटी करदाताओं के लिए भुगतान सुविधा बढ़ाने और भुगतान प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने सहित प्रभावी भुगतान विकल्प प्रदान करने के क्रम में यह निर्णय लिया गया है। हाल ही में राज्य कोषागार एवं जीएसटी पोर्टल के एकीकरण के... शेष पेज 9 पर

## 27 को बारिश-आंधी की चेतावनी

**मौसम विभाग ने जताया अनुमान, हनुमानगढ़-गंगानगर में हो सकती है बरसात**

**तेज. रिपोर्टर. हनुमानगढ़।** मौसम का मिजाज मंगलवार को भी गर्म रहा। हीटवेव से लोग परेशान नजर आए। मौसम विभाग ने 26 जून को गंगानगर, हनुमानगढ़, जैसलमेर, बीकानेर, चूरू, जैसलमेर के एरिया में दिन में हीटवेव चलने की चेतावनी जारी की है। विभाग के मुताबिक, 27 जून को जयपुर, सिरोही, पाली, राजसमंद, अजमेर, भीलवाड़ा, टोंक, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, बूंदी, कोटा, बारां, झालावाड़, प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, उदयपुर, सिरोही, सीकर, चूरू, झुंझुनूं, हनुमानगढ़ और गंगानगर जिलों में आंधी-बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

## सौगातः सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों को मिलेगी बढ़ी पेंशन

» 27 जून को 11 बजे झुंझुनूं में होगा मुख्य समारोह
» वीसी से जुड़ेंगे हनुमानगढ़ के लाभार्थी पेंशनर्स
» मुख्यमंत्री करेंगे लाभार्थियों से संवाद

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों को 27 जून सुबह 11 बजे बड़ी सौगात देने जा रहे हैं। योजना के लाभार्थियों को अभिवृद्धित दरों से पेंशन मिलेगीं। झुंझुनूं जिला मुख्यालय पर मुख्य समारोह होगा, जिसमें मुख्यमंत्री स्वयं डीबीटी से लाभार्थियों के खातों में भुगतान करेंगे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक सुरेंद्र कुमार पूनियां ने बताया कि मुख्यमंत्री प्रदेश के लाभार्थी पेंशनर्स के साथ संवाद करेंगे।

## तेज अंधड़ के कारण जीएम पेट्रो की कनौपी उखड़ी



**तेज. रिपोर्टर. हनुमानगढ़।** टाउन-जंक्शन बाईपास रोड़ पर स्थित जीएम पेट्रो की कनौपी तेज अंधड़ में उड़कर बिखर गई। 20-21 जून की रात्रि को आए तेज आंधी और तुफान से शहर में जगह-जगह होर्डिंग्स, बोर्ड क्षतिग्रस्त होने का समाचार है। बाईपास रोड़ स्थित जीएम पेट्रो की कनौपी भी अनेक स्थानों से क्षतिग्रस्त हो गई। इस कनौपी के उखड़ने से कोई जान माल का नुकसान नहीं हुआ लेकिन पेट्रोल पंप पर लगी हुई कनौपी से भारी नुकसान हो गया। उल्लेखनीय है कि 20-21 जून की रात्रि को आए इस तुफान से जगह-जगह पेड़ उखड़ गए व बिजली के खंभे भी क्षतिग्रस्त हो गए।

## अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस आज, नशा मुक्त भारत अभियान में होगी कार्यशाला

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस जिले में 26 जून बुधवार को मनाया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से श्री खुशालदास विश्वविद्यालय में दोपहर 12.30 बजे से जिला स्तरीय नशा मुक्त कार्यशाला का आयोजन होगा। इसमें जिले के जनप्रतिनिधि, जिला कलक्टर, सभी विभागों के अधिकारी–कर्मचारी, पुलिसकर्मी, स्वयंसेवी संस्थाओं, आशा सहयोगिनी, सीएलजी मेम्बर, एएनएम नर्स स्टाफ, प्रशिक्षित चिकित्सक, विद्यार्थी, युवा वर्ग उपस्थित होंगे। विभाग के उपनिदेशक सुरेंद्र पूनियां ने बताया कि आगामी दिनों में ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर भी कार्यशालाएं और अन्य गतिविधियों के माध्यम से नशे पर वार के लिए आमजन को जागरूक किया जाएगा।

## केजरीवाल को जमानत देने से इनकार

» दिल्ली हाईकोर्ट का फैसला, सुप्रीम कोर्ट जाएगी आम आदमी पार्टी



**नई दिल्ली.** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अभी तिहाड़ जेल में ही रहेंगे। हाईकोर्ट ने दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में मंगलवार को जमानत देने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि दलीलों पर सही ढंग से बहस नहीं हुई थी, इसलिए राउज एवेन्यू कोर्ट के फैसले को रद्द करते हैं। फैसले को देखकर ऐसा लगता है कि केजरीवाल को जमानत देते समय विवेक का इस्तेमाल नहीं ... शेष पेज 9 पर

# 'रिंग रोड़ निर्माण कार्य के लिए बजट में हो प्रावधान'

» विधायक गणेशराज बंसल ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



हनुमानगढ़ विधायक गणेश राज बंसल ने हनुमानगढ़ शहर में बाइपास सड़क (रिंग रोड) निर्माण कार्य के लिए राजस्थान सरकार के बजट-2024 में प्रावधान करने के संबंध में मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। पत्र में विधायक ने जिक्र किया है कि हनुमानगढ़ जिला मुख्यालय व हनुमानगढ़ शहर की आबादी 1 लाख 50 हजार 958 है। शहर से होकर विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग व राज्य राजमार्ग के जरिए निकटवर्ती जिला श्रीगंगानगर, राजधानी जयपुर व दिल्ली तथा निकटवर्ती राज्य हरियाणा व पंजाब तथा जिले के सभी तहसील मुख्यालय सड़क मार्ग से जुड़ते हैं, लेकिन इन सड़कों का आपसी जुड़ाव न होने के कारण भारी वाहनों को शहर के अन्दर से होकर गुजरना पड़ता है। इससे आबादी क्षेत्र में न केवल यातायात संचालन में परेशानी होती है बल्कि दुर्घटनाओं की संभावना भी बनी रहती है। वर्तमान में हनुमानगढ़-संगरिया-डबवाली सड़क (एनएच-54), हनुमानगढ़-अबोहर सड़क (एसएच-7), हनुमानगढ़-श्रीगंगानगर सड़क (एनएच-54/एसएच-36) व हनुमानगढ़-सूरतगढ़-बीकानेर सड़क (एसएच-94) को आपस में जोड़ते हुए दो लेन चौड़ी बाइपास सड़क पूर्व में निर्मित है, लेकिन इन सड़कों को ऐलनाबाद-तलवाड़ा-हनुमानगढ़ टाउन सड़क (एसएच-99), हनुमानगढ़-रतनगढ़-जयपुर सड़क (एसएच-7), हनुमानगढ़-कालीबंगा-बड़ोपल सड़क (ओडीआर) जैसी महत्वपूर्ण सड़कों से जोड़ते हुए हनुमानगढ़-संगरिया-डबवाली सड़क (एनएच-54), हनुमानगढ़-सूरतगढ़-बीकानेर सड़क (एसएच-94) के आपस में जोड़ने के लिए बाइपास सड़क निर्मित किए जाने की आवश्यकता है। इससे अति महत्वपूर्ण व व्यस्ततम शहर व जिला मुख्यालय हनुमानगढ़ के ... शेष पेज 9 पर

### सीवरेज नेटवर्क व 5.0 एमएलडी एसटीपी के लिए भी बजट में प्रावधान का आग्रह

हनुमानगढ़ नगरीय क्षेत्र में 170 किमी सीवरेज नेटवर्क व 5.0 एमएलडी एसटीपी के लिए राजस्थान सरकार के बजट-2024 में प्रावधान करने के लिए विधायक ने मुख्यमंत्री को एक और पत्र लिखा है। विधायक बंसल ने बताया कि हनुमानगढ़ नगरीय क्षेत्र में भूमिगत सीवरेज प्रणाली का निर्माण कार्य गत 12 वर्षों से अधिक समयावधि से निर्माणाधीन है। वर्ष 2012-13 में यूआईडीपी की ओर से 146 किमी सीवरेज लाइन, 4 सीवरेज पम्पिंग स्टेशन व 1 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी)... शेष पेज 9 पर


दीपक सैनी मो. 82339-47047
श्रीगंगानगर वाले
रेवाड़ी बर्फी स्वीट्स
रेवाड़ी वालों की सुप्रसिद्ध बर्फी
दुकान नं. 05, शॉपिंग सैंटर
बस स्टैण्ड से भगत सिंह चौक रोड़, हनुमानगढ़ जंक्शन

न्यू नेशनल ड्राईक्लीनर्स
106, भगतसिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन
मो. 90905-03210
यहां पर साड़ी चरक की जाती है।




Reg. No. 8144
P.C. क्लिनिक
Hi-Tech Homeopathic Unit
बिना ऑप्रेशन के ईलाज
बवासीर, भगन्दर, फीसर
त्वचा रोग एवं पुराना रोग
हर रविवार को सुबह 11 से 2 बजे फ्री चैकअप
Dr. Mukul Sarkar BHMS, B.Sc
सम्राट होटल के पीछे, श्रीगंगानगर रोड, हनुमानगढ़ जंक्शन
मो. 85030-03303

# ऑक्सफोर्ड एकेडमी संचालकों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

स्थानीय एच- ब्लॉक में डिग्गी के पास स्थित ऑक्सफोर्ड एकेडमी के संचालकों पर कोतवाली पुलिस ने षडयंत्रपूर्वक धोखाधड़ी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया है। एकेडमिक के संचालकों द्वारा एक युवक को कनाडा भेजने के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने का यह मामला तीन-चार दिन से गर्माया हुआ है। इसे लेकर लोगों द्वारा एकेडमी के सामने लगातार धरना प्रदर्शन भी किया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक प्रेमनगर निवासी सौरभ माहेश्वरी द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर एकेडमी के कर्मचारी श्रुति एवं राज सोनी आदि पर मामला दर्ज कर जांच हवलदार निहालचंद के सुपुर्द की गई है। सौरभ महेश्वरी ने आरोप लगाया है कि उसके छोटे भाई सचिन लाहोटी को कनाडा का स्टडी विजा दिलवाने, वहां के कॉलेज में एडमिशन करवाने




तथा स्थाई नागरिकता आदि दिलाने के नाम पर एकेडमी के संचालकों ने उनसे 16 लाख 70 हजार रुपए ले लिए। इनमें से 14 लाख रुपए कॉलेज की फीस तथा बाकी राशि वीजा फीस आदि की उनसे वसूल की गई। उनके द्वारा अलग-अलग दिनों में एकेडमी द्वारा बताए गए बैंक खातों में उक्त राशि जमा करवाने और सचिन के पासपोर्ट शैक्षिक दस्तावेज देने के बाद वीजा दिलाने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। एकेडमी की ओर से कहा गया था कि कनाडा के नामी कॉलेज में एडमिशन दिलवाया जाएगा।इस कॉलेज की फीस जरूर ज्यादा है।साथ में कनाडा की स्थाई नागरिकता भी मिलने की बात कही गई थी। यह भी झांसा दिया गया कि कनाडा में सचिन का शानदार कैरियर बन जाएगा। सौरभ महेश्वरी के मुताबिक सचिन की कनाडा स्टडी के बेटे जीईसी के रूप में 6 लाख रुपए उसने जमा करवाएं और 19 मार्च को एयर टिकट भी उन्होंने अपने रुपयों से ही लिया था। टिकट बुक करवाने के बाद उन्होंने कई बार श्रुति से कनाडा के कॉलेज के बारे में पूछा लेकिन उन्होंने कुछ नहीं बताया। कनाडा रवाना होने से दो दिन पहले कॉलेज का नाम बताया गया था। कनाडा जाने की जल्दबाजी और तैयारी के चलते उन्होंने कालेज के बारे में कुछ ज्यादा पता नहीं किया। कनाडा जाने के बाद सचिन जब कॉलेज गया तो श्रुति द्वारा दिलवाया गया कॉलेज बहुत ही घटिया किस्म का निकला जो कि एक छोटे से स्थान पर स्थित था। कॉलेज की स्थिति देखकर सचिन ने फीस के बारे में अपने स्तर पर पता किया तो पता चला कि कॉलेज की फीस सभी खर्चो समेत 4 लाख से भी कम है। यह पता चलने पर उन्होंने जब ऑक्सफोर्ड एकेडमी से पूर्व में जमा करवाई गई राशि में से फीस की रसीद मांगी तो उन्होंने नहीं दी। सचिन को ना तो कनाडा में रहने की व्यवस्था करवा कर दी गई और ना ही काम दिलाया गया। एकेडमी के संचालकों ने इसके लिए आनाकानी करनी शुरू कर दी।जब उन्होंने कहा कि जितनी कॉलेज की फीस ली गई है,उतने में तो सरकारी कॉलेज की फीस भरी जा सकती थी। इस पर भी एकेडमी की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। उल्टा धमकाया गया कि अगर उन्होंने एक ई-मेल कर दिया तो कनाडा से सचिन को डी-पोर्ट कर दिया जाएगा। सौरभ महेश्वरी ने आरोप लगाया है कि कनाडा का स्टडी वीजा दिलवाने के बदले 16 लाख 70 हजार रुपए ले लिए,जिसमें से 14 लाख रुपए कॉलेज की फीस के हैं।बाकी 2 लाख 70 हजार रुपए उन्होंने अपनी फीस होना बात कर हड़प लिए। कॉलेज की फीस कम होने का पता चलने पर उन्होंने फीस की रसीद मांगी तो देने से इनकार कर गए। सौरभ ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया है कि श्रुति और राज इस एकेडमी में कर्मचारी हैं। अकादमी के मालिक और संचालक अन्य व्यक्ति हैं। वह भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे रहे। उल्लेखनीय है कि इस कथित धोखाधड़ी को लेकर तीन-चार दिन पहले सौरव माहेश्वरी और उनके साथ आए अनेक लोगों ने ऑक्सफोर्ड एकेडमी पर हंगामा किया। उनके द्वारा धरना प्रदर्शन भी किया गया। उधर, पुलिस का कहना है कि सारे मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# श्री गोरीशंकर बिहाणी राजकीय कन्या महाविद्यालय के उद्घाटन की तैयारियां जारी



तेज. रिपोर्टर | नोहर




नवनिर्मित्त श्री गोरीशंकर बिहाणी राजकीय कन्या महाविद्यालय के उद्घाटन समारोह की तैयारियां जोर-शेर से जारी है। महाविद्यालय का उद्घाटन 28 जून शुक्रवार को 12.15 बजे राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र करेंगे। उद्घाटन समारोह में उप मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री प्रेमचंद बैरवा, नोहर विधायक अमित चाचाण, पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला, बिहाणी चैरिटेबल ट्रस्ट के लक्ष्मीनारायण बिहाणी व ओम नारायण बिहाणी सहित बिहाणी परिवार के सदस्य उपस्थित रहेगें। राज्यपाल के सम्पूर्ण कार्यक्रम का मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम मंगलवार को राजभवन से जारी हो गया। कार्यक्रम जारी होने के बाद प्रशासनिक स्तर पर भी तैयारियां तेज कर दी गई है। मंगलवार को पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों ने महाविद्यालय का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उधर संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष संजय मोदी ने बताया कि सम्पूर्ण कार्यक्रम की तैयारियां जौर-शौर से जारी है। उन्होंने बताया कि नवनिर्मित्त महाविद्यालय परिसर में विशाल वाटरप्रूफ पंडाल लगाया गया है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय पर आकर्षक सजावट कि जाएगी। मोदी ने बताया कि सम्पूर्ण कार्यक्रम को लेकर आमजन में भारी उत्साह है। दशको बाद नोहर वासियों का कन्या महाविद्यालय का सपना साकार हो रहा है। उन्होंने बताया कि देश के कोने-कोने में बसे बिहाणी परिवार के सदस्य 26 जून को नोहर पहुंच जायेगें। विदित रहे कि उक्त महाविद्यालय का निर्माण करीब 6 करोड़ की लागत से बिहाणी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा करवाया गया है।

# शादी का झांसा देकर 4 वर्ष तक देहशोषण

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

स्थानीय बसंती चौक के समय पर की एक कॉलोनी की निवासी युवती ने एक युवक पर शादी करने का झांसा देकर लगभग 4 वर्ष तक देहशोषण करने का आरोप लगाया है। पीड़ित व्यक्ति द्वारा पुलिस अधीक्षक को विगत 10 जून को दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर कोतवाली में अब आरोपी युवक रमेश कुमार निवासी पीरांवाली तहसील रायसिंहनगर, जिला अनूपगढ़ के खिलाफ दुष्कर्म की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक पीड़िता ने बताया कि वह पहले गजसिंहपुर में रहती थी। अब काफी समय से बसंती चौक के समीप की एक कॉलोनी में रह रही है।लगभग 4 वर्ष पहले रमेश कुमार से उसकी मुलाकात हुई। वह उसके साथ शादी करने का कहने लगा। उसने रमेश को इनकार कर दिया। एक दिन जब वह गोल बाजार में सामान खरीदने के लिए गई हुई थी तो रमेश मिला और उसने फिर वही शादी करने की बात दोहराई। उसके मोबाइल फोन नंबर ले लिए। वह अक्सर उससे बातचीत करने लगा।एक दिन जब वह घर में अकेली थी तो रमेश आ गया।जब वह उसके लिए चाय बनाकर कमरे में आई तो उसे पकड़ लिया। उसकी इच्छा के विरुद्ध जबरदस्ती दुष्कर्म किया। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि इसके बाद रमेश उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देकर और उसकी अनुमति व इच्छा के विरुद्ध जबरदस्ती दुष्कर्म करता रहा। यह सिलसिला पिछले चार वर्षों से चल रहा है। रमेश ने अब शादी करने से भी इंकार कर दिया। उल्टा वह उसे धमकता है कि अगर उसके खिलाफ कोई कार्रवाई की तो पंजाब अच्छा नहीं होगा।पुलिस को दी रिपोर्ट में पीड़िता ने बताया है कि वह रमेश से काफी परेशान हो चुकी है। उसने उसकी इच्छा के विरुद्ध उसकी देहशोषण किया है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच कोतवाली प्रभारी सीआई पृथ्वीपाल सिंह खुद कर रहे हैं।

## 60 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के चेक दिए

**श्रीगंगानगर।** केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री आवास योजना की 9 वीं वर्षगांठ के अन्तर्गत आज सादुलशहर नगर पालिका परिसर में इस योजना के लाभार्थी 60 परिवारों को पालिका अध्यक्ष कांता खीचड़, अधिशासी अधिकारी राकेश अरोड़ा, पूर्व अध्यक्ष प्रदीप खीचड़ आदि ने तीसरी किस्त के चैक प्रदान किए। अधिशासी राकेश अरोड़ा ने बताया कि इससे पूर्व भी 94 परिवारों को इस योजना का लाभ दिया जा चुका है।

# पड़ोस में स्थित नंदीशाला से परेशान आसपास के रहवासी

**» प्रशासन से लगाई समस्या से निजात दिलाने की गुहार**

तेज. रिपोर्टर | हनुमानगढ़



टाउन की भभूता सिद्ध कॉलोनी में चल रही नंदीशाला में अव्यवस्थाओं से आसपास के रहवासी परेशान हैं। कॉलोनीवासियों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि समस्या का समाधान किया जाए। टाउन की भभूता सिद्ध कॉलोनी, गली नम्बर 10, वार्ड 27 निवासी सोनिया ग्रोवर ने बताया कि कॉलोनी में स्थित कल्याण भूमि नंदीशाला में सफाई की उचित व्यवस्था नहीं है। वार्डवासी गोबर से उठने वाली दुर्गंध व नंदीशाला से घरों में घुसने वाले कीड़ों से परेशान हैं। आंधी अथवा तेज हवाएं चलने के दौरान गोबर उड़कर घरों में आने से अत्यधिक परेशानी होती है। बरसाती पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। नंदीशाला की निजी दीवार भी नहीं है। नंदीशाला में मकानों के साथ गोबर लगाया जाता है। अगर नंदीशाला में किसी पशु की मौत हो जाए तो उसे समय पर उठाने की व्यवस्था नहीं। मृत नंदी के शव को कुत्ते नोंच कर क्षत-विक्षत कर देते हैं। इससे अत्यधिक बदबू आती है। नंदीशाला में बंद गोवंश की लड़ाई से आसपास के मकानों को भी खतरा है। इस समस्या के बारे में कई बार नंदीशाला प्रधान और गोशाला प्रधान को अवगत करवाया गया लेकिन समस्या जस की तस है। नंदीशाला के कर्मचारी शिकायत करने वाले वार्डवासियों के साथ लड़ाई-झगड़ा करने पर उतारु हो जाते हैं। वार्डवासियों ने प्रशासन से गुहार लगाई कि इस समस्या की तरफ ध्यान देकर वार्डवासियों को राहत दिलाई जाए।

# गुरुद्वारा के शौचालय में मृत मिले अधेड़ की पहचान

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

स्थानीय रेलवे स्टेशन रोड पर गुरुद्वारा सिंहसभा के एक शौचालय में कल सोमवार दोपहर को मृत अवस्था में पाए गए अधेड़ की पहचान हो गई है जांच कर रहे एएसआई राकेश लांबा ने बताया कि लगभग 50 वर्षीय यह शख्स टेकचंद उर्फ चानणराम अरोड़ा है,जो की श्रीगंगानगर का ही निवासी है। उसका परिवार काफी समय पहले पंजाब शिफ्ट हो गया था, लेकिन टेकचंद यहीं पर रह गया था। वह रेलवे स्टेशन टैक्सी स्टैंड पर ही रहता था और रात को सोने के लिए गुरुद्वारा में चला जाता था। सूचना दिए जाने पर आज उसके परिवार वाले श्रीगंगानगर पहुंचे। बेटे रजत द्वारा जिला अस्पताल के मुर्दाघर में रखे हुए शव की पहचान की गई। पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाश परिवार जनों के सुपुर्द कर दी गई। एएसआई ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मृत्यु के कारण का पता चलने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि गुरुद्वारा सिंहसभा के विधि मंत्री गुरविंदरसिंह ने कल दोपहर कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई कि गुरुद्वारा के एक शौचालय का दरवाजा बंद है और उसके अंदर से तेज बदबू आ रही है। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तुड़वाया तो एक अधेड़ की लाश मिली थी। लाश तीन-चार दिन पुरानी प्रतीत हुई। शौचालय में पड़े रहने से टेकचंद का शव सड़ने-गलन लगा था।

# ईंट भट्ठा के युवा मुनीम की लाश खेत में मिली

## मृतक युवक तीन बहनों का इकलौता भाई



**श्रीगंगानगर।** घमूडवाली थाना क्षेत्र में एक युवक ने रात को खेत में जाकर कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। घटना की जांच कर रहे हवलदार शिवाजी राणा ने बताया कि गांव नरसिंहपुरा निवासी राजेंद्र जाट (27) एक ईंट भट्टे पर मुनीम का काम करता था। वह 23 जून की देर शाम को भट्टे से वापस घर आया। घर आकर वह नहाया-धोया और खाना खाकर कमरे में सोने के लिए चला गया। सुबह वह कमरे में नहीं मिला।उसकी लाश गांव के नजदीक ही एक खेत में पड़ी मिली। उसने कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया था। राजेंद्र के एक परिजन रूपराम द्वारा दी गई रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज की गई है। जांच अधिकारी ने बताया कि राजेंद्र के अविवाहित और तीन बहनों का इकलौता भाई था। उसने आत्महत्या किस वजह से की, यह अभी स्पष्ट नहीं हुआ। घर वाले भी वजह को लेकर फिलहाल अनजान है। पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाश परिवार वालों को दे दी गई। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

## युवती से दुष्कर्म करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर।** अनूपगढ़ जिले में समेजा कोठी थाना पुलिस ने गांव करनीसर के 28 वर्षीय एक युवक राजेंद्र बावरी को एक विवाहिता से दुष्कर्म करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी सीआई विकास बिश्नोई ने बताया कि विगत 16 मई को 27 वर्षीय पीड़ित युवती द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर राजेंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पीड़िता ने बताया कि 7 मई को उसके सास-ससुर उसके दादा ससुर की अस्थियां लेकर कीरतपुर (पंजाब)गए हुए थे। उसका पति खेत में मजदूरी करने गया हुआ था। उसी दिन रात लगभग 10 बजे राजेंद्र उसके घर में घुस आया। तब वह कमरे में डबल बेड पर सो रही थी। राजेंद्र ने डरा धमकाकर जबरदस्ती उससे दुष्कर्म किया। उसका अश्लील वीडियो और फोटो भी बना लिया। पीड़िता के मुताबिक फोटो और वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर 13 मई की दोपहर को राजेंद्र ने फिर उसके साथ घर में आकर गलत काम किया। उसे समय भी उसके सास-ससुर तथा पति बाहर गए हुए थे। उसने उसी दिन शाम को परिवार वालों के घर आने पर राजेंद्र की इस हरकत के बारे में बताया। थानाधिकारी ने बताया कि आज राजेंद्र को अदालत में पेश करने पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# प्रत्याशी मुस्कान बानो कुरैशी के चुनाव कार्यालय का शुरभारंभ

तेज. रिपोर्टर | भादरा



सोमवार सांय को कांग्रेस पार्टी को वार्ड 32 की प्रत्याशी मुस्कान बानो कुरैशी के चुनावी कार्यालय का शुभारंभ विधिवत रूप रिबन काट कर किया। कार्यालय का शुभारंभ पूर्व विधायक बलवान पुनिया, पीसीसी सदस्य व भामाशाह रफीक हाजी दाऊद, पूर्व चेयरमैन रहीशा बानो, इमरान कुरैशी, प्रत्याशी मुस्कान बानों वार्डवासियों की मौजूदगी में हुआ। इस मौके पर पूर्व विधायक बलवान पुनिया ने वार्डवासियों से आग्रह किया की मुस्कान बानो को अधिक से अधिक मतों से विजय बनाकर पूर्व चेयरमैन हाजन बतूल वालों को सच्ची श्रद्धांजलि दें। प्रत्याशी मुस्कान कुरैशी ने कहां की राजनीति मुझे विरासत में मिली है। मेरे दादाजी मरहूम हाजी दाऊद खा कुरैशी का सपना था कि भादरा को एक विकसित नगर बनाएं, इसका चहुमुखी विकास करवाए मगर उनका समय से पहले इंतकाल होने से यह सपना अधूरा रह गया। वही सपना पूरा करने के लिए मैं आप सबके मध्य आई हूं। आप सब मुझे आशीर्वाद प्रदान कर भारी मतों से विजय बनाए ताकि भादरा का रुका हुवा विकास हो सके, हाजी साहब का अधूरा सपना पूरा हो सके। इस मौके पर आरएमडी ग्रुप के सभी पार्षद, वार्डवासी, मातृशक्ति व सर्व समाज के नागरिक उपस्थित रहे। गौरतलब है मुस्कान के दादा-दादी भी भादरा के चेयरमैन रह चुके है।

## तहसीलदार मोनिका बंसल ने किया निरीक्षण

भादरा। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गदरा का निरीक्षण तहसीलदार भादरा मोनिका बंसल द्वारा किया गया। केंद्र में दवा वितरण, ओपीडी, आईपीडी, महिला वार्ड, लेबर वार्ड, पुरूष वार्ड, कोल्ड चैन स्टोर, हीट वेव हेतु आरक्षित वार्ड, लैब की व्यवस्थाएं देखी। मौके पर 3 कार्मिक अनुपस्थित पाये गए, जिनके विरुद्ध कार्यवाही के लिए पी.एच.सी.प्रभारी को निर्देशित किया गया। स्वास्थ्य केन्द्र में व्हीलचेयर नहीं थी, कूलर पर्याप्त नहीं पाये गए, शौचालय एवं स्टोर रूम में साफ सफाई भी उचित नहीं थी, उपरोक्त कमियों को दुरुस्त करने के लिए पी. एच.सी.प्रभारी को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही प्रगतिरत जल जीवन मिशन के तहत भनाई, गदरा व ढ़ाका योजनाओं एवं पेयजल आपूर्ति की जांच भी की गई। साथ में रामानंद पूनियां अतिरिक्त आफिस कानूनगो व राजेन्द्र बिजारणियां पटवारी उपस्थित रहे।

# सडक निर्माण के लिए आये पत्थर राजनीतिक द्वेषता के कारण वापिस उठाने के आरोप

**जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण मंत्री को लिखा पत्र**

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

सादुलशहर पंचायत समिति जोन 15 की डायरेक्टर मंजूबाला की अगुवाई में मुख्यमंत्री भजनलाल एवं सार्वजनिक निर्माण मंत्री, उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी को पत्र लिखकर ग्राम पंचायत नूरपुरा से ग्राम पंचायत करड़वाला को जोड़ने वाली तथा ग्राम पंचायत खैरूवाला से टाकों की ढाणी चक 16- पीटीपी को जोड़ने वाली अधूरी सड़क का निर्माण पुनः चालू करवाये जाने की मांग की है। चारों ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों नूरपुरा सरपंच सुखविंद्रकौर सिंगल, करडवाला सरपंच सुखजीतकौर मान, खैरुवाला सरपंच शमशेर अली हांस, जोन 14 के डायरेक्टर मघाराम, जोन 13 डायरेक्टर ज्योति, उप सरपंच बलविंद्रसिंह, ओमप्रकाश नायक, रेशमादेवी, जल उपयोक्ता संगम अध्यक्ष सुनील कुमार, एडवोकेट साहिल गोदारा, मनोज सहारण, गुरमीत सिंह रामगढ़िया, रिंकू खाम्बरा, नूरनबी मौलवी, कश्मीरी लाल सिंगल, हरपाल सिंह मान राजकुमार श्रवण आदि ने बताया कि पूर्व विधायक जगदीश चन्द्र जांगिड़ के कार्यकाल में उनके प्रयासों से तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की कांग्रेस सरकार के बजट घोषणा वर्ष 2023-24 में ग्रामीण सड़क व मिसिंग लिंक योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत नूरपुरा ढाणी से लेकर ग्राम पंचायत करड़वाला तक की लगभग साढे 3 किलोमीटर दूरी की सडक व ग्राम पंचायत खैरूवाला से टाकों की ढाणी चक 16 पीटीपी तक की 4 कि.मी. की सड़क सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत की गई थी। जिसकी निविदा प्रक्रिया पूर्ण



होने के उपरांत दोनों सडकें अलग-अलग ठेकेदारों को निर्माण के लिए वर्क आदेश जारी कर दिये गये। वर्क आदेश जारी होने के उपरांत दोनों सड़कों पर ठेकेदारों द्वारा रास्ते पर मिट्टी वगैरा डाल दी।पत्थर आदि सामग्री भी भी आ गयी थी। रास्ते में आने वाली पुलियों का निर्माण भी हो गया था।सड़क बनने वाले रास्तों पर जिन काश्तकारों द्वारा अतिक्रमण किया गया था, वह भी विभाग द्वारा उपखण्ड कार्यालय सादुलशहर द्वारा हटवा दिया गया था। तत्कालीन राज्य सरकार द्वारा भी उक्त सड़कों की निर्माण राशि जारी कर वित्तीय तकनीकी से स्वीकृतियां जारी कर दी गई थीं। पत्र में बताया कि वर्तमान में उक्त सडक पर आये हुए पत्थर राजनीतिक द्वेषता के कारण वापिस उठा लिये गये हैं। सड़क निर्माण करने वाले मजदूर वो भी चले गये हैं। उक्त सड़क पर आने वाले सभी काश्तकार अलग-अलग राजनीतिक दलों से संबंध रखते हैं,लेकिन गुटबाजी व कमीशनखोरी के कारण उक्त दोनों सड़कों का निर्माण सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा रोक दिया गया है। जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने उक्त सड़कों के निर्माण की मांग की है। उधर,सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता रमेश सुथार का कहना है कि इन सड़कों का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। आदर्श आचार संहिता के चलते बजट राशि उपलब्ध नहीं हो पाई थी। इसके चलते निर्माण कार्य में थोड़ा विलंब हुआ है। अभी कुछ बजट आया है और बाकी आना हैं। जल्द ही दोनों सड़कों का निर्माण शुरु करवा दिया जाएगा।

# सीमित परिवार के लिए योग्य दंपतियों से किया जाएगा सम्पर्क

**» मोबिलाइजेशन पखवाड़ा 27 जून से 10 जुलाई तक, सेवा प्रदान पखवाड़ा 11 से 24 तक**

हनुमानगढ़। विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने जागरुकता कार्यक्रम की शुरुआत कर दी है। यह दिवस दो चरणों में दो पखवाड़ों के माध्यम से मनाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि सीमित परिवार और बच्चों में अंतराल रखने के प्रति जागरुकता करने के लिए मोबिलाइजेशन पखवाड़ा 27 जून से 10 जुलाई और सेवा प्रदान पखवाड़ा 11 से 24 जुलाई तक मनाया जाएगा। जिला एवं ब्लॉक स्तर पर आयोजित प्रचार-प्रसार (आईईसी) गतिविधियों में विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दम्पत्ति की शान थीम का उपयोग किया जाएगा। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ज्योति धींगड़ा ने बताया कि प्रथम पखवाड़ा 27 जून से 10 जुलाई तक मोबिलाइजेशन पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा। मोबिलाइजेशन पखवाड़े के तहत स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की ओर से अपने क्षेत्र में अलग-अलग गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इनकी ओर से योग्य दंपतियों से संपर्क कर सीमित परिवार के लाभ, पहले व दूसरे बच्चे में कम से कम तीन साल का अंतर, अंतरा गर्भनिरोधक इन्जेक्शन, परिवार कल्याण सेवाएं और पुरुषों की परिवार नियोजन में सहभागिता पर विस्तृत रूप से चर्चा की जाएगी। डॉ. ज्योति धींगड़ा ने बताया कि दूसरा पखवाड़ा 11 से 24 जुलाई तक सेवा प्रदान पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा। इसके तहत जिला एवं ब्लॉक स्तर पर परिवार विकास मेलों का आयोजन कर परिवार कल्याण साधनों का प्रदर्शन होगा। यहां आने वाले लोगों को परिवार कल्याण साधनों की उपलब्धता पर परामर्श दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि परिवार नियोजन के प्रचार के लिए विभाग ने नारा भी जारी किया है। इस थीम पर पूरे पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। आईईसी गतिविधियों में विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दम्पत्ति की शान स्लोगन का उपयोग किया जाएगा। इन परिवार विकास मेलों में जिला एवं स्थानीय जनप्रतिधियों को भी आमंत्रित किया जाएगा।

## श्रीगंगानगर में तीन मोटरसाइकिल चोरी

**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर शहर में एक बार फिर मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों में इजाफा होने लगा है। बीते 24 घंटे के दौरान तीन मोटरसाइकिल चोरी हो जाने की घटनाएं सामने आई हैं। सदर थाना में पंचवटी कॉलोनी निवासी भीमसेन ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि आनंद विहार कॉलोनी से 23 जून को उसकी मोटरसाइकिल चोरी हो गया। इसी प्रकार हनुमान नगर निवासी प्रमोद ने टिकट दिवस हनुमाननगर से ही उसकी मोटरसाइकिल चोरी हो जाने की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। जवाहर नगर थाना में नरेश पुत्र बिहारीलाल ने 13 जून को हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में उसके घर के पास से ही मोटरसाइकिल चोरी हो जाने की रिपोर्ट दर्ज करवाई है।इस बीच कोतवाली इलाके में हरमिलापी मंदिर के पास भी सरेआम एक मोटरसाइकिल चोरी हो जाने की घटना सामने आई है, जिसका अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ।

# प्यासों को पानी पिलाना ही सच्ची मानव सेवा

**» एक माह तक जलसेवा करने वाले विनोद चोटिया, राकेश मल्होत्रा व अजय असीजा का किया सम्मान**

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



एक माह तक शहर के हृदयस्थल शहीद भगतसिंह चौक पर एक सिपाही की तरह तैनात रहकर जलसेवा करने वाले विनोद चोटिया, राकेश मल्होत्रा व अजय असीजा का आभार प्रकट करने के लिए भटनेर किंग्स क्लब की ओर से सम्मान समारोह रखा गया। बेबी हैप्पी मॉडर्न पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में बेबी हैप्पी एजुकेशन ग्रुप के डायरेक्टर तरुण विजय, भटनेर किंग्स क्लब संरक्षक आशीष विजय, अध्यक्ष कुलभूषण जिन्दल सहित क्लब सदस्यों ने विनोद चोटिया, राकेश मल्होत्रा व अजय असीजा का राजस्थानी साफा व माला पहनाकर तथा स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान करते हुए उनकी ओर से दी गई सेवाओं की सराहना की। बेबी हैप्पी एजुकेशन ग्रुप के डायरेक्टर तरुण विजय ने कहा कि कहा जाता है कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। इस तरह यदि आपने गर्मी में किसी प्यासे व्यक्ति को पानी दे दिया तो उससे बड़ा पुण्य का काम कोई और हो नहीं सकता। प्यासों को पानी पिलाना ही सच्ची मानव सेवा है। क्लब सदस्य विनोद चोटिया, राकेश मल्होत्रा व अजय असीजा ने यह सेवा बखूबी की और भीषण गर्मी में एक माह तक राहगीरों की प्यास बुझाने का काम किया। भटनेर किंग्स क्लब संरक्षक आशीष विजय व अध्यक्ष कुलभूषण जिन्दल ने बताया कि पिछले दिनों प्रचण्ड गर्मी में शहर का तापमान 45 से 50 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। गर्मी में जरूरी काम के चलते घर और ऑफिस से बाहर निकलने वाले लोग लू के थपेड़ों से बेचैनी महसूस कर रहे थे। ऐसे में शीतल जल की जरूरत हर किसी को महसूस हुई। बैग में पानी की बोतल लेकर घूमने वाले भी ठंडे पानी के लिए तरसते नजर आते थे। उनके लिए क्लब ने शहर के हृदयस्थल पर अस्थाई प्याऊ शुरू कर भीषण गर्मी में परेशान लोगों के हलक तर किए। क्लब सदस्यों विनोद चोटिया, राकेश मल्होत्रा व अजय असीजा ने बिना थके एक माह तक प्याऊ पर सेवाएं दी। इन्हीं के सहयोग से प्याऊ के माध्यम से राहगीरों को ठंडा जल उपलब्ध करवा जा सका। उन्होंने आश्वस्त किया कि सामाजिक सरोकारों में सेवा की यह मूहिम यूं ही चलती रहेगी। इस मौके पर सतनाम सिंह, पवन अग्रवाल, आशीष गौतम, विशाल मुदगिल, दारासिंह, गुरप्रीत सिंह, हरीश दफ्तरी, इन्द्र सिंधी, संजय कौशिक, गणेश गिल्होत्रा, सचिन कौशिक, अमनदीप सिंह, कपिल गोयल, रौनक विजय, पवन राठी, हरी चारण, कपिल सहारण, आशीष सक्सेना, डॉ. विनोद जाखड़, वीरेन्द्र पंवार, योगेश गुप्ता, मनीष अरोड़ा, साहिल खुंगर, मानसिंह, लक्की सिंधी, अजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

# दो देसी पिस्टल व दो जिंदा कारतूस बरामद

**» तीन युवक गिरफ्तार, एक बाइक बरामद, टाउन व गोगामेड़ी थाना पुलिस की कार्रवाई**

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



टाउन थाना पुलिस ने एक युवक को एक देसी पिस्टल जबकि गोगामेड़ी थाना पुलिस ने बाइक सवार दो युवकों को एक देसी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। इस संबंध में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज किए गए हैं। जानकारी के अनुसार टाउन पुलिस थाना के एएसआई सूरजभान के नेतृत्व में गठित टीम सोमवार देर रात्रि को गश्त कर रही थी। गश्त करते हुए पुलिस टीम टिब्बी रोड स्थित एसआरएम स्कूल से आगे रेलवे अण्डरब्रिज के पास नजदीक पहुंची तो वहां घूम रहे एक युवक की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत हुईं। शक के आधार पर पुलिस टीम ने युवक की तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक देसी कट्टा (पिस्टल) मिला। पुलिस ने अवैध पिस्टल बरामद कर मौके से मनीष कुमार (26) पुत्र विनोद कुमार जाट निवासी वार्ड 15, चक 13 केएसपी रोही मुण्डा को गिरफ्तार कर लिया। जांच शेरगढ़ पुलिस चौकी प्रभारी एएसआई अमीचन्द कर रहे हैं। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में एएसआई सूरजभान, कांस्टेबल सुशील कुमार व सुभाष चन्द्र शामिल रहे। इस कार्रवाई में डीएसटी हनुमानगढ़ की विशेष भूमिका रही। उधर, गोगामेड़ी पुलिस थाना के हैड कांस्टेबल गजानंद के नेतृत्व में गठित टीम सोमवार देर रात्रि को गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि बाइक सवार दो युवक संदिग्धावस्था में घूम रहे हैं। उनके पास अवैध हथियार हो सकता है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने नोहर से भादरा रोड पर गोगामेड़ी में निर्माणाधीन श्री गुरु गोरखाना भण्डारा सेवा समिति कैथल धर्मशाला के नजदीक नाकाबंदी शुरू की। नाकाबंदी के दौरान बाइक नम्बर आरजे 13 एनएस 3763 पर सवार दो जने पुलिस को देखकर घबरा गए और नाकाबंदी से कुछ दूरी पर बाइक रोककर उसे वापस मोडने का प्रयास किया। शक होने पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर बाइक सवारों को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान इनके कब्जे से एक देसी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने बाइक जब्त कर मौके से मनप्रीत सिंह (24) पुत्र चिमन सिंह रायसिख निवासी मियानी बस्ती पीएस सदर फाजिल्का पंजाब व राकेश कुमार (28) पुत्र पूर्णराम नायक निवासी वार्ड चार, सादुलशहर जिला श्रीगंगानगर को गिरफ्तार कर लिया। प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान थाना प्रभारी एसआई अजय कुमार की ओर से शुरू किया गया। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ पंजाब, हरियाणा, दिल्ली व राजस्थान में आयुध अधिनियम के तहत कई मुकदमे दर्ज हैं। इनमें एक जना सोपू गैंग का सक्रिय सदस्य है जो हथियार सप्लाई का काम करता था। इस कार्रवाई में जिला विशेष दल की विशेष भूमिका रही।

## अव्वल रहे विद्यार्थियों ने रैली में नाच गाकर मनाई खुशीयां



**तेज रिपोर्टर. हनुमानगढ़।** मंगलवार को जंक्शन के पुलकित एंजेल्स स्कूल में कक्षा 5वी, 8 वीं, 10वीं व 12वीं में अव्वल रहे बच्चों का विद्यालय प्रागंण में स्वागत व अभिनंदन किया। जिसके पश्चात रैली निकाली गई। विद्यालय संस्थापक राजेश मिड्ढ़ा ने बताया कि बोर्ड की परीक्षाओं में बेटियां अव्वल स्थान पर रही है। बेटियों ने हनुमानगढ़ का गौरव तो बढ़ाया है साथ ही साथ विद्यालय को भी गौरान्वित किया है। रैली विद्यालय से प्रारम्भ होकर शहर के मुख्य मुख्य मार्गो से होती हुई दोपहर को विद्यालय में समपन्न हुई। मनीष अरोड़ा ने बताया कि उक्त परीक्षा परिणाम विद्यालय स्टॉफ व विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। विद्यार्थियों ने रैली में नाचगाकर खुशी मनाई। जगह जगह मौहल्लेवासियों व बच्चों के परिजनों द्वारा स्वागत किया गया। इस मौके पर राजेश मिड्ढा मनीष अरोड़ा मानसिंह खींची सुरेश शर्मा मनदीप सिंह ध्रुव गुप्ता जगसीर सिंह आत्माराम मौजूद थे।

## सॉफ्ट टॉयज मेकर एण्ड सेलर प्रशिक्षण सम्पन्न



**हनुमानगढ़।** जंक्शन स्थित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में चल रहे सॉफ्ट टॉयज मेकर एण्ड सेलर प्रशिक्षण का समापन मंगलवार को हुआ। कार्यक्रम अध्यक्ष आरसेटी निदेशक प्रेमसिंह पथरी ने कहा कि सॉफ्ट टॉयज मेकर एण्ड सेलर का व्यवसाय महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने का अच्छा मार्ग है। महिलाएं घर बैठकर अपना व अपने परिवार का भरण-पोषण इस व्यवसाय से कर सकती हैं। उन्होंने बताया कि 13 दिवसीय प्रशिक्षण में 35 प्रशिक्षणार्थियों ने हिस्सा लिया। डीएसटी मनप्रीत कौर की ओर से प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का मूल्यांकन जयपुर से आए डोमेन एस्सेसर रीना शर्मा व भंवर लाल स्वामी की ओर से किया गया। इस मौके पर अनुदेशक मुकेश कुमार, अनिल राठौड़, कार्यालय सहायक गणेश राम, रितिक अरोड़ा, सूरज, विकास मौजूद थे।

## नशा मुक्ति केन्द्र में कार्यक्रम आज

**हनुमानगढ़।** अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के मौके पर बुधवार को जंक्शन में बाइपास मार्ग स्थित नवजीवन नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र में जन चेतना, जनजागृति एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सुबह सवा दस बजे आयोजित होने वाले कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कलक्टर कानाराम करेंगे।

मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान होंगे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा, समाज कल्याण अधिकारी सुरेन्द्र, पूर्व प्रधान दयाराम जाखड़, डॉ. मनीष सिंगला व डॉ. रघुवीर सोनी को आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी केन्द्र निदेशक दलीपसिंह शेखावत ने दी।

# नशा मुक्त जिला अभियान की कार्ययोजना तैयार

**जल्द होगी जारी, प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी होगी सुनिश्चित**



तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

जिले में नशे की प्रवृति पर रोकथाम के लिए जिला कलेक्टर कानाराम के निर्देशन में नशा मुक्त जिला अभियान की विस्तृत कार्ययोजना तैयार हो गई है। इसे शीघ्र ही जारी किया जाएगा। इसमें जिले के प्रत्येक व्यक्ति, गैर सरकारी संस्था, राजकीय विभाग की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। जिला कलक्टर कानाराम की अध्यक्षता में मंगलवार को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिले की कार्ययोजना पर समीक्षा बैठक हुई। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों से कहा कि अपनी-अपनी कार्ययोजना को लेकर कार्य करना शुरू करें। आमजन से संवाद करें, ताकि अभियान से प्रत्येक परिवार जुड़े और नशे को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही हम चुनौती को पार कर सकेंगे। बैठक में जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुसुनीता चौधरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीलम चौधरी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक सुरेंद्र कुमार पूनियां सहित सभी विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

# भाजपा ने काला दिवस के रूप में मनाई आपातकाल की बरसी

**» संगोष्ठी के जरिए दी आपातकाल के दौरान हुए अत्याचारों और दमन की जानकारी**



तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

25 जून 1975 को कांग्रेस की इंदिरा गांधी सरकार की ओर से देश में आपातकाल लगाने की बरसी को मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की ओर से काला दिवस के रूप में मनाया गया। इसके तहत जंक्शन स्थित भाजपा जिला कार्यालय में संगोष्ठी आयोजित कर आपातकाल के दौरान हुए अत्याचारों और दमन की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश मंत्री विजेन्द्र पूनिया, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र पारीक, विधानसभा प्रत्याशी रहे अमित सहू, पूर्व विधायक गुरदीप सिंह शाहपीनी, जुगल किशोर गौड़, विकास गुप्ता आदि मौजूद रहे। प्रदेश मंत्री विजेन्द्र पूनिया ने बताया कि आपातकाल के दौर में तानाशाही रवैया अपनाया गया। जनता और विपक्ष के लोगों को कितनी यातनाएं दी गई। आज की पीढ़ी को भी जानकारी होनी चाहिए कि कैसी यातनाओं के लिए बीच लोकतंत्र की लड़ाई लड़ी गई। भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र पारीक ने बताया कि 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल घोषित किया था। आज भी उस दिन को काला दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि भाजपा ने इस दिन युवाओं, बुद्धिजीवियों व मातृशक्ति के लिए कार्यक्रम रखा है ताकि पता चले कि कांग्रेस के जो नेता आज संविधान-संविधान चिल्ला रहे हैं, अगर किसी ने संविधान का सबसे अधिक मान-मर्दन किया है तो वह कांग्रेस के नेता ही हैं। पारीक ने कहा कि राहुल गांधी संसद में संविधान की प्रतियां लहराते हैं लेकिन इस देश में चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त करने का, इस देश में आपातकाल लगाने का, विपक्ष के नेताओं को गिरफ्तार करने, नौजवानों के साथ अन्याय करने और इस देश को तोड़ने और बांटने का काम अगर किसी ने सबसे ज्यादा किया है तो वह कांग्रेस ने किया है। कांग्रेस का किस प्रकार का शासन रहा है वह जनता सब जानती है। कांग्रेस की हमेशा से तानाशाही रही है। इन्होंने कभी संविधान को समझा नहीं। संविधान का सबसे ज्यादा अपमान कांग्रेस व कांग्रेस के नेताओं ने किया है। इसकी जागरूकता के लिए ही यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

## राष्ट्रीय अधिवेशन 14 जुलाई को

**तेज रिपोर्टर. हनुमानगढ़।** राष्ट्रीय वाल्मीकि क्रांतिकारी मोर्चा की ओर से 14 जुलाई को जिला मुख्यालय पर राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है। जंक्शन के वार्ड 16 में कोर्ट रोड स्थित वाल्मीकि धर्मशाला में दोपहर 12 बजे आयोजित होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन में अतिथियों के रूप में उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा, विधायक गणेश राज बंसल, केबिनेट मंत्री दर्जा प्रताप करोसिया, मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगवत प्रसाद मकवाना, नगर परिषद सभापति सुमित रणवां, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र पारीक शिरकत करेंगे। राष्ट्रीय वाल्मीकि क्रांतिकारी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. शांतिलाल जावा के अनुसार राष्ट्रीय अधिवेशन में देश के विभिन्न प्रांतों से वाल्मीकि समाज की संभ्रात महिलाएं एवं पुरुष हिस्सा लेंगे। मंगलवार को मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. शांतिलाल जावा ने जिला कलक्टर और पुलिस अधीक्षक को पत्र सौंपकर जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, समाज कल्याण विभाग, अनुसुचित जाति/जनजाति वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड, नगर परिषद प्रशासन



आदि की कार्यक्रम में संबंधित व्यवस्थाओं के लिए सहभागिता सुनिश्चित करवाने के निर्देश प्रदान करने की मांग की।

# अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के उपलक्ष में संगोष्ठी आयोजित

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



टाउन यूथ वीरांगनाओं द्वारा आज अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के उपलक्ष में हनुमानगढ़ टाउन के नेहरू मेमोरियल चिल्ड्रन स्कूल पार्क में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर यूथ वीरांगना ऐशना ने कहा युवा नशे की गिरफ्त में आ चुका, नशा चाहे तंबाकू उत्पादों, शराब या अन्य मादक पदार्थो का हो नशा शरीर पैसा और भविष्य खराब कर देता है देश को समाज को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए सरकार के साथ साथ हम सब को इसमें सहयोग करना पड़ेगा। उन्होंने कहा नशीली चीजों और पदार्थों के निवारण के लिए प्रत्येक वर्ष 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाया जाता हैं। इसका उद्देश्य लोगों को नशे की बुरी आदत से छुटकारा दिलाना तथा उन्हें नशे से होने वाले दुष्प्रभाव से बचाना हैं। उन्होने कहा भारत में वैसे तो शराब, सिगरेट, तंबाकू का सेवन आजकल बहुत आम हो गया है, लेकिन इसके अलावा भी लोग अलग अलग तरह के नशे करते हैं, जिनमे शराब, अफीम, चरस, गांजा (भांग), हेरोइन व कोकेन जैसे घातक नशीले पदार्थ शामिल हैं. कुछ लोग तो दवाइयों का इस्तेमाल भी नशे के रूप में करते हैं, जिस कारण उनका सब कुछ नशे में खतम हो जाता है। आज युवा नशे कि गत में डूबता जा रहा है, इस लिये युवा को अपनी संगती,मित्र मण्डली व आस पास के लोग जो नशा करते हु उनसे दूर रहना चाहिए,युवाओं को खाली समय में खेलो से जोड़ना चाहिए ताकि वे नशे से दूर रह सके। इस मौके पर युथ वीरागना मीनाक्षी ने कहा कि नशे से लाखों घर परिवार बर्बाद हो गए हैं हम सब को इस दिवस को सफल बनाने के लिए आगे आना पड़ेगा, हमें प्रशासन, पुलिस प्रसाशन का भी सहयोग करना पड़ेगा, और नशा करने वाले को इसके नुकसान के बारे में बताना पड़ेगा तभी हमारा भारत नशा मुक्त हो सकता है। अन्त में युथ वीरागनाओं द्वारा युवाओ को नशा न करने कि शपथ दिलाई। इस मौके पर मीनाक्षी, रीमा, ऐशना,भावना मौजूद रही।

# पशु आहार के रुपए देने की बात कह बुलाकर मारपीट, छीने रुपए-चेन

**» केस दर्ज करवाने पर जान से मारने की दी धमकी**

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

पशु आहार के रुपए देने की बात कह गांव में बुलाकर मारपीट करने, सवा लाख रुपए से अधिक की नकदी से भरा छीनने व गले में पहनी सोने की चेन तोड़ने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पशु आहार विक्रेता ने डेयरी चलाने वाले दो भाइयों सहित तीन जनों के खिलाफ सदर पुलिस थाना में मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार सोनू कुमार (31) पुत्र वीरसिंह कुम्हार निवासी उमेवाला पीएस गोलूवाला ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि वह आनन्द कैटल फीड टीडी अरोड़ा फीड मिल में एएसएम सेल्स मैनेजर की पोस्ट पर कार्य करता है। साथ में मार्केटिंग का कार्य भी करता है। गोलूवाला मण्डी में उसकी श्री श्याम पशु आहार कैटल फीड की दुकान है। उसने गांव भांभूवाली ढाणी निवासी रमन ज्याणी को उधार में कैटल फीड बेचा था। 11 जून को उसके पास रमन ज्याणी का फोन आया और बोला कि उसकी दुकान का जो भी हिसाब है वह उसके पास आकर पैसे ले जाए। इस पर वह भांभूवाली ढाणी में रमन ज्याणी की डेयरी पर पहुंचा। वहां रमन ज्याणी, उसका बड़ा भाई व विक्रम गोदारा निवासी अयालकी मिले। तीनों ने पहले उसे दुकान में बैठा कर हिसाब पूछा। बाद में वे उसे पीछे मकान में ले गए। दोनों भाइयों और विक्रम गोदारा ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। उसका बैग छीन लिया। बैग में कम्पनी के 1 लाख 30 हजार रुपए थे जो लोकेश ट्रेडिंग कम्पनी हनुमानगढ़ को देने थे। तीनों ने बैग से रुपए निकाल लिए और उसके गले में पहनी सोने की चेन भी तोड़ कर निकाल ली। कपड़े फाड़ दिए। हाथ में पहनी अंगूठी निकालने का प्रयास किया लेकिन नहीं निकली। तीनों ने उसे धमकी दी कि अगर उसने पुलिस थाना में जाकर केस दर्ज करवाया तो वे उसे जान से मार देंगे। पुलिस ने मारपीट व छीनाझपटी के आरोप संबंधी धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान एएसआई लालचंद के सुपुर्द किया है।

## रुपए व एटीएम छीनकर हुए फरार

**» दो अज्ञात जनों ने दिया वारदात को अंजाम**

**हनुमानगढ़।** दो अज्ञात व्यक्ति सड़क किनारे खड़े एक युवक की जेब में रखे पर्स से नकदी व एटीएम कार्ड निकालकर भाग गए। वारदात टाउन में रेलवे स्टेशन के नजदीक हुई। इस संबंध में टाउन पुलिस थाना में दो अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पुलिस के अनुसार लीलाधर (24) पुत्र भैराराम बावरी निवासी कुम्हारांवाली ढाणी पीएस रावतसर ने मुकदमा दर्ज करवाते हुए बताया कि वह सोमवार को अपने घर से हनुमानगढ़ टाउन के राजकीय जिला चिकित्सालय में दवाई लेने के लिए आया हुआ था। वह चिकित्सालय से दवाई लेने के बाद टिब्बी रोड स्थित रेलवे स्टेशन के सामने रोड पर अपने किसी जानकार का इंतजार कर रहा था। उसी दौरान उसके पास दो अज्ञात व्यक्ति आए और कहा कि तुम नशा बेचते हो, वे उसकी तलाशी लेंगे। इनमें से एक व्यक्ति ने उसे पकड़ दिया और दूसरे ने उसकी जेब से पर्स निकाल लिया। पर्स में से करीब 4500 रुपए व एक एटीएम कार्ड निकाल कर दोनों जने वहां से भाग गए। प्रकरण में अनुसंधान हैड कांस्टेबल मनीष बिश्नोई कर रहे हैं।

# धर्मशाला का मुख्य द्वार, चारदीवारी तथा गार्ड कक्ष बनाने का निर्णय

**» श्री सैन समाज समिति जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक सम्पन्न**

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



सैन समाज समिति जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक मंगलवार को जंक्शन की श्री सैन धर्मशाला में आयोजित हुई। समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश जाखड़ की अध्यक्षता में आयोजित बैठक का मुख्य एजेंडा समिति के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए समाज का विकास कार्यों को सम्पादित करवाया जाना था। बैठक में धर्मशाला का मुख्य द्वार, चारदीवारी तथा गार्ड कक्ष बनाने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। इस संबंध में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मुख्य द्वार, चारदीवारी व गार्ड कक्ष का निर्माण करवाया जाए। दरवाजे का डिजाइन तैयार करवा कर व अनुमानित लागत का ब्यौरा तैयार कर आगामी बैठक में प्रस्तुत करने, तदोपरांत लागत राशि के संबंध में चंदा एकत्रित कर द्वार बनाने, द्वार के साथ ही चारदीवारी व गार्ड कक्ष का निर्माण करवाए जाने का निर्णय लिया गया। ओमप्रकाश जाखड़ ने बैठक में मौजूद कार्यकारिणी व समाज के नागरिकों से हर बैठक में उपस्थित होने का आह्वान किया। बैठक में समिति सचिव कृष्ण गहलोत, उपाध्यक्ष विजय जाखड़, कोषाध्यक्ष संजय सैन, संगठन मंत्री सत्यनारायण सैन, विजय गहलोत, प्रवीण सैन, पवन सैन, बनवारी लाल, सुभाष गहलोत, श्याम लाल, छगनलाल सैन, भगतराम, कुलदीप सैन, भगवाना राम, बलवन्त सिंह, डॉ. भानीराम, जगदीश सैन, विनोद सैन, सोहनलाल खटोड़, सोहन सिंह, पवन गहलोत, रमन कुमार, परमेन्द्र जाखड़, राधेश्याम आदि मौजूद थे।



# देईदास की ढाणीयों में पेयजल आपूर्ति नहीं होने से लोगों को मजबूरन टैंकरों से पानी लेना पड़ रहा

तेज. सादुलपुर | मदनमोहन



थालड़का। ग्राम पंचायत देईदास कि रोही में बनीं दो ढाणीयों में पेयजल पहुंचाने के लिए वर्ष 2014 में पूर्व विधायक अभिषेक मटोरिया द्वारा पेयजल पाइपलाइन 2 इंची डलवा दी थी ।इस पेयजल पाइपलाइन का कनेक्शन वार्ड नंबर 10 से जुड़ा हुआ है। इस पाइपलाइन में मात्र दो कनेक्शन थे। रामजीलाल कड़वासरा और महेंद्र खाती था। मगर अब वर्तमान में इस पेयजल पाइप लाइन में बहुत ज्यादा अवैध कनेक्शन हो चुके हैं जिसके कारण अंतिम छोर की ढाणीयों में पेयजल नहीं पहुंच रहा है। ढाणीयों के ग्रामीण रामजीलाल कड़वासरा और महेंद्र खाती आदि ने बताया कि पानी की समस्या को लेकर के जलदाय विभाग नोहर के सहायक अभियंता राम प्रताप सिहाग को अवगत करवाया तो उन्होंने लोकेशन मांगी थी हमने लोकेशन का वीडियो बनाकर के भिजवा दिया मगर सहायक अभियंता राम प्रताप सिहाग को द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया और ना ही मौका देखने आए इसके बाद में हमने सरकार के टोल फ्री नंबर 181 पर शिकायत दर्ज करवा दी। तो वापसी 181 से कॉल आई कि जल्दी विभाग नोहर द्वारा बताया जा रहा है कि ढाणीयों में पानी पहुंच रहा है तो शिकायतकर्ता ने कहा कि हम इसे असंतुष्ट है। क्योंकि हमारे यहां पानी पहुंची नहीं रहा है। इस बाद में जिला कलेक्टर हनुमानगढ़ को पत्र देकर के अवगत करवाया कि हमारे ढाणीयों में पिछले तीन-चार महीना से पेयजल की समस्या बनी हुई है। मगर आज तक इस समस्या का समाधान नहीं हुआ है। लोगों को बहुत ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किशन गर्मी में लोगों को अटैकरों से पानी मंगवाना पड़ रहा है एक टैंकर का लगभग 600 से 800 तक लगते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जल्दी ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उच्च अधिकारियों को अवगत करवा करके बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। इधर महेंद्र सिंह राठौड़ जेईयन जलदाय विभाग नोहर से बात कि तो उन्होंने कहा कि मेरे पास में शिकायत आई थी वहां पर पुरानी दो इंची पाइपलाइन डाली हुई है उसमें कोई गौशाला का कोई कनेक्शन कर दिया जिसकी वजह से पानी नहीं पहुंच रहा है और वहां के ढाणीयों के लोगों की मांग है कि हमारे 4 इंच पाइप लाइन और डाल दी जाए तो हमारे पानी की समस्या नहीं रहेगी मौका देखकर के समस्या का समाधान जल्दी ही किया जाएगा।

# पीएनबी में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन



तेज. रिपोर्टर | हनुमानगढ़

पंजाब नैशनल बैंक, मण्डल कार्यालय, श्रीगंगानगर के संयोजन में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की छमाही बैठक पीएनबी के मण्डल कार्यालय, श्रीगंगानगर में आयोजित की गई। समिति के अध्यक्ष सुधीर कुमार, मण्डल प्रमुख पंजाब नैशनल बैंक ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सभी उपस्थित कार्यालय प्रमुखों का आवाहन किया किया कि वे राजभाषा नीति को लागू करने हेतु अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करें। नराकास सचिव रोशन लाल चायल, वरिष्ठ प्रबन्धक (राजभाषा) ने उपस्थित सदस्यों को भारत सरकार की राजभाषा नीति के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी तथा वार्षिक कार्यक्रम 2024-25 के लक्ष्य प्राप्त करने का आह्वान किया उत्तरी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, दिल्ली से सहायक निदेशक नरेंद्र सिंह मेहरा मुख्य अतिथि के रूप में ऑनलाइन जुड़े। उन्होने सभी कार्यालयों के रिपोर्ट्स की छः माही समीक्षा करते हुए सभी कार्यालयों से रिपोर्ट्स समय पर एवं ऑनलाईन प्रेषित करने हेतु उचित दिशा-निर्देश दिए। बैठक में केन्द्रीय पशु प्रजनन केंद्र सूरतगढ़ से संयुक्त आयुक्त वीके पाटिल, भारतीय कपास निगम लिमिटेड, श्रीगंगानगर से महाप्रबंधक, मोहित शर्मा, डाक विभाग के अधीक्षक सीता राम खत्री, आकार अधिकारी सतीश माहेश्वरी, केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य राजेश धवन सहित केंद्र सरकार के विभिन्न कार्यालयों, सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों, निगमों एवं बीमा कंपनियों के अधिकारियों ने भाग लिया।

# 158 मरीजों की आंखों की नि:शुल्क जांच

तेज. रिपोर्टर| पीलीबंगा



शाह सतनाम जी जनरल हॉस्पिटल श्री गुरुसर मोडिया में मंगलवार को निशुल्क नेत्र रोग जांच व ऑपरेशन कैंप में 158 मरीजों की आंखों की नि:शुल्क जांच हुई। स्वास्थ्य मार्गदर्शन गुरुसेवक इंसा ने बताया कि इस शिविर में आंखों की समस्त बीमारियों की अत्याधुनिक मशीनों से विशेषज्ञ चिकित्सक डा.गीतिका गुलाटी ने नेत्र रोग संबंधी सेवाएं देते हुए बताया कि नेत्र हमारे शरीर का महत्वपूर्ण अंग है, इसलिए हमें इनकी देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। समय-समय पर अपने आंखों की जांच करवानी चाहिए।डॉक्टर्स की टीम द्वारा नि:शुल्क जांच करते हुए सफेद मोतिया के 39 मरीजों का चयन निशुल्क ऑपरेशन के लिए हुआ। इससे पहले अपना पंजीयन करवाने को लेकर हॉस्पिटल में मरीजों की खासा भीड़ रही।

# ब्लॉक में रिक्त आशा सहयोगिनी पद पर आवेदन होंगे

**तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा।** ब्लॉक में रिक्त आशा सहयोगिनी पद पर आवेदन होंगे।बीसीएमओ डॉ.मनोज अरोड़ा ने बताया कि पीलीबंगा ब्लॉक के आंगनबाड़ी केंद्र लौंगवाला (बी) गोलूवाला सिंहागान (बी), 38 एलएलडब्ल्यू (बी) डबलीबास पेमा (ए) लिखमीसर (ए) एवम गोलूवाला सिंहागान (डी) के आंगनबाड़ी केदो के आशा सहयोगिनी पद पर आवेदक 1 जुलाई से 12 जुलाई तक व्यक्तिगत अथवा रजिस्टर्ड डाक से आवेदन खंड मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय को भिजवा सकते है, वही इन रिक्त पदों की संख्या तथा पात्रता आदि की जानकारी कार्यालय से प्राप्त करते हुए संबंधित से रिक्त पदों पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

# लॉयन्स क्लब उड़ान में मोदी अध्यक्ष



**तेज रिपोर्टर. श्रीगंगानगर।** लॉयन्स क्लब उड़ान में समाजसेवी अनिल मोदी को वर्ष 2024-2025 के लिए अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया है। श्री मोदी को यह दायित्व क्लब के जोन चेयरमैन एमजेएफ रामचन्द्र मोदी ने सौंपा है। जोन चेयरमैन रामचन्द्र मोदी ने बताया कि क्लब की कार्यकारिणी की बैठक में सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सर्वसम्मति से अनिल मोदी को अध्यक्ष चुना गया। इसके बाद जोन चेयरमैन ने नवनियुक्त अध्यक्ष को क्लब के नियमानुसार शपथ ग्रहण करवाई। नवनियुक्त अध्यक्ष अनिल मोदी ने कहा कि क्लब के सभी पदाधिकारियें एवं सदस्यों के सामूहिक प्रयासों से इस वर्ष में पौधारोपण, जल बचत एवं ग्रामीण क्षेत्र से कुरीतियां मिटाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। पूर्व अध्यक्ष प्रमोद जिंदल सहित अन्य पदाधिकारियों ने इस मनोनयन पर खुशी जताई है।

# श्री अरोड़वंश सभा की बैठक आज

**तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा।** श्री अरोड़वंश सभा की एक विशेष बैठक बुधवार को होगी।संस्था महासचिव अजय मिढ़ा के अनुसार यह बैठक सभा अध्यक्ष रैमल दास मरेजा की अध्यक्षता में निर्माणधीन श्री अरुट जी महाराज चौक के उद्घाटन एवम धर्मशाला में निर्माण कार्य विकास सहित अन्य बिंदुओं पर विचार विमर्श के संबंध में रखी गई है।बैठक का समय बुधवार प्रातः 10.30 बजे से श्री अरोड़वंश धर्मशाला में होगी।

# चार दिवसीय शिव कथा का समापन

तेज. रिपोर्टर| सूरतगढ़ थर्मल

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा चार दिवसीय भगवान शिव कथा का आयोजन बिशनोई मंदिर प्रांगण में किया गया। कथा के अंतिम दिन में धर्म प्रेमी श्रद्धालुओं की इस अवसर पर भारी भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने बड़े ही उत्साह पूर्वक उमंग के साथ शिव कथा का श्रवण किया। सर्व आशुतोष महाराज की शिष्या कथा व्यास साध्वी सुश्री सुहासिनी भारती ने शिव विवाह का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान शिव का यह अदभूत श्रृंगार रहस्यात्मक है। भगवान शिव के तन पर लगी भस्म मानव तन की नश्वरता की ओर संकेत है। गले में धारण किए सर्प काल का प्रतीक है। उनके मस्तक पर लगा हुआ चन्द्रमा इस बात का प्रतीक है कि भगवान प्रकाश रूप है। भगवान शिव की बिखरी हुई जटाएं हमारे बिखरे मन का प्रतीक है। भगवान शिव की जटाओं से बहती हुई गंगा इंसान को अपने घट के अन्दर अमृत की प्राप्ति की और प्रेरित करती हैं।उनके हाथ में सजा डमरू यह बताता है कि जब एक पूर्ण संत का संग होता है तो ऐसा ही संगीतमय डमरू हमें अपने अन्दर ही सुनाई देने लग जाता है। साध्वी ने बताया कि विश्व में शांति केवल बह्यज्ञान से आ सकती है। बह्यज्ञान के द्वारा ही व्यक्ति अपने भीतर ही ईश्वर का साक्षात्कार कर सकता है। बह्यज्ञान केवल एक पूर्ण संत की शरण में जाकर ही प्राप्त हो सकता है। बह्यज्ञान का मतलब है कि ईश्वर को जान लेना। जब हर प्राणी ईश्वर का दर्शन कर लेगा तो उसका मन शांत हो जायेगा। और उसके जीवन की भाग दौड़ समाप्त हो जायेगी। जब धीरे-धीरे मानव शांत हो जायेगा तो विश्व भी शांत हो जायेगा। कथा का समापन विधिवत प्रभु की पावन आरती से किया।

# तीन दिवसीय राजयोग कैंप 28 जून से

तेज. रिपोर्टर| पीलीबंगा

ब्रह्मा कुमारीज आश्रम द्वारा तीन दिवसीय राजयोग शिविर 28 जून से प्रारंभ होगा। संस्थान द्वारा कस्बे में संचालित सद्भावना भवन संचालिका रानी बहन ने बताया कि शुक्रवार से रविवार तक प्रातः 5.30 बजे से 6.30 तक आयोजित इस राजयोग कैंप में प्रतिभागियों को जीवन में सदा सुख शांति एवं खुशी का आधार की सच्ची प्रेरणा देते हुए आपस में प्रेम से जीवन जीने की कला आर्ट ऑफ लिविंग भी सिखाई जाएगी। इस राजयोग शिविर में सभी के निन्शुल्क प्रवेश के साथ श्रेष्ठता पूर्ण एवं तनाव मुक्त जीवन जीने से जुड़ा हुई राजयोग साधना, प्राणायाम के साथ योगासन भी कराया जाएगा। यह राजयोग शिविर आगामी शुक्रवार से रविवार तक आयोजित होगा।

# मनरेगा श्रमिकों की उपस्थिति दर्ज करने में अनियमितता बरतने पर मेट को कार्य से हटाया

तेज. रिपोर्टर| पीलीबंगा

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी मनरेगा की एनएनएमएस ऐप पर मनरेगा श्रमिकों की उपस्थिति दर्ज करने में अनियमिता बरतने पर एक मेट को कार्य से हटाया गया है। ग्राम पंचायत दौलतावाली वीडीओ नरेश कुमार ने बताया कि ग्राम पंचायत दोलतावाली के मनरेगा कार्य रास्ता सुदृढ़करण एवं पौधारोपण कार्य पत्थर संख्या 33/347 से 33/353 इस पखवाड़े में चल रहा है।इस मनरेगा कार्य में कार्यरत मेट कैलाश द्वारा ऑनलाइन दर्ज उपस्थिति एवं अपलोड की गई फोटो में अंतर पाए जाने पर विकास अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी रविंद्र शर्मा ने आदेश जारी कर इस मेट को आगामी आदेशों तक कार्य से हटाया दिया है। बीडीओ रविंद्र शर्मा ने बताया कि पंचायत समिति टीम द्वारा मनरेगा कार्यो की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करते हुए कार्य पर कार्यरत श्रमिकों की उपस्थिति की सघनता से ऑनलाइन जांच एवम अपलोड होने वाले डाटा का निरीक्षण अभियान नियमित रूप से हरेक ग्राम पंचायत में चलाया जा रहा है।

# इतिहास दोहराता पाकिस्तान?

## इमरान खान के हालात जुल्फिकार अली भुट्टो की तरह। (कई प्रान्त स्वतंत्र होने की तैयारी में)

लेख | संजीव ठाकुर

स्तंभकार, चिंतक, वर्ल्ड रिकार्ड लेखक, रायपुर

इमरान खान को विभिन्न मामलों में आरोपी बनाकर लगभग 100 से ज्यादा आरोपों में अटक की जेल में सामान्य कैदियों की तरह रखा गया है, खैर यह तो होना ही था। पाकिस्तान का तो इतिहास ही रहा है कि उसके जितने अपदस्थ प्रधानमंत्री हुए हैं सब को जेल की हवा खानी पड़ी है। इमरान को भी इस बात को समझ जाना चाहिए था जिस तरह जुल्फिकार अली भुट्टो को जेल में कैद कर फांसी की सजा दे दी गई थी उसी तरह इमरान पर भी आरोप लगाकर पाकिस्तानी हुक्मरान जुल्फिकार की तरह का व्यवहार करने की तैयारी में है।

भारत और पाकिस्तान दोनों अंग्रेजों की दासता से 1947 मैं स्वतंत्र हुए थे। दोनों देश विकास की धारणाएं अलग-अलग बनाकर आगे बढ़े थे। भारत विकास और शांति के सोपानों में निरंतर आगे बढा, पंडित जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में भारत ने पंचवर्षीय योजनाओं के अंतर्गत नए-नए कल कारखाने और कृषि को प्राथमिकता देते हुए आत्मनिर्भर होने का प्रयास किया गया, और काफी हद तक सफल भी रहा है । पाकिस्तान ने विकास की जगह भारत को सदैव नीचा दिखाने का प्रयास किया ,विकास के नाम पर वहां केवल युद्ध और हिंसा को प्राथमिकता दी गई। पाकिस्तान के इतिहास में 18 प्रधानमंत्रीयों ने कभी अपना 5 साल का कार्यकाल पूरा नहीं किया। प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो को विभिन्न आरोप लगाकर फांसी की सजा दे दी थी। उसके बाद उनकी पुत्री बेनजीर भुट्टो की हत्या करवा दी गई ,नवाज शरीफ पर विभिन्न आरोप लगाकर लंदन में जाकर बसने को मजबूर कर दिया गया,बड़े दिनों वो वापस वतन लौटे है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ से पूरा देश नियंत्रण से बाहर है । अब शहबाज शरीफ़ दूसरी बार प्रधान मंत्री बनें हैं।इमरान की लोकप्रियता देखते हुए इमरान खान को को जेल में डाला जाना पूर्व नियोजित ही था। 9 मई को जो अराजक तत्वों ने सरकारी इमारतों की तोड़फोड़ की उसका सारा आरोप इमरान खान पर लगाते हुए उन्हें एक बार गिरफ्तार भी कर लिया गया है। अब स्थिति यह है कि पाकिस्तान में आवाम को रोटी, चावल और पेट्रोल, गैस जैसी जरूरी चीजों के लिए तरसना पड़ रहा है। पाकिस्तान में अभी गृह युद्ध जैसे हालात पैदा हो गए हैं। पाकिस्तान की सेना के जनरल मुनीर पाकिस्तान में इमरान खान को पूरी तरह नेस्तनाबूद करने में लगे हुए हैं। इमरान खान के सभी बड़े समर्थक नेता पार्टी छोड़कर भाग चुके हैं। महंगाई बेरोजगारी और अराजकता पाकिस्तान में चरम सीमा पर है। प्रधानमंत्री शरीफ के पास देश को बचाने के लिए धनराशि भी नहीं है और इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड ,सऊदी अरेबिया, चीन ने पाकिस्तान की मदद करने से हाथ ऊपर खड़े कर लिए हैं। पाकिस्तान में गृह युद्ध की आशंका को इनकार नहीं किया जा सकता ,ऐसे में पाकिस्तान में 1971 की तरह बांग्लादेश के निर्माण की कथा व्यथा और इतिहास को दोहराने की संभावना दिखाई दे रही है।

1971 में बांग्लादेश के बंगबंधु मुजीब उर रहमान ने गृह युद्ध की घोषणा कर भारत की मदद से पाकिस्तानी सेना का सामना कर पाकिस्तान को मजबूर कर दिया था और पाकिस्तानी सेना के 83000 जवानों ने जनरल नियाजी के नेतृत्व में भारत के जनरल अरोड़ा के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था इस तरह बांग्लादेश का पृथक से निर्माण हो पाया था। अब किसी तरह भी पाकिस्तान में फिर से गृह युद्ध होता है और मार्शल ला लगाया जाता है तो सिंध ,बलूचिस्तान और पाक अधिकृत काश्मीर के अलग होने की पूरी संभावना बन रही हैं वहां भी जनता पूरी तरह गृह युद्ध के तेवर में दिखाई देने लगी है। यदि ऐसा होता है तो पाकिस्तान के टुकड़े होने से कोई रोक नहीं सकता। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर 121 मुकदमें चलाए जा रहे हैं । पाक अधिकृत कश्मीर अलग स्वतंत्रत होने की पूरी तैयारी में है। दूसरी तरफ उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान ने आम जनता को दाल रोटी और चावल की कमी के कारण भूखमरी के हालात बन गए हैं पाकिस्तान के वर्तमान प्रधानमंत्री के सामने कई क्षेत्रों से चुनौतियां सामने आ रही हैं वह अपनी आवाम को खाना खिलाए या अपनी पुरानी उधारी का कर्ज कई देशों को वापस करें या फिर अपनी सेना को मार्शल ला लगाने से रोकें, शहबाज शरीफ अब पूरी तरह से लाचार दिखाई दे रहे हैं। उपरोक्त परिस्थितियों में पाकिस्तान का कोई भविष्य नजर नहीं आता है पाकिस्तान को वर्तमान स्थिति से उबरने के लिए आगामी 10 से 20 साल लग सकते हैं और यदि मार्शल ला लगता है तो निश्चित तौर पर पाकिस्तान के टुकड़े होने से पाकिस्तान रोक नहीं सकता है। पाकिस्तान बड़े देशों की तरफ देखकर निहार रहा है कि कोई उसकी मदद करने के लिए आगे आए परिस्थितियां ऐसी दिखाई नहीं दे रही है कोई बड़ा और समझदार देश पाकिस्तान के इन हालातों में उनकी मदद कर पाएगा। पाकिस्तान को खुद पाकिस्तान के हुक्मरानों ने अपने देश को इस विकराल परिस्थितियों में ढकेल दिया है। दूसरी तरफ भारत उसका पड़ोसी देश विकास की चरम सीमा पर है आज की आर्थिक स्थिति में भारत विश्व में पांचवें स्थान पर है सामरिक तौर पर भारत की सेना वैश्विक स्तर पर काफी मजबूत मानी जा रही है और भारत के प्रधानमंत्री की ल7 की इटली यात्रा से भारत को ग्लोबल लीडर बना दिया है। यदि दोनों देशों भारत और पाकिस्तान की तुलना करें तो भारत पाकिस्तान से कहीं आगे निकल गया है। अब पाकिस्तान में भयानक अराजक स्थिति बन गई है। पाकिस्तान के टुकड़े होने और वहां गृह युद्ध होने से उसे कोई चमत्कार ही बचा सकता है।

# पेपर लीक के बढ़ते मामले चिंता का विषय

बीते कुछ महीनों में देश में विभिन्न प्रतियोगी और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने और संदेह के घेरे में आने के मामले लगातार उजागर होते रहे हैं। निश्चित रूप से सुनहरे भविष्य की आस में रात-दिन एक करने वाले प्रतिभागियों के सपने चकनाचूर होने के समान तो है ही। वहीं इस तरह के मामलों से प्रतिभागियों का विश्वास व्यवस्था से उठ जाता है।



राजेश माहेश्वरी

मेडिकल परीक्षा की पुरानी प्रक्रिया में व्याप्त विसंगतियों को दूर करने के लिये लाई गई नई व्यवस्था भी अब सवालों के घेरे में है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और नीट के तहत परीक्षाओं की जो पवित्रता भंग की गई है, लाखों युवाओं के करियर और भविष्य अधर में लटके हैं, जिससे युवाओं और अभिभावकों में नाराजगी का माहौल है। नीट पेपर लीक मामले कीं पृष्ठभूमि में परीक्षा-माफिया सक्रिय है। सिर्फ पेपरलीक और सॉल्वर गैंग की ही साजिशें नहीं हैं, बल्कि 'बड़ी मछलियां' भी हैं।

परीक्षाएं आयोजित करने वाली संस्थाओं से जुड़े लूप होल्स के कारण ही परीक्षाओं पर सवालिया निशान लगते रहते हैं। जैसे एक मछली सारे तालाब को गंदा करती है वही कहावत यहां पर चरितार्थ होती है। धनबल से पेपर, परीक्षा केंद्र, पेपरसेटर आदि खरीदे जा सकते हैं। धनबल के इस खेल में सबसे ज्यादा नुकसान उन बच्चों का होता है जो ईमानदारी एवं एकाग्रतापूर्वक अपनी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं।

सरकार ने राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षाओं में पारदर्शिता लाने के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए की स्थापना की थी। संसद के कानून से बनी इस स्वायत्त संस्था के जिम्मे राष्ट्रीय स्तर पर उच्च शिक्षा के संस्थानों मसलन इंजीनियरिंग कॉलेजों, मेडिकल कॉलेजों, केंद्रीय विश्वविद्यालयों के लिए दाखिला परीक्षा आयोजित करना और उनके नतीजे देना है। इस संस्था को जिम्मेदारी दी गई कि वह पूरी पारदर्शिता के साथ अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के लिहाज से परीक्षाएं आयोजित करेगी। लेकिन नीट परीक्षा के नतीजों पर उठे सवालों ने इस संस्था और उसके कार्यों को संदेह के दायरे में ला दिया है। विवाद होने के बाद कुछ बच्चों और उनके अभिभावकों ने उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर करके नीट की परीक्षा फिर से कराने और दाखिले के लिए काउंसलिंग कराने पर रोक लगाने की मांग की।

नीट की डॉक्टरी प्रवेश परीक्षा की धांधलियां सामने आ रही हैं। सवाल है कि जो माता-पिता अपने बच्चे की परीक्षा पास कराने के लिए 40 लाख रुपए प्रश्न-पत्र के लिए खर्च कर सकते हैं, क्या वे देश में 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' पैदा करना चाहते हैं? यह घोर दंडनीय अपराध है। नीट प्रकरण के अलावा, यूजीसी नेट, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) और नीट-पीजी परीक्षाएं भी रद्द या स्थगित की गई हैं। इस तरह 37 लाख से अधिक युवाओं के भविष्य घोर अनिश्चित हो गए हैं। यह कोई सामान्य बात नहीं है। आखिर वे युवा कब तक परीक्षाएं देते रहेंगे? छात्रों के सामने उम्र निकल जाने का खतरा भी है। इन बर्बादियों का सवाल और आरोप एनटीए पर ही क्यों है?

यह केंद्र सरकार को भी सोचना चाहिए और एनटीए को खंगालना चाहिए। एनटीए की प्रक्रिया, परीक्षा-प्रणाली, आउटसोर्स की मजबूरी, विशेषज्ञता के अभाव और मूल में भ्रष्टाचार आदि ऐसे बुनियादी कारण हैं कि इस संस्थान को ही समाप्त करने की मांगें की जा रही हैं। युवाओं के विरोध-प्रदर्शन इतने उग्र और व्यापक हो गए हैं कि एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह को हटा कर एक सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी प्रदीप सिंह खरोला को इस पद का दायित्व सौंपना पड़ा है।

परीक्षा-प्रणाली और उसके ईमानदार, पेशेवर तंत्र को आईएएस लॉबी के हवाले करना कोई सार्थक समाधान नहीं है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एक विशेष समिति का गठन किया है। बेशक उसमें महा विशेषज्ञ किस्म के महाबौद्धिक चेहरे शामिल हैं, लेकिन वे एनटीए की तकनीक, परीक्षा-प्रविधि और अंतर्विरोधों के समाधान नहीं दे सकते। यह उनकी विशेषज्ञता से बिल्कुल अलग क्षेत्र है। समिति को दो माह का समय दिया गया है। सर्वोच्च अदालत में भी एनटीए, नीट परीक्षा के मामले विचाराधीन हैं, जिनकी सुनवाई 8 जुलाई को है।

एनटीए के अस्तित्व और आंतरिक सुधारों के अलावा, कई और सवाल पैदा हो गए हैं। निश्चित तौर पर यह मोदी सरकार के लिए गंभीर चुनौती है। यह राजनीतिक विवाद भी बन गया है और प्रतिपक्षी नेता शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा मांग रहे हैं। बहरहाल विशेष समिति का काम नौकरशाही किस्म का नहीं होना चाहिए, क्योंकि उससे व्यवस्था को छिद्रों से मुक्त नहीं किया जा सकेगा।

पेपर लीक होने पर कठिन परिश्रम करने वाले विद्यार्थी नियुक्ति से दूर रह जाते हैं। दूसरी तरफ नकल प्रवृत्ति के कारण अयोग्य विद्यार्थी नियुक्ति पा जाते हैं। ऐसे में परीक्षाओं की विश्वसनीयता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। पेपर लीक पर सरकार को सख्ती से कदम उठाने होंगे तभी परीक्षाओं की विश्वसनीयता बन पाएगी। जानकारों के मुताबिक परीक्षाओं में विश्वसनीयता बनाने के लिए पारदर्शी और मजबूत सुरक्षा प्रणाली बनाने की जरूरत है। एक ही एजेंसी से बार बार परीक्षा नहीं करवानी चाहिए। इसके लिए नियम बनाए जाने चाहिए। दरअसल, देश के विभिन्न राज्य भी इस परीक्षा प्रणाली को लेकर सवाल उठाते रहे हैं। खासकर कोचिंग सेंटरों के खेल व अंग्रेजी के वर्चस्व के चलते आरोप लगाये जाते हैं। आरोप हैं कि इस परीक्षा में हिंदी व अन्य भारतीय भाषाओं में परीक्षा देने वाले छात्रों को न्याय नहीं मिलता। तमिलनाडु समेत दक्षिण भारत के कई राज्य आरोप लगाते रहे हैं कि राज्य की भाषा के छात्रों को नई परीक्षा प्रणाली से नुकसान उठाना पड़ रहा है।

सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज कर पेपर लीक और उनके पीछे के नेटवर्क की जांच शुरू कर दी है। कुछ गिरफ्तारियां भी की गई हैं। सीबीआई जांच का निष्कर्ष क्या होगा और कब आएगा, वह भी अनिश्चित है। केंद्र सरकार ने एक कानून भी लागू किया है। बेहद गंभीर सवाल है कि अनिश्चितताओं के इस दौर में युवा छात्रों का क्या होगा? नीट के अभ्यर्थी भी विभाजित हैं। क्या सफल युवाओं को उनके मेडिकल कॉलेज आवंटित किए जाएंगे या नीट परीक्षा का परिणाम ही रद्द कर दिया जाएगा और परीक्षा दोबारा होगी? यदि समिति और अदालत के अलग-अलग निर्णय सामने आते हैं, तो फिर युवा अभ्यर्थी क्या करेंगे? जो परीक्षा में सफल रहे हैं, क्या वे डॉक्टरी की पढ़ाई शुरू नहीं कर सकेंगे, यह बहुत अहम सवाल है।

परीक्षाओं की पवित्रता का निर्वहन करने की बजाय समस्त परीक्षा एजेंसियां धन लोलुपता की शिकार हो चुकी हैं। बार-बार परीक्षाएं स्थगित या रद्द हो रही हैं। विद्यार्थियों के साथ अन्याय हो रहा है। कई कोचिंग क्लासेस केंद्र दलाल बन गए हैं। पेपर लीक से लेकर ग्रेसअंक और असामान्य अंक देना किसी भी परीक्षा संस्था के विरूद्ध सवालों की लड़ियां तो अवश्य खड़ा करेगा। केंद्र सरकार ने नकल विरोधी कानून पिछले दिनों लागू कर दिया है। इसके प्रावधावों को और कड़ा बनाया जाना चाहिए।

निश्चित रूप से जहां नीट परीक्षा के पेपर लीक व ग्रेस मार्क्स में अनियमितताओं को लेकर उठे सवालों के समाधान तलाशने की जरूरत है, वहीं हिंदी व अन्य क्षेत्रीय भाषाओं के परीक्षार्थियों के साथ न्याय होना भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। परीक्षा के वर्तमान स्वरूप में व्यापक स्तर पर सुधार और साफ-सफाई करनी पड़ेगी, क्योंकि लाखों युवा भारतीयों का भविष्य दांव पर है। बहरहाल, यह मामला जांच के लिए सीबीआई को सौंप दिया गया है। उम्मीद की जानी चाहिए कि गुनाहगार पकड़े जाएंगे और प्रतिभागियों को भी न्याय मिलेगा।

**- लेखक राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।**

# लोकसभा के सत्र नई उम्मीदों को पंख लगाये


ललित गर्ग

राष्ट्रीय चरित्र का दिन-प्रतिदिन नैतिक ह्रास हो रहा है। हर गलत-सही तरीके से हम सब कुछ पा लेना चाहते हैं। अपनी स्वार्थ सिद्धि के लिए कर्त्तव्य को गौण कर देते हैं। इस तरह से जन्मे हर स्तर के अशालीन एवं असभ्य व्यवहार से राष्ट्रीय जीवन में एक विकृति पैदा होती है, संसद को ही दूषित कर दिया जाता है, अठारहवीं लोकसभा के सभी सत्र इस त्रासदी से मुक्त हो, यह अपेक्षित है। विपक्षी सांसदों की यह कैसी त्रासद मानसिकता है कि वे सब चाहते हैं कि हम आलोचना करें पर काम नहीं करें। हम गलतियां निकालें पर दायित्व स्वीकार नहीं करें। जरूरत इस बात की भी है कि संसद को शुद्ध सांसें मिले, संसदीय जीवन जीने का शालीन, मर्यादित एवं सभ्य तरीका मिले।

अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू चुका है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। तीन जुलाई तक दस दिन के लिये चलने वाले इस सत्र में दो दिन नए सांसदों को शपथ दिलाई जायेगी। बुधवार को नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा, जबकि गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। लोकसभा सत्र में विपक्ष इस बार अपनी बढ़ी हुई शक्ति का एहसास कराते हुए आक्रामक होने से नहीं चूकेगा। यही वजह है विपक्ष ने सत्र से पहले परीक्षा में गड़बड़ी, अग्निवीर व प्रोटेम स्पीकर जैसे मुद्दों को लेकर आक्रामक रुख दिखाने की रणनीति बनाई है। लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव में भी सत्ता पक्ष को घेरने की कोशिशें होती हुई दिख रही है। वैसे भी वह पहले ही सत्ता पक्ष के गठबंधन के सहयोगियों को लोकसभा अध्यक्ष पद की मांग के लिए उकसाने में लगा हुआ है एवं वहीं स्वयं के लिये लोकसभा के उपाध्यक्ष पद की मांग कर रहा है। विपक्ष ने प्रोटेम अध्यक्ष की नियुक्ति के अलावा नीट-यूजी पेपर लीक व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के स्थगित होने के मामले में सरकार को घेरने एवं संसदीय कार्रवाई को बाधित करने की रणनीति बनाई है, जिससे पहले दिन ही हंगामे के परिदृश्य देखने को मिल रहे हैं। बेहतर संख्या बल के चलते विपक्ष का उत्साहित होना स्वाभाविक है और उसके नेताओं की ओर से विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर सरकार को कठघरे में खड़ा करने की तैयारी में भी कुछ अनुचित नहीं, लेकिन इस तैयारी के नाम पर संसद में हंगामा और शोरशराबा करके ऐसी परिस्थितियां नहीं पैदा की जानी चाहिए जिससे संसद चलने ही न पाए। एक लंबे समय से यह देखने में आ रहा है कि विभिन्न मुद्दों पर सरकार से जवाबदेही के नाम पर विपक्ष संसद में हंगामा और अव्यवस्था पैदा करना उचित समझता आ रहा है, उसके तेवर इस बार ज्यादा ही उग्र एवं उत्तेजिक दिख रहे हैं, जो संसदीय परम्परा के लिये दुर्भाग्यपूर्ण है। सांसद चाहे जिस दल के हो, उनसे शालीन एवं सभ्य व्यवहार की अपेक्षा की जाती है। लेकिन सांसद अपने दूषित एवं दुर्जन व्यवहार से संसद को शर्मसार करते हैं तो यह लोकतंत्र के सर्वोच्च मन्दिर की गरिमा के प्रतिकूल है।

संसद राष्ट्र की सर्वोच्च संस्था है। देश का भविष्य संसद के चेहरे पर लिखा होता है। यदि वहां भी शालीनता, मयार्दा एवं सभ्यता का भंग होता है तो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र होने के गौरव का आहत होना निश्चित है। आजादी के अमृतकाल तक पहुंचने के बावजूद भारत की संसद यदि सभ्य एवं शालीन दिखाई न दे तो ये स्थितियां दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण ही कही जायेगी। एक बार फिर ऐसी ही त्रासद




स्थितियों से रू-ब-रू होने की स्थितियां बनना एक चिन्तनीय प्रश्न है। संसद की सार्थकता केवल इसमें नहीं है कि वहां विभिन्न मुद्दे उठाए जाएं बल्कि इसमें है कि उन पर गंभीर एवं शालीन तरीके से चर्चा होकर राष्ट्रहित में प्रभावी निर्णय लिये जाये। दुर्भाग्य से संसद में राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर ऐसी कोई चर्चा कठिनाई से ही होती है जिससे देश को कोई दिशा मिल सके और समस्याओं के समाधान खोजे जा सके। उचित यह होगा कि संसद में दोनों ही पक्ष संसदीय कार्यवाही के जरिये एक उदाहरण पेश करें, नयी संभावनाओं एवं सौहार्द का वातावरण बनाते हुए नई उम्मीदों एवं संकल्पों के सत्र के रूप में इस सत्र एवं आगे के सत्रों का संचालन होने दें।

अठारहवीं लोकसभा के पहले सत्र को लेकर उत्सुकता एवं कुतूहल का वातावरण पक्ष-विपक्ष के नवनिर्वाचित सांसदों में ही नहीं, बल्कि आम जनता में भी है। गठबंधन की स्थितियों के कारण यह लोकसभा पिछली लोकसभा से भिन्न होगी। इस बार विपक्ष का संख्या बल कहीं अधिक है और सत्तापक्ष गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहा है। यद्यपि यह गठबंधन सरकार अतीत की गठबंधन सरकारों से भिन्न है, क्योंकि उसका नेतृत्व करने वाला दल यानी भाजपा बहुमत से कुछ ही पीछे है। इसके बावजूद संसद में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच टकराव देखने को मिल सकता है। इस टकराव के आसार भी उभर आए हैं, क्योंकि विपक्ष को प्रोटेम स्पीकर के नाम पर आपत्ति है। विपक्षी इंडिया गठबंधन की मानसिकता संसदीय सत्रों में देश-विकास की योजनाओं पर निर्णय में सहभागिता से अधिक सत्ता पक्ष को घेरने एवं सरकार के कामकाज को बाधिक करने की ही अधिक दिखाई दे रही है। यह निश्चित है कि सार्वजनिक जीवन में सभी एक विचारधारा, एक शैली व एक स्वभाव के व्यक्ति नहीं होते। अतः आवश्यकता है दायित्व के प्रति ईमानदारी के साथ-साथ आपसी तालमेल व एक-दूसरे के प्रति गहरी समझ एवं सौहार्द भावना की। जनता के विश्वास पर खरे उतरते हुए नये भारत-सशक्त भारत को निर्मित करने की। राजनीतिक दल द्वंद्व, एक दूसरे की आलोचना एवं विरोध की स्थितियां चुनाव के मैदान तक सीमित करें, उन्हें संसद तक न लाये। संसद में तो सभी दल मिलकर राष्ट्र-निर्माण का काम करें। एक सांसद के साथ दूसरा सांसद जुड़े तो लगे मानो स्वेटर की डिजाईन में कोई रंग डाला हो। सेवा एवं जनप्रतिनिधित्व का क्षेत्र ह्लमोजॉयकह्न है, जहां हर रंग, हर दाना विविधता में एकता का प्रतिक्षण बोध करवाता है। अगर हम सांसदों में आदर्श स्थापित करने के लिए उसकी जुझारू चेतना को विकसित कर सकें तो निश्चय ही आदर्शविहिन असंतुष्टों की पंक्ति को छोटा कर सकेंगे और ऐसा करके ही संसद को गरिमापूर्ण मंच बना पायेंगे।

नरेन्द्र मोदी तीसरी बार सत्ता में लौटे हैं। मोदी का लोकसभा सदस्य एवं प्रधानमंत्री के रूप में यह तीसरा कार्यकाल है। उन्होंने वाराणसी सीट बरकरार रखी, जिसे वे 2014 से जीतते आ रहे हैं। पहली बार नए संसद भवन में शपथग्रहण हुआ। भारतीय संसदीय इतिहास में ऐसा दूसरी बार है कि जनता ने किसी सरकार को लगातार तीसरी बार शासन करने का अवसर दिया है। ये मौका 60 साल बाद आया है। अगर जनता ने ऐसा फैसला किया है तो उसने सरकार की नियत पर मुहर लगाई है। उसकी नीतियों पर मुहर लगाई है। जनता के फैसले का स्वागत होना चाहिए, लेकिन ऐसा न होना संसद के साथ-साथ भारत के लिये परेशानी का कारण है। आज भारत दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने के साथ अपनी स्वतंत्र पहचान बनाने की ओर गतिशील है। भारत की बात दुनिया बड़ी ध्यान से सुनती है, वही दुश्मन देश भारत पर तिरछी नजर डालने से पहले सौ बार सोचते हैं, यह भारत की बड़ी ताकत का द्योतक है, जिसे पक्ष एवं विपक्ष मिलकर सहेजे और नये आयाम उद्घाटित करें। इन विषयों पर गंभीर चिन्तन-मंथन की संसद के पटल पर अपेक्षा है। जबकि निश्चित ही छोटी-छोटी बातों पर अभद्र एवं अशालीन शब्दों का व्यवहार, हो-हल्ला, छींटाकशी, हंगामा और बहिर्गमन आदि घटनाओं का संसद के पटल पर होना दुखद, त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण है। इससे संसद की गरिमा एवं मयार्दा को गहरा आघात लगता है। यह सिलसिला बंद होना चाहिए। जहां विपक्ष का यह दायित्व है कि वह प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाओं और अन्य ज्वलंत मुद्दों पर सरकार से जवाब तलब करे वहीं सत्तापक्ष की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह विपक्ष के सवालों का जवाब देने के लिए तैयार रहे। यदि ऐसा नहीं होता तो यह निराशाजनक ही होगा।

राष्ट्रीय चरित्र का दिन-प्रतिदिन नैतिक ह्रास हो रहा है। हर गलत-सही तरीके से हम सब कुछ पा लेना चाहते हैं। अपनी स्वार्थ सिद्धि के लिए कर्त्तव्य को गौण कर देते हैं। इस तरह से जन्मे हर स्तर के अशालीन एवं असभ्य व्यवहार से राष्ट्रीय जीवन में एक विकृति पैदा होती है, संसद को ही दूषित कर दिया जाता है, अठारहवीं लोकसभा के सभी सत्र इस त्रासदी से मुक्त हो, यह अपेक्षित है। विपक्षी सांसदों की यह कैसी त्रासद मानसिकता है कि वे सब चाहते हैं कि हम आलोचना करें पर काम नहीं करें। हम गलतियां निकालें पर दायित्व स्वीकार नहीं करें। जरूरत इस बात की भी है कि संसद को शुद्ध सांसें मिले, संसदीय जीवन जीने का शालीन, मर्यादित एवं सभ्य तरीका मिले।

## संपादकीय

### हमसायों का साथ

भारत में नई सरकार के गठन के बाद भारत की द्विपक्षीय राजकीय यात्रा पर बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना आना कई मायनों में सुकूनकारी है। उनकी यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के दरम्यान के घनिष्ठ संबंधों को और आगे बढाना है। दोनों देशों ने समुद्र क्षेत्र समेत कई अन्य अहम क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देने के लिए दस समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें डिजिटल क्षेत्र में संबंध प्रगाढ़ करने व हरित साझेदारी के साथ समुद्र विज्ञान, स्वास्थ्य व चिकित्सा, आपदा प्रबंधन व मत्स्य पालन भी इसमें शामिल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा नए क्षेत्रों में



सहयोग के वास्ते भविष्य के लिए एक दृष्टिकोण तैयार किया है, जिससे दोनों देशों के युवाओं को लाभ मिलेगा। हसीना ने भारत को विसनीय मित्र बताते हुए 1971 में बांग्लादेश की स्वतंत्रता में भारत सरकार व भारतीयों के योगदान को याद किया। भारत की पड़ोसी पहले की नीति के तहत बांग्लादेश महत्त्वपूर्ण भागीदार है। दोनों देश जल्द नई रेल सेवा व बस सेवा भी चालू करने पर सहमत हैं। पंद्रह दिनों के भीतर हसीना का यह दूसरा भारत दौरा है। कहा जा रहा है, इस करीबी से चीनी सरकार चिंतित हो सकती है। हालांकि बांग्लादेश के चीन के साथ भी अच्छे संबंध हैं। वह कच्चे माल के मामले में उसका प्रमुख व्यापारिक साझेदार है। इसके बाद हसीना चीन भी जा रही हैं, परंतु भारत ने भी पिछले आठ वर्षो में बांग्लादेश के बुनियादी ढांचे के विस्तार में मदद के लिए आठ मिलियन डॉलर का कर्ज दिया है। 2022-23 के दौरान दोनों देशों के दरम्यान 15.9 बिलियन डॉलर का व्यापार हुआ, जिसके मौजूदा वर्ष में तीव्र गति से बढने की उम्मीद है। गौर करने वाली बात है कि बांग्लादेश भारत का सबसे बड़ा डेवलपमेंट पार्टनर भी है। हालांकि दोनों ही देश जलवायु परिवर्तन के बदलावों के चलते जनसांख्यकीय व आर्थिक उथल-पुथल झेल रहे हैं। और ये मसले वाकई दोनों ही देशों के लिए परेशानी का सबब हैं। इस समझौते को विकसित भारत 2047 व स्मार्ट बांग्लादेश 2041 के व्यापक दृष्टिकोण से देखा जा रहा है। बांग्लादेशी नौजवानों के लिए भारत सिर्फ बेहतरीन जीवन व रोजगार की स्वप्नगाह भर नहीं है। बल्कि एक छोटे से देश का सामर्थ्यवान हमसाया होने का फर्ज निभा कर भारत अपना बड़प्पन भी बखूबी दर्शा रहा है। साथ ही वह प्रमुख एशियाई देश होने का गौरव भी प्राप्त करते हुए दुश्मनी साधने वाले पाकिस्तान को आईना भी दिखा सकता है।

## चिंतन-मनन

### बदला हुआ आदमी

स्कॉटलैंड के एक राजा को शत्रुओं ने पराजित कर दिया। उसे धन-जन की बड़ी हानि हुई और संगी-साथी भी छूट गए। अब बस उसका जीवन बचा था, पर शत्रु उसकी टोह में थे। प्राण बचाने के लिए वह भागा-भागा फिर रहा था। स्थिति यह थी कि राजा अब मरा कि तब मरा। राजा एक खोह में छिपा अपनी मौत की प्रतीक्षा करते हुए सोच रहा था- शत्रु की तलवार पल भर में मेरा काम तमाम कर देगी।

तभी राजा ने देखा- एक मकड़ी खोह के दरवाजे पर जाला बनाने में व्यस्त थी। वह कई बार कोशिश करती, नाकाम रहती, लेकिन फिर से उठकर जाला बनाने लगती। राजा ने सोचा- यह व्यर्थ प्रयत्न कर रही है। बिना आधार के जाला भला कैसे बना पाएगी। किंतु आश्चर्य, मकड़ी का एक झीना-सा सूत्र खोह के मुंह पर अटक ही गया। बस फिर एक के बाद एक सूत्र अटकते चले गए और देखते-देखते जाला तेजी से बुना जाने लगा। थोड़ी देर में पूरी खोह के मुंह पर जाला तैयार था।

तभी शत्रु के सिपाही वहां आ पहुंचे। लेकिन खोह के मुंह पर मकड़ी का जाला बना देख वापस लौट गए। करीब आई हुई मौत तो वापस चली गई पर राजा को एक गहरे विचार में छोड़ गई। उसने सोचा- मकड़ी बार-बार गिरकर भी निराश और परास्त नहीं हुई तो मैं इंसान होकर भी क्यों डर रहा हूं? मैं भी अवश्य अपने शत्रुओं को परास्त करूंगा। इस मकड़ी ने मेरा संकल्प मजबूत कर दिया है। यह सोचते ही वह खोह से बाहर निकल गया।

## कई संकटों का कारण बनता बढ़ता तापमान

देश के उत्तरी राज्य भीषण गर्मी से तप रहे हैं। बीते एक महीने से भी ज्यादा समय से अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ऊपर बना हुआ है। इस बार तो गर्मी ने पहाड़ों पर भी रिकॉर्ड तोड़ दिया है। बढ़ते तापमान से बड़ी संख्या में मौतें भी हुई हैं और गर्मी के शिकार मरीजों की तादाद भी बढ़ रही है। इतिहास में पहली बार हम वैश्विक गर्मी की यह भयावहता देख रहे हैं, जिसकी अब तक पर्यावरणविद और विज्ञानी कल्पना भर ही कर रहे थे। विश्व मौसम विज्ञान संगठन के अनुसार, अगले पांच साल में पहली बार वैश्विक तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने के 66 फीसदी आसार हैं। उस हालत में कैसे जियेंगे हम, यह सवाल आज चर्चा का विषय बना हुआ है। वैश्विक तापमान की सीमा छूने का अर्थ है कि विश्व 19वीं सदी के दूसरे हिस्से के मुकाबले अब 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक गर्म है। तापमान में बेतहाशा बढ़ोतरी में जलवायु परिवर्तन और अल नीनो ने अहम भूमिका निभायी है। यह सब कोयला, तेल और गैस के जलाने की सभी सीमाएं पार करने का दुष्परिणाम है। फिर भी आपदाओं के बावजूद जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से निपटने में तत्परता वैसी नहीं है, जैसी अपेक्षित है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन की मानें, तो न केवल बीता वर्ष, बल्कि पूरा बीता दशक धरती पर अभी तक का सबसे गर्म दशक रहा है और 2014 के बाद यह जून सबसे गर्म माह रहा है। इस वर्ष की रिकॉर्ड गर्मी की शुरूआत ने 12 माह का औसत तापमान बढ़ाकर 1.5 डिग्री को लांघ दिया है। यदि तापमान वृद्धि की दर पर अंकुश नहीं लगा, तो सदी के अंत तक गर्मी से 1.5 करोड़ लोग मौत के मुहाने तक पहुंच जायेंगे। अमेरिका की पर्यावरण संस्था ग्लोबल विटनेस और कोलंबिया विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने खुलासा किया है कि तेल और गैस के इस्तेमाल से होने वाला उत्सर्जन इसका अहम कारण है। बीते वर्षों के अध्ययन से पता चलता है कि 2022 में ही 60 हजार से ज्यादा लोगों की मौत गर्मी के चलते हुई। दुनिया की करीब 81 फीसदी आबादी भीषण गर्मी झेलने को विवश है। हालात इतने खराब हो गये हैं कि इंसान तो इंसान, पेड़-पौधे भी सांस नहीं ले पा रहे हैं। इसका अहम कारण पेड़ों में सांस लेने और जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने की क्षमता कम होते जाना है। वैज्ञानिकों ने चेताया है कि इससे भुखमरी, सूखा और जानलेवा बीमारियों का खतरा बढ़ेगा। खासकर कमजोर इम्यून सिस्टम वाले लोगों पर इसका घातक असर होगा।

गर्मी और हीटवेव ह्रदय के लिए खतरनाक साबित हो रही है। इससे आत्महत्या तक के खतरे बढ़ सकते हैं। कारण अत्यधिक गर्मी से शरीर की थर्मोरेगुलेटरी प्रणाली चरमरा सकती है। अमेरिकी सेंटर फॉर डिजीज के मुताबिक अत्याधिक गर्मी से किडनी भी खराब हो सकती है। साल 2000 के बाद से हुए अध्ययन प्रमाण हैं कि इस बीच हुई लाखों मौतों का संबंध कहीं न कहीं गर्मी से है। इनमें 45 फीसदी मौतें एशिया में हुई हैं। शरीर का तापमान 44 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला जाये, तो शरीर के मैटाबॉलिज्म पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। ज्यादा पसीना बहने का असर स्किन, किडनी, ह्रदय और ब्रेन पर पड़ता है। डायबिटीज से ग्रसित मरीजों के अलावा धूम्रपान करने या शराब पीने वालों को इसका ज्यादा खतरा होता है। एम्स (दिल्ली) में न्यूरोलॉजी विभाग की प्रमुख डॉ मंजरी त्रिपाठी की मानें, तो कई बार हीट स्ट्रोक की वजह से ब्रेन स्ट्रोक का खतरा होता है। पानी की कमी से खून दिमाग तक नहीं पहुंच पाता है और नसों में जम जाता है, जिससे रक्त संचार बाधित होता है। डॉक्टरों की मानें, तो मौसम बदलने और तापमान बढ़ोतरी से लोगों में मानसिक उलझन हो रही है। बढ़ता तापमान माइग्रेन के रोगियों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। इसका खुलासा अमेरिका की सिनसिनाटी विश्वविद्यालय से जुड़े केंद्र ने किया है।

तापमान बढ़ोतरी का असर समय पूर्व जन्म दर में वृद्धि के रूप में होगा। यह खतरा 60 फीसदी तक बढ़ जायेगा। यह खतरा बच्चों में श्वसन संबंधी बीमारियां सहित कई हानिकारक स्वास्थ्य प्रभावों के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार होगा। बढ़ती गर्मी बच्चों के दिमाग को भी कमजोर कर रही है। गर्मी के बढ़ते प्रभाव से खाद्यान्न आपूर्ति पर संकट बढ़ जायेगा। इससे फसल, फल और डेयरी उत्पादन दबाव में हैं। बाढ़, सूखा और




तूफान की बढ़ती प्रवृत्ति ने इसमें और इजाफा किया है। खाद्य विशेषज्ञ कैटलिन वैल्श कहते हैं कि इन मौसमी घटनाओं की वजह से उत्तरी अमेरिका, यूरोप और एशिया के बडे.हिस्से के किसान मुश्किल में हैं। दक्षिणी यूरोप में गर्मी के कारण गायें दूध कम दे रही हैं। इटली में फल, सब्जी और गेंहू उत्पादन प्रभावित हुआ है। मछलियों का आवास भी प्रभावित हुए नहीं रहा है। उनकी संख्या में तेजी से गिरावट आ रही है। संयुक्त राष्ट्र की जलवायु समिति के अनुसार, यदि धरती के तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस पर रोकना है, तो 2030 तक कार्बन उत्सर्जन को 43 फीसदी तक घटाना होगा। यह समय की मांग है क्योंकि धरती के गर्म होने की रफ्तार अनुमान से कहीं ज्यादा है। आज धरती 1.7 डिग्री सेल्सियस तक गर्म हो चुकी है। समस्या की असली जड़ जीवाश्म ईंधन है, जिससे हमें दूर जाना होगा।

**- ज्ञानेंद्र रावत**

## आपातकाल: निरंकुशता और संघ का निष्क्रिय प्रतिरोध


डॉ. प्रशांत बड़थ्वाल



भारतीय राजनीति में जब कभी भी लोकतांत्रिक इतिहास का कलंकित अध्याय खोला जाएगा, तो वह तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा सांविधानिक प्रावधानों की निर्मम हत्या कर देश में आपातकाल की घोषणा 25 जून की मध्यरात्रि ही रहेगा। आपातकाल महज नागरिक स्वतंत्रता को निलंबित करना एवं समाज में पुनः निरंकुश कानून को स्थापित करना भर नहीं था, बल्कि इलाहबाद उच्च न्यायालय में गांधी की एकतरफा हार का प्रमुख कारण रहा। तत्पश्चात अपने हजारों राजनीतिक विरोधियों को गिरफ्तार किया गया, प्रेस की स्वतंत्रता को कम कर दिया गया और सरकार के लिए खतरा माने जाने वाले संगठनों पर प्रतिबंध लगा दिया गया। उन संगठनों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आर.एस.एस.) एक प्रभावशाली संगठन था।

इसके बाद जो हुआ, वह आरएसएस के इतिहास के सबसे उल्लेखनीय अध्यायों में से एक 'निष्क्रिय प्रतिरोध आंदोलन' था, जिसने प्रतिबंध की पुरजोर अवहेलना की और अपने संगठनात्मक ढाँचे को काफी हद तक अक्षुण्ण रखा और आपातकाल का विरोध करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस प्रतिरोध के शीर्ष पर संघ के तत्कालीन सरसंघचालक मधुकर दत्तात्रेय देवरस (बालासाहेब देवरस) थे। उन्होंने अपनी गिरफ्तारी से पूर्व कार्यकताओं और स्वयंसेवकों को संबोधित किया और कहा कि, 'इस असाधारण स्थिति में, स्वयं सेवक अपना संतुलन खोने के लिए बाध्य नहीं हैं। 26 जून, 1975 की सुबह जैसे ही आपातकाल की घोषणा की खबर पूरे भारत में फैली, देश में अविश्वास और भय की भावना फैल गई। आपातकाल का लागू होना राजनीतिक उथल-पुथल, आर्थिक चुनौतियों और इंदिरा गांधी की बढ़ती सत्तावादी प्रवृत्तियों के दौर की परिणति के रूप में आया। संघ, जो लंबे समय से गांधी की चुनिंदा नीतियों की आलोचना करता रहा, आपातकाल की घोषणा के कुछ ही घंटों के भीतर उनके प्रमुख नेताओं को घेर लिया गया और गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि यह संघ की दूरदर्शिता ही थी कि शीर्ष नेतृत्व ने इस तरह के कदम का पूवार्नुमान लगा लिया था। आपातकाल से कुछ समय पूर्व जैसे-जैसे राजनीतिक तनाव बढ़ा, बालासाहब देवरस और संघ के अन्य वरिष्ठ नेतृत्व ने आकस्मिक योजनाएं बनानी शुरू कर दी थीं। उन्हें दृढ़ विश्वास था कि संगठन की यह तैयारी उस तूफान का अपनी क्षमतापूर्वक सामना करने में महत्त्वपूर्ण साबित होगी जो इसे घेरने वाला था और जनकल्याण हेतु कार्य में विघ्न उत्पन करने वाला था। संघ के वरिष्ठ प्रचारक और लोक संघर्ष समिति के संयोजक, नानाजी देशमुख (जिन्होंने 1977 में जनता पार्टी के बैनर तले विपक्ष को एक साथ लाने में अहम भूमिका निभाई) और के. एस. सुदर्शन ने भी पत्रों के माध्यम से विभिन संगठनों के साथ भी संवाद किया। संघ पर सरकार की कार्रवाई त्वरित और कठोर थी। शीर्ष नेतृत्व से लेकर स्थानीय स्तर के हजारों कार्यकताओं एवं स्वयंसेवकों तक को गिरफ्तार किया गया और जेल में डाल दिया गया। संगठन के कार्यालयों पर छापे मारे गए और दस्तावेज के साथ संपत्ति भी जब्त कर ली गई। 4 जुलाई, १९७५ को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा माने जाने वाले कई अन्य संगठनों के साथ संघ को आधिकारिक रूप से 'मीसा कानून' के अंतर्गत प्रतिबंधित कर दिया गया था।

इस भारी-भरकम दृष्टिकोण के बावजूद संघ नई वास्तविकता के लिए पुनः अनुकूल होने में कामयाब रहा। संघ ने अपने स्थानीय शाखाओं की अनूठी संरचना से राष्ट्र में व्याप्त भय के वातावरण में भी विकेंद्रीकृत नेतृत्व के साथ जनमानस तक केंद्र सरकार की निरंकुश नीतियों का दमन और समाज में अन्य वर्ग के लोगों की सहायता से कई प्रचार-प्रसार के कार्य सफलतापूर्वक किया, जिसमें स्वयंसेवकों के अलावा सामान्य जनता का भी सरकार के प्रति रोष संघ के लिए अतुलनीय योगदान के रूप में सिद्ध हुआ।

वर्ष 1975 के अंत में जेल से बाहर आकर आपने संदेश में देवरस ने लिखा- 'वर्तमान संकट वैचारिक मतभेदों से परे है। लोकतंत्र और कानून के शासन में विश्वास रखने वाले सभी लोगों को हमारे मौलिक अधिकारों पर इस हमले का विरोध करने के लिए एक साथ आना चाहिए। इस निर्देश से संघ और अन्य विपक्षी समूहों के बीच सहयोग बढ़ा, जिसमें समाजवादी और मध्यमार्गी शामिल थे। देवरस ने अहिंसक प्रतिरोध के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने स्वयंसेवकों को निर्देश दिया कि वे अधिकारियों के साथ टकराव से बचें जो हिंसा का कारण बन सकते हैं, इसके बजाय सविनय अवज्ञा और भूमिगत संगठनात्मक कार्य पर ध्यान केंद्रित करें। अपनी औपचारिक संरचनाओं के बाधित होने के कारण आरएसएस ने संगठन को सुचारू रूप से सक्रिय रखने के लिए भूमिगत संचालन के सबसे उल्लेखनीय पहलुओं में से एक इसकी दैनिक शाखाओं की निरंतरता को रखा। आपातकाल के दौरान संघ ने भारत के सबसे काले समय में लोकतांत्रिक परिवर्तन की संभावना को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई। चाहे कोई संघ की विचारधारा से सहमत हो या नहीं, आपातकाल के दौरान इसकी भूमिका को भारत की लोकतांत्रिक यात्रा में एक महत्त्वपूर्ण अध्याय के रूप में मान्यता दी जानी चाहिए।

## कोरियाई विमान 15 मिनट में 27 हजार फीट नीचे आया, यात्रियों के कान से खून निकला, 17 घायल

सियोल। दक्षिण कोरिया से ताइवान जाने वाली बोइंग की फ्लाइट केई189 उड़ान भरने के कुछ देर बाद अचानक 26,900 फीट नीचे आ गई, जिसके बाद इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। इस दौरान कई यात्रियों को सांस लेने में दिक्कत हुई और कान में दर्द हुआ। इसके बाद फ्लाइट के क्रू मेंबर्स ने यात्रियों को ऑक्सीजन मास्क लगाने को कहा। फ्लाइट ने शनिवार को स्थानीय समयानुसार शाम 4 बजकर 45 मिनट पर दक्षिण कोरिया के इंचियोन इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। उड़ान के 50 मिनट बाद ही उसमें तकनीकी खराबी आ गई। इसके कारण फ्लाइट 15 मिनट में ही 26,900 फीट नीचे आ गई। उस समय यह दक्षिण कोरिया के जेजू द्वीप के ऊपर थी। तब विमान के प्रेशर सिस्टम ने तकनीकी खराबी का सिग्नल दिया, जिसके बाद फ्लाइट को टेकऑफ की लोकेशन इंचियोन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतारा गया।

**15 यात्रियों के कान में दर्द**

फ्लाइट की ऊंचाई अचानक कम होने की वजह से घायल हुए 17 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि उन्हें कुछ समय बाद ही डिस्चार्ज कर दिया गया था। वहीं 15 यात्रियों ने कान के परदे में दर्द या हाइपरवेंटिलेशन की शिकायत की। यात्रियों ने बताया कि वे लोग बहुत डर गए थे और विमान में मौजूद बच्चे रोने लगे थे। यात्रियों को डर था कि कहीं फ्लाइट नीचे न गिर जाए। कोरियन एविएशन अथॉरिटी ने फ्लाइट की तकनीकी खराबी का कारण जानने के लिए जांच के आदेश दे दिए है। सभी यात्रियों को 19 घंटे बाद एक दूसरी फ्लाइट से ताइवान के ताइपे पहुंचा गया।

## क्रीमिया पर हमले में अमेरिका मिसाइलों का इस्तेमाल....रुस नाराज

मास्को । रूस के कब्जे वाले क्रीमिया पर यूक्रेन के हमले में अमेरिका निर्मित मिसाइलों के इस्तेमाल पर रूसी विदेश मंत्रालय ने अपना विरोध दर्ज कराने के लिए अमेरिकी राजदूत को तलब किया। इस हमले में चार लोगों की मौत हुई और 150 से अधिक लोग घायल हुए हैं। रूस के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका, यूक्रेन के युद्ध में ''प्रभावी रूप से एक पक्ष बन गया है'' और ''निश्चित रूप से जवाबी कार्रवाई की जाएगी।'' क्रीमिया पर रूस ने 2014 में कब्जा कर लिया था। रूसी अधिकारियों ने कहा कि हमले में मारे गए लोगों में दो बच्चे भी शामिल थे, जो बंदरगाह शहर सेवस्तोपोल के तटीय क्षेत्र में यूक्रेन द्वारा दागी गई मिसाइलों के मलबे की चपेट में आ गए। रूसी अधिकारियों ने कहा कि हमलों में क्लस्टर हथियारों का इस्तेमाल हुआ। जिसके बारे में विशेषज्ञों का कहना है कि लड़ाकों की तुलना में आम नागरिकों को इससे ज्यादा नुकसान होता है। रूस ने कहा कि ये मिसाइलें अमेरिका में बनी एटीएसीएमएस थीं, जो लंबी दूरी की निर्देशित मिसाइल है। रूस ने अमेरिकी राजदूत लिन ट्रेसी को विदेश मंत्रालय में तलब किया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि ''रूसी क्षेत्र में हमले को अनदेखा नहीं किया जाएगा।' रूस के आक्रमण के बाद से यूक्रेन की सेना पश्चिमी देशों से मिलने वाले हथियारों पर काफी हद तक निर्भर रही है। हालांकि, कुछ पश्चिमी देश रूस की नाराजगी के कारण यूक्रेन की सेना को और ज्यादा तथा परिष्कृत हथियार सहायता प्रदान करने में हिचकिचा रहे हैं।

## गाजा में युद्ध को समाप्त होने की संभावनाए कम

तेल अवीव । गाजा में युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिका समर्थित प्रस्ताव पर उस समय संदेह के बादल छा गए जब इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि वे केवल आंशिक युद्धविराम के समझौते पर सहमत होने के लिए तैयार होऊंगा। जिससे युद्ध समाप्त नहीं होगा। नेतन्याहू की टिप्पणी से हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों के परिवारों में आक्रोश फैल गया। नेतन्याहू ने गाजा पट्टी में अब भी बंधक बनाए गए लगभग 120 लोगों का जिक्र कर कहा कि वह आंशिक समझौता करने के लिए तैयार हैं और यह कोई रहस्य नहीं है जिससे हमें कुछ लोग वापस मिल जाएंगे। उन्होंने कहा, लेकिन हम हमास को खत्म करने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए एक विराम के बाद युद्ध जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मैं इस छोड़ने को तैयार नहीं हूं। नेतन्याहू की यह टिप्पणी संवेदनशील समय में आई है जब इजराइल और हमास नवीनतम युद्ध विराम प्रस्ताव को लेकर और भी दूर होते दिख रहे हैं और यह युद्ध को समाप्त करने की कोशिश कर रहे मध्यस्थों के लिए एक और झटका हो सकता है।

## ईरान के सर्वोच्च नेता ने राष्ट्रपति पद के चुनाव में मतदान की अपील की

दुबई । ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने राष्ट्रपति पद के चुनाव में ''दुश्मन पर काबू पाने'' के लिए ''अधिक से अधिक संख्या'' में मतदान करने की अपील की है। खामेनेई ने शिया समुदाय के त्यौहार ईद-उल-गदीर के मौके पर दिए गए भाषण में यह टिप्पणी की। उन्होंने लोगों से ''अमेरिका मुर्दाबाद'' और ''इजराइल मुर्दाबाद'' के नारे कई बार लगवाए। खामेनेई के समर्थक एवं ईरान के कट्टरपंथी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी हेलीकॉप्टर हादसे में मारे गए थे जिसके कारण देश में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव कराना अनिवार्य हो गया। इस साल की शुरुआत में देश में हुए संसदीय चुनाव में न्यूनतम मतदान हुआ था।

## हज के दौरान लू लगने से अमेरिकी दंपत्ति की मौत, परेशान बेटी ने किए चौंकाने वाले खुलासे




सऊदी अरब में हज यात्रा के दौरान जान गंवाने वाले 1,300 लोगों में एक अमेरिकी दंपत्ति भी शामिल था। उनकी पहचान बॉवी, मैरीलैंड के निवासियों के रूप में की गई। उनकी बेटी के अनुसार, हीट स्ट्रोक का शिकार होने से पहले 71 वर्षीय अल्हाजी अलीउ डौसी वुरी और 65 वर्षीय हाजा इसतु वुरी दोनों चिलचिलाती तापमान में 'दो घंटे से अधिक समय तक चले। इस वर्ष के हज के दौरान तापमान, जिसमें 1.8 मिलियन तीर्थयात्रियों ने भाग लिया, 122F (50C) को पार कर गया है। बीबीसी से बात करते हुए सईदा वुरी ने कहा कि उनके माता-पिता के टूर ऑपरेटर ने पर्याप्त भोजन और पेय पदार्थ जैसे अपने कई वादे पूरे नहीं किए हैं। सऊदी अरब पहुंचने के दो सप्ताह बादयह जोड़ा रविवार, 16 जून को लापता हो गया। उनकी परेशान बेटी को कुछ दिनों बाद उनके निधन के बारे में पता चला। सईदा के अनुसार, उनके माता-पिता ने हज के लिए मध्य पूर्व की यात्रा के लिए प्रत्येक को 11,500 डॉलर का भुगतान किया था, यह देखते हुए कि यह उनके लिए 'बहुत महत्वपूर्ण' था। 'यह कुछ ऐसा है जो वे अपने पूरे जीवन करना चाहते थे। वे बेहद उत्साहित थे।' मैरीलैंड से संचालित एक अमेरिकी टूरिंग फर्म द्वारा लगभग 100 अन्य तीर्थयात्रियों के एक समूह के साथ उनकी यात्रा की व्यवस्था की गई थी। यह दावा करते हुए कि टूर ऑपरेटर ने उसके माता-पिता को 'वादा की गई बहुत सी चीजें' प्रदान नहीं कीं, उसने कहा- 'उन्हें अपने लिए भोजन ढूंढने में कई दिन लग गए, जबकि पैकेज में हर दिन भोजन के साथ आना था।' उन्होंने यात्रा के लिए वादा किए गए आवश्यक परमिट और पंजीकरण उपलब्ध नहीं कराने के लिए टूर ऑपरेटर की आलोचना की।

## स्पेन ने यूक्रेन को दी पैट्रियट मिसाइलों का दूसरी खेप

कीव । रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के बीच स्पेन ने यूक्रेन को पैट्रियट एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइलों के दूसरी खेप की आपूर्ति कर दी है। रिपोर्ट के अनुसार मिसाइलों के दूसरे बैच की आपूर्ति 21 जून को की गई। मिसाइलों के अलावा, शिपमेंट में लियोपार्ड टैंक, विभिन्न प्रकार के गोला-बारूद, एंटी-ड्रोन सिस्टम, ऑप्टिकल-इलेक्ट्रॉनिक निगरानी प्रणाली और रिमोट-नियंत्रित बुर्ज शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा कि मई के अंत में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की और स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज़ ने स्पेन की राजधानी मैड्रिड में एक द्विपक्षीय सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए।



तेहरान में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सईद जलीली के समर्थक चुनाव अभियान के दौरान उमड़ पड़े।

## चांद के सबसे अंधेरे हिस्से से मिट्टी लाया चीन, ऐसा करने वाला पहला देश बना, 2030 तक इंसानों को चांद पर भेजने का लक्ष्य

बीजिंग। चीन का मून मिशन चांद की सतह से मिट्टी लेकर धरती पर पहुंच गया है। इसी के साथ वह पहला देश बन गया है, जो चांद के अंधेरे हिस्से से सैंपल लाने में सफल रहा है। चीनी नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन का चैंग ई-6 लैंडर 53 दिन बाद कैप्सूल में सैंपल



लेकर धरती पर लौटा है। चीन ने 3 मई को चैंग ई-6 मिशन लॉन्च किया था। इस प्रोब का लक्ष्य चांद के सबसे दूर वाले हिस्से (जहां अंधेरा होता है) पर जाकर सैंपल इकट्ठे करके इन्हें धरती पर भेजना था। चीन ने 2030 तक इंसान को चांद पर भेजने का लक्ष्य रखा है। यह मिशन भी उसी टारगेट का हिस्सा है। अभी तक चांद पर जा चुके सभी 10 लूनर मिशन पास वाले हिस्से (जो हमें दिखता है) पर ही पहुंचे हैं। इनमें भारत और अमेरिका भी शामिल हैं। ऐसे में चांद ने फार साइड से सैंपल लाकर स्पेस रेस में अमेरिका को कड़ी चुनौती दी है।

**चांद की सतह से 2 किलो मिट्टी लाया**

दरअसल, अब तक की रिसर्च में संभावना जताई गई है कि चांद के इस हिस्से पर बर्फ के तौर पर पानी मौजूद है। अमेरिका भी चांद के इसी हिस्से पर अपना बेस बनाना चाहता है। रिपोर्ट के मुताबिक, चैंग ई-6 मिशन अपने साथ चांद की सतह से 2 किलो मिट्टी लेकर लौटा है। चांद की सतह से सैंपल इकट्ठे करने के लिए ड्रिल और रोबोटिक आर्म का इस्तेमाल किया गया था। इसके जरिए चांद पर मौजूद 4 अरब साल पुराने क्रेटर से मिट्टी निकाली गई। इसके बाद सैंपल को एक कैप्सूल में डालकर री-एंट्री व्हीकल में ट्रांसफर किया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय से रूस पर बड़ा एक्शन, यूक्रेन में नागरिकों पर हमला करने के लिए अधिकारियों के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी

**कीव (एजेंसी)।** अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय ने मंगलवार को यूक्रेन में नागरिक ठिकानों पर हमला करने के लिए रूस के पूर्व रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगू और उसके सैन्य प्रमुख जनरल वालेरी गेरासिमोव के खिलाफ युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया। यह ऐसे समय में हुआ है जब हाल के दिनों में मॉस्को और कीव के बीच तीव्र लड़ाई हुई है जिसमें कई लोग मारे गए हैं।

एक एक आधिकारिक बयान मेंअदालत ने कहा कि ÷विश्वास करने के लिए उचित आधार हैं÷ कि दोनों अधिकारी नागरिक वस्तुओं पर हमलों का निर्देश देने और नागरिकों को अत्यधिक नुकसान पहुंचाने के युद्ध अपराध में शामिल हैं। वे कम से कम 10 अक्टूबर, 2022 से कम से कम 9 मार्च, 2023 तक यूक्रेनी विद्युत बुनियादी ढांचे के खिलाफ रूसी सशस्त्र बलों द्वारा किए गए मिसाइल हमलों की भी जिम्मेदारी लेते हैं।



रूस, यूक्रेन की तरह आईसीसी का सदस्य नहीं है। उसने बार-बार कहा है कि यूक्रेन का ऊर्जा बुनियादी ढांचा एक वैध सैन्य लक्ष्य है और नागरिकों या नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने से इनकार करता है। हालाँकि, अदालत के पास गिरफ्तारी को लागू करने का कोई साधन नहीं है, और इसके पिछले कई फैसलों को अतीत में नजरअंदाज कर दिया गया है क्योंकि इसके पास अपनी कोई ताकत नहीं है।

## ग्लेशियर पर बनी झील की दीवार टूटी, फ्रांस-स्विट्ज़रलैंड में दर्दनाक हादसा



**पेरिस (एजेंसी)।** फ्रांस में खूब बारिश के बाद ग्लेशियर पर बनी झील की दीवार टूटी। यानी ग्लेशियल लेक टूटी। इसके बाद पानी, बड़े बर्फ के टुकड़े, पत्थर, मिट्टी और मलबा बहते हुए तेजी से ला बेरार्डे गांव में आया। यह फ्रांस का खूबसूरत स्की रिजॉर्टट है। जहां दुनिया भर से स्कीयर आते हैं। ला बेरार्डे से करीब 135 किलोमीटर दूर स्विट्जरलैंड के जरमैट में इसी तरह का मौसम बना। वहां भी मैटरविस्पा नदी में फ्लैश फ्लड आया। जिससे नदी के किनारे टूट गए। इसकी वजह से जरमैट कस्बे में बाढ़ आ गई। पूरे कस्बे में यातायात बंद हो गया। न ट्रेन चल रही है। न ही गाड़ियों के चलने लायक सड़क बची है। स्विट्जरलैंड में प्रशासन ने इस आपदा को चौथे स्तर की आपदा बताई है। रोन नदी और उसकी शाखाएं भी बाढ़ग्रस्त हैं। प्रशासन को आशंका है कि इसकी वजह से और जगहों पर भी बाढ़ आएगी। जहां से आपदा आई, वो एल्प्स के पहाड़ कम से कम 4000 मीटर ऊंचे हैं।

अच्छी बात ये है कि इस घटना में किसी के मौत की खबर नहीं आई है। हालांकि पूरा कस्बा बर्बाद हो गया है। घर टूट गए हैं। सड़कें लापता हो गई हैं। सैकड़ों लोगों यानी कस्बे के स्थानीय लोग और पर्यटकों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। इमरजेंसी सर्विसेस ने हेलिकॉप्टर के जरिए वहां फंसे हुए लोगों को बाहर निकाला। ला बेरार्डे के ऊपर एल्प्स के पहाड़ हैं। जहां पर बॉनपियरे ग्लेशियर मौजूद है। यह ग्लेशियर 2600 मीटर यानी 8530 फीट ऊपर ग्लेशियल लेक टूटी। यह लेक 40 घंटे पहले ही बनी थी। वैज्ञानिक इसे सुप्राग्लेशियल लेक कह रहे हैं। यानी बारिश और बर्फ के पिघलने से तत्काल बनी झील। जिसकी दीवार टूटी तो ला बेरार्डे में आपदा आई। बता दें कि एकरिन नेशनल पार्क में आता है, जो एल्प्स की पहाड़ियों में बसा है। लगातार बारिश की वजह से 2600 मीटर की ऊंचाई पर मौजूद बर्फ पिघली। ग्लेशियल लेक टूटी और इससे फ्लैश फ्लड आया। अचानक आई इस बाढ़ ने इटैनकॉन्स टोरेंट नाम के ब्रिज को तोड़ दिया। यह इकलौता ब्रिज था, जिसके जरिए ला बेरार्डे जाया जाता था।

## पाकिस्तान में फैला कांगो वायरस, एक युवक की मौत, अलर्ट जारी, बुखार, पीठ दर्द, उल्टी, मांसपेशियों में दर्द, गले में खराश हैं लक्षण

इस्लामाबाद। दुनिया अभी महामारी यानी कोविड-19 को भूल भी नहीं पाई है कि अब भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान से एक और वायरस की खबर आ रही है। पाकिस्तान में कांगो वायरस कहर ढा रहा है। इसके मामले बढ़ रहे हैं इससे पाकिस्तान सरकार की चिंताएं बढ़ गई हैं। पाकिस्तान के कई शहरों में कांगो वायरस से संक्रमण की खबरें सामने आ रही हैं। कांगो वायरस का ताजा मामला पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रान्त से सामने आया है। जहां 32 साल के एक युवक में कांगो वायरस पाया गया है। पाकिस्तान में कांगो वायरस का यह अब तक का 13वां मामला है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कांगो वायरस से संक्रमित एक शख्स की अब तक जान भी जा चुकी है। पाकिस्तान के स्वास्थ्य विभाग ने कांगो वायरस को लेकर अलर्ट जारी किया है। लोगों को बुखार, पीठ में दर्द, उल्टी, सिरदर्द, दस्त, मांसपेशियों में दर्द, गले मे खराश होने पर तुरंत जांच कराने की सलाह दी है। कांगो वायरस भेड़ बकरियों, खरगोश जैसे मवेशियों से फैलता है। इससे पहले, कांगो वायरस से पीड़ित एक युवक ने पेशावर में मौत हो चुकी है।

## निज्जर की याद में मौन रखना... चरमपंथ और हिंसा को बढ़ावा देना

**– कनाडाई सांसद चंद्र आर्य ने अपनी सरकार को दिखाया आईना**

**ओटावा (एजेंसी)।** कनाडा के एक सांसद ने खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की याद में मौन रखने के फैसले की कड़ी आलोचना कर अपनी ही सरकार को घेरा है। नेपियन सीट से सांसद भारतीय मूल के चंद्र आर्य ने कहा कि जांच में खुलासा हुआ है कि निज्जर का संबंध चरमपंथियों से था, इसके बाद उसकी याद में संसद में मौन रखने के सरकार के फैसले पर निराशा जाहिर की।

रिपोर्ट्स के अनुसार, चंद्र आर्य ने कहा, जब संसद में किसी के सम्मान में मौन रखने का फैसला किया जाता है, तब यह बहुत ही खास होता है और कुछ महान कनाडाई लोगों के लिए ऐसा किया जाता है, लेकिन निज्जर उन लोगों में से नहीं हैं। उन्होंने निज्जर की हत्या को विदेशी सरकार से जोड़ने के विश्वसनीय आरोपों के बावजूद निज्जर को इतना सम्मान देने की आलोचना की।

उल्लेखनीय है कि बीती 18 जून को कनाडा की संसद में सभी सांसदों ने



निज्जर के लिए मौन रखा। निज्जर की एक साल पहले ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में गुरुद्वारे के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिस ट्रूडो ने इस हत्या का आरोप भारत सरकार पर लगाया था। ट्रूडो के आरोपों को भारत ने बेतुका बताकर खारिज कर दिया था। इसके बाद दोनों देशों के रिश्तों में खटास आ गई। चंद्र आर्य उन सांसदों में शामिल हैं, जो भारत के साथ मिलकर काम करने की वकालत करते हैं। आर्य ने चिंता जताकर कहा कि जांच में पता चला है कि निज्जर ने फर्जी पासपोर्ट का उपयोग करके कनाडा में प्रवेश किया था, हिंसा को बढ़ावा दिया और खालिस्तान की वकालत करने वाले सिख आतंकवादियों से जुड़ा हुआ था। जांच में निज्जर की कनाडा की नो-फ्लाई सूची में मौजूदगी और पुलिस पूछताछ के कई उदाहरण भी सामने आए।

## विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे रिहा, जासूसी के लगे थे आरोप

**लंदन (एजेंसी)।** विकीलीक्स के संस्थापक 52 वर्षीय जूलियन असांजे पर अफगानिस्तान और इराक में युद्धों से संबंधित अमेरिकी सेना की खुफिया जानकारियों को लीक करने का आरोप है। उन्होंने क्लासीफाइड अमेरिकी दस्तावेजों को प्राप्त करने और उन्हें उजागर करने की साजिश रचने के आपराधिक मामले में अपनी गलती मानने पर हामी भर दी है। अब असांजे इस सप्ताह अमेरिकी जासूसी कानून का उल्लंघन करने के लिए अपराध स्वीकार करेंगे। इस डील के तहत ब्रिटेन में उनकी कैद खत्म हो गई है और उन्हें ऑस्ट्रेलिया लौटने की इजाजत भी मिल गई।

जूलियन असांजे को बुधवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 9 बजे साइपन द्वीप पर होने वाली सुनवाई में 62 महीने की सजा सुनाई जानी है। जूलियन पहले ही अपनी सजा काट चुके हैं। विकीलीक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा कि वह सोमवार को यूके की बेलमार्श जेल से बाहर आए और फिर यूके हाई कोर्ट ने उसे जमानत दे दी है। उसी दोपहर वह फ्लाइट में भी बैठ गए। विकीलीक्स द्वारा एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में नीली शर्ट और जींस पहने असांजे को एक निजी जेट में सवार होने से पहले एक दस्तावेज पर हस्ताक्षर करते हुए दिखाया गया है। असांजे को पहली बार 2010 में ब्रिटेन में एक यूरोपीय



गिरफ्तारी वारंट पर गिरफ्तार किया गया था, जब स्वीडिश अधिकारियों ने कहा था कि वे उनसे यौन-अपराध के आरोपों पर पूछताछ करना चाहते हैं। इन आरोपों को बाद में हटा दिया गया था। वह स्वीडन में प्रत्यर्पण से बचने के लिए इक्वाडोर के एम्बेसी में चले गए थे, जहां वह सात साल तक रहे। उन्हें 2019 में एम्बेसी से बाहर निकाला गया और जेल में डाल दिया गया। वह तब से लंदन की बेलमार्श जेल में है, जहां से वह लगभग पांच सालों से अमेरिका में प्रत्यर्पण के लिए लड़ रहे थे।

असांजे के खिलाफ आरोपों ने उनके कई समर्थकों में आक्रोश पैदा कर दिया था। उन्होंने तर्क दिया है कि विकीलीक्स के प्रकाशक के रूप में असांजे को उन आरोपों का सामना नहीं करना चाहिए जो आमतौर पर सरकार के कर्मचारियों के खिलाफ लगाए जाते हैं, जो जानकारी चुराते या लीक करते हैं। ऑस्ट्रेलियाई सरकार के प्रवक्ता ने कहा, प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ ने स्पष्ट कहा है कि असांजे का मामला बहुत लंबा खिंच गया है और उन्हें लगातार जेल में रखने से कुछ भी हासिल नहीं होने वाला है। 2010 में विकीलीक्स ने अफगानिस्तान और इराक में अमेरिका के युद्धों से संबंधित लाखों क्लासीफाइड अमेरिकी सैन्य दस्तावेज़ लीक कर दिए थे। अमेरिकी सैन्य इतिहास में यह इस तरह का सबसे बड़ा सुरक्षा उल्लंघन था। असांजे पर पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन के दौरान विकीलीक्स द्वारा गुप्त अमेरिकी दस्तावेजों को बड़े पैमाने पर जारी करने के लिए अभियोग लगाया गया था। इन दस्तावेजों को चेल्सी मैनिंग ने लीक किया था। मैनिंग, एक पूर्व अमेरिकी सैन्य खुफिया विश्लेषक हैं जिन पर अमेरिका के जासूसी अधिनियम के तहत मुकदमा भी चलाया गया था। 7,00,000 से अधिक दस्तावेजों के इस संग्रह में डिप्लोमेटिक केबल और युद्ध के मैदान के विवरण शामिल थे। इनमें 2007 का एक वीडियो भी शामिल था जिसमें एक अमेरिकी अपाचे हेलीकॉप्टर इराक में संदिग्ध विद्रोहियों पर फायरिंग कर रहा था, जिसमें एक दर्जन लोग मारे गए थे।

## भारत के इस कदम से बौखला उठेगा अमेरिका, यूक्रेन युद्ध के बाद पहली बार क्या करने जा रहे पीएम मोदी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और रूस पूरी तैयारी में हैं क्योंकि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के जुलाई में रूस का दौरा करने की उम्मीद है। रूसी मीडिया ने मंगलवार को क्रेमलिन के एक सहयोगी के हवाले से कहा कि पिछले साल रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा उन्हें आमंत्रित किए जाने के बाद पीएम मोदी जुलाई में रूस का दौरा कर सकते हैं। क्रेमलिन ने मार्च में कहा था कि मोदी को रूस आने का खुला निमंत्रण है और पुतिन के साथ बैठक होगी। विशेष रूप से, पुतिन ने पिछले साल मॉस्को में विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की थी, जहां उन्होंने पीएम मोदी को 2024 में रूस आने का निमंत्रण दिया था। पुतिन ने जयशंकर से कहा कि अपने दोस्त, प्रधान मंत्री मोदी को रूस में देखकर खुशी होगी।

अगर पीएम मोदी रूस जाते हैं तो वह और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन तीन साल के अंतराल के बाद भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन आयोजित करने के लिए तैयार हैं। भारत के प्रधान मंत्री और रूस के राष्ट्रपति के बीच वार्षिक शिखर सम्मेलन दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी में सर्वोच्च संस्थागत संवाद तंत्र है। यह पीएम मोदी की पांच साल में पहली रूस यात्रा भी होगी। रूसी राष्ट्रपति ने आगे कहा कि हम सभी मौजूदा मुद्दों पर चर्चा करने में सक्षम होंगे, रूसी-भारत संबंधों के विकास के दृष्टिकोण के बारे में बात करेंगे। हमारे पास करने के लिए बहुत बड़ा काम है।

उन्होंने भारतीय विदेश मंत्री से निमंत्रण के साथ पीएम मोदी को अपनी ÷शुभकामनाएं÷ देने के लिए कहा। जयशंकर ने यह भी कहा कि उन्हें विश्वास है कि प्रधान मंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन इस साल वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए मिलेंगे, यह देखते हुए कि दोनों नेता इस पूरे वर्ष लगातार संपर्क में रहे हैं।



# बांग्लादेश पर अफगानिस्तान की जीत के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेविड वार्नर का सफर खत्म

**किंग्सटाउन (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज डेविड वार्नर के उपलब्धियों और विवादों से भरे 15 साल लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर का मंगलवार को यहां टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान की बांग्लादेश पर जीत के साथ निराशाजनक अंत हो गया। अफगानिस्तान की जीत के साथ पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहा। बांग्लादेश के खिलाफ जीत के साथ 2021 का चैंपियन ऑस्ट्रेलिया सिर्फ दो अंक के साथ सुपर आठ ग्रुप एक तालिका में तीसरे स्थान पर रहा। टीम को अफगानिस्तान के खिलाफ चौंकाने वाली हार के अलावा भारत के खिलाफ भी शिकस्त झेलनी पड़ी।

जनवरी 2009 में टी20 मुकाबले के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 37 वर्षीय वार्नर ने अपना अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच 24 जून को ग्रॉस आइलेट में भारत के खिलाफ खेला जिसमें ऑस्ट्रेलिया को 24 रन से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया के सर्वकालिक महान बल्लेबाजों में से एक वार्नर को गॉर्ड ऑफ ऑनर नहीं मिल सका और ना ही दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। अपने अंतिम मुकाबले में उन्होंने छह गेंद में छह रन बनाए और अर्शदीप सिंह की गेंद पर सूर्यकुमार यादव को कैच दे बैठे। वह सिर झुकाए मैदान से बाहर चले गए, उन्हें नहीं पता था कि यह उनका आखिरी मैच था या नहीं।

वार्नर ने नवंबर 2023 में भारत में विश्व कप फाइनल जीत के रूप में अपना आखिरी एकदिवसीय मैच और इस साल जनवरी में पाकिस्तान के खिलाफ अपना अंतिम टेस्ट खेला। उन्होंने काफी पहले ही संकेत दे दिया था कि यह टी20 विश्व कप उनका अंतिम अंतराष्ट्रीय टूर्नामेंट होगा। वार्नर ने 110 मैच में 33.43 के औसत और 142.47 के स्ट्राइक रेट से 3,277 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया के सर्वोच्च स्कोरर और दुनिया के सातवें सबसे सफल बल्लेबाज के रूप में टी20 प्रारूप से संन्यास लिया। उन्होंने सबसे छोटे प्रारूप में एक शतक और 28 अर्द्धशतक बनाए।

उन्होंने 2011 से 2024 के बीच 112 टेस्ट में 44.59 की औसत से 26 शतक और 37 अर्द्धशतक के साथ 8,786 रन बनाए जबकि 161 एकदिवसीय मुकाबलों में 22 शतक और 33 अर्धशतक की मदद से 45.30 की औसत से 6,932 रन जोड़े। वार्नर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 49 शतक और 19,000 के करीब रन बनाए। उन्होंने स्वीकार किया था कि उनका नाम हमेशा के लिए 'सैंडपेपर गेट प्रकरण' से जुड़ा रहेगा जो 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैच के दौरान केपटाउन के न्यूलैंड्स में हुआ था।

न्यूलैंड्स टेस्ट में कैमरन बेनक्रॉफ्ट ने गेंद को खुरचने के लिए सैंडपेपर का इस्तेमाल किया था और प्रकरण में शामिल होने के लिए वार्नर पर एक साल का प्रतिबंध लगाया गया था। तत्कालीन कप्तान स्टीव स्मिथ को भी यही सजा मिली थी। वार्नर को ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट ढांचे में किसी भी नेतृत्व की भूमिका निभाने से भी




आजीवन प्रतिबंधित कर दिया गया था। पिछले हफ्ते ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश के बीच सुपर आठ के मुकाबले से पहले नॉर्थ साउंड में उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि यह अपरिहार्य होगा कि जब लोग 20 या 30 साल बाद मेरे बारे में बात करेंगे तो हमेशा सैंडपेपर प्रकरण की चर्चा होगी।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन मेरे लिए अगर वे वास्तव में क्रिकेट प्रेमी हैं और उन्हें क्रिकेट से प्यार है, (साथ ही) मेरे सबसे करीबी समर्थक हैं, तो वे हमेशा मुझे उस क्रिकेटर के रूप में देखेंगे - जिसने खेल को बदलने की कोशिश की।

# अब खिलाड़ियों क लिए आचार संहिता बनाएगा पीसीबी

### –बड़े टूर्नामेंट में परिवार को साथ ले जाने पर भी लगेगी रोक

**कराची (एजेंसी)।** आईसीसी टी20 विश्वकप में पाकिस्तान टीम के बेहद खराब प्रदर्शन के बाद से ही पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) बेहद दबाव में है। ऐसे में वह बड़े बदलाव करने की योजना बना रहा है जिससे की हालात बदले जा सकें। पीसीबी अब खिलाड़ियों के लिए आचार संहिता भी बनाएगा जिससे खिलाड़ी अन्य बातों पर ध्यान न देते हुए खेल में ही लगे रहे। इसका कारण ये है कि अमेरिका में विश्वकप के दौरान खिलाड़ियों के परिवार को लेकर जाने और अन्य प्रचार कार्यक्रमों में शामिल होने से पीसीबी की जमकर किरकिरी हुई है। इसके अलावा जिस प्रकार से तेज गेंदबाज हारिस राउफ ने प्रशंसकों से झगड़ा किया था उसे भी पीसीबी ने गंभीरता से लिया है। टीम में गुटबाजी को भी पीसीबी ने गंभीरता से लिया है। कई पूर्व खिलाड़ियों ने आरोप लगाये थे कि कप्तान बाबर आजम और तेज गेंदबाज शाइन आफरीदी के गुटों में मतभेद हैं।

ये भी कहा जा रहा है कि पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी कुछ अधिकारियों से भी नाराज हैं। इन अधिकारियों को टीम में व्याप्त अनुशासनहीनता के लिए जिम्मेदार माना जा रहा है। ऐसे में कहा जा रहा है कि पीसीबी भविष्य में वरिष्ठ प्रबंधन स्तर के कुछ अधिकारियों को बाहर कर देगा और खिलाड़ियों के लिए कुछ सख्त नीतियां भी लागू करेगा।

एक रिपोर्ट के अनुसार खिलाड़ियों को आईसीसी और अन्य प्रमुख प्रतियोगिताओं में अपने परिवारों को साथ ले जाने की अनुमति नहीं देने के बारे में फैसला भी पीसीबी कर सकता है। खिलाड़ी ना केवल अपनी पत्नियों और बच्चों को विश्व कप के लिए ले गए बल्कि उनके माता-पिता, भाई आदि भी टीम होटल में ठहरे जिससे अध्यक्ष नाराज हैं।

वहीं जब इस बारे में पूछताछ की गई कि खिलाड़ियों को अपने परिवार के सभी सदस्यों को दौरे पर ले जाने की अनुमति किसने दी तो पता चला कि इस फैसले के पीछे भी बोर्ड के ही कुछ वरिष्ठ अधिकारी थे। इससे नाराज पीसीबी प्रमुख ने अब वरिष्ठ प्रबंधन स्तर के सभी अधिकारियों से प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट मांगी है। इसके अलावा वह अगले साल की शुरुआत में पाकिस्तान में होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए काम की प्रगति से भी संतुष्ट नहीं हैं। कुछ पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने डलास में एक 'मीट-एंड-ग्रीट कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रति व्यक्ति 2500 डॉलर का शुल्क भी लिया। हैं।

# रोहित शर्मा ने बाबर आजम के रिकॉर्ड की बराबरी की, बतौर कप्तान जीते सबसे ज्यादा मैच




**सेंट लूसिया (एजेंसी)।** ग्रोस आइलेट (सेंट लूसिया) = स्टार भारतीय बल्लेबाज और कप्तान रोहित शर्मा ने टी20 क्रिकेट में कप्तान के तौर पर सबसे ज्यादा जीत के मामले में बाबर आजम के उल्लेखनीय रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। रोहित शर्मा ने डेरेन सैमी नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टी20 विश्व कप 2024 के सुपर आठ मैच में ऑस्ट्रेलिया पर भारत की 24 रन की जीत के बाद यह उपलब्धि हासिल की।

फिलहाल रोहित शर्मा ने टी20 प्रारूप में 60 मैच खेलकर भारत को 48 जीत दिलाई हैं। इस बीच पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने 85 मैचों में मेन इन ग्रीन का नेतृत्व किया और 48 जीत हासिल करने में सफल रहे। युगांडा के कप्तान ब्रायन मसाबा 20 ओवर के प्रारूप में अपनी टीम को 45 जीत दिलाने के बाद लिस्ट में तीसरे स्थान पर हैं।

मैच की बात करें तो सेंट लुसिया के मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सुपर 8 के तहत खेले गए मुकाबले में टीम इंडिया को 24 रन से विजयी मिली। रोहित शर्मा ने 41 गेंदों पर 92, सूर्यकुमार यादव ने 31, शिवम दुबे ने 28 और हार्दिक पांड्या ने 27 रन बनाकर स्कोर 205 तक पहुंचाया था। जवाब में खेलने उतरी ऑस्ट्रेलिया टीम की ओर से ट्रेविस हेड ने 76 तो मिचेल मार्श ने 37 रन जरूर बनाए लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला पाए। ऑस्ट्रेलिया ने 7 विकेट खोकर 181 रन ही बनाए और 24 रन से मुकाबला गंवा दिया।

# सेमीफाइनल में पहुंचकर जश्न में डूबा अफगानिस्तान, दुनिया ने बांधे टीम की तारीफों के पुल

**काबुल (एजेंसी)।** दिग्गजों को जमींदोज करके टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंची अफगानिस्तान क्रिकेट टीम की इस उपलब्धि ने पूरे देश को जश्न में सराबोर कर दिया और लोग सड़कों पर खुशियां बांटने निकल पड़े। बांग्लादेश के खिलाफ सुपर आठ चरण के वर्षाबाधित मैच में अफगानिस्तान ने आठ रन से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह बनाई। इसके साथ ही उसने ऑस्ट्रेलिया जैसे दिग्गज को भी बाहर कर दिया। इससे पहले ग्रुप चरण में उसने न्यूजीलैंड को हराया था।

नवीनुल हक ने जैसे ही मुस्ताफिजूर रहमान को पगबाधा आउट किया, खोस्त, पकतिया और काबुल में बड़ी तादाद में क्रिकेटप्रेमी जुटने लगे। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इन



शहरों की तस्वीरें एक्स पर डाली है। इसके साथ कैप्शन दिया है, ' देखो कि सफलता के हमारे लिए क्या मायने हैं।'

एक और पोस्टर में हजारों प्रशंसकों को सड़कों पर, अपने घरों की बालकनी में और दुकानों की छतों पर जश्न मनाते देखा गया। कैप्शन में कहा गया, 'उन्हें पता है कि टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान के नायकों की जीत का जश्न कैसे मनाना है।'

चैम्पियन बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने लिखा, 'अफगानिस्तान का सेमीफाइनल में पहुंचना अतुलनीय है। न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया जैसी टीमों को हराया। यह जीत आपकी प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत की देन है। आपकी प्रगति पर गर्व है।'

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व हरफनमौला टॉम मूडी ने टीम को बधाई देते हुए कहा, 'क्या शानदार मैच था। अफगानिस्तान टीम को बधाई।'

पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने लिखा, 'क्या शानदार जीत। न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचना। इसे ही तरक्की कहते हैं। बधाई हो।'

युवराज सिंह ने लिखा, 'शानदार नजारा। जबर्दस्त जीत। रोमांचक मैच। जज्बातों का सैलाब। पठान पहली बार सेमीफाइनल में। नवीनुल हक का मैच विनिंग प्रदर्शन। बेजोड़ क्रिकेट।'

## एमएलसी में छह टीमें भाग लेंगी

मुम्बई। अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट (एलएलसी) मुकाबले अगले माह चार जुलाई से शुरु होंगे। ऐसे में प्रशंसकों को एक बार फिर क्रिकेट के रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। टी20 विश्वकप के अमेरिकी चरण में दर्शकों ने यहां खेल का पूरा आनंद लिया है। वहीं अब एलएलसी में भी उसे कई दिग्गज क्रिकेटर खेलते हुए दिखेंगे। टेक्सास और उत्तरी कैरोलिना में 5 से 28 जुलाई तक होने वाले मेजर लीग क्रिकेट 2024 में छह टीमें हिस्सा लेंगी। मेजर लीग क्रिकेट या एमएलसी एक ट्वेंटी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट है और इंडियन प्रीमियर लीग के समान एक अमेरिकी टूर्नामेंट है। एमएलसी का पहला संस्करण पिछले साल आयोजित किया गया था। एमआई न्यूयॉर्क की टीम मौजूदा चैंपियन है। टीम एमएलसी 2023 फाइनल में सिएटल ओर्कास को हराकर पहले मेजर लीग क्रिकेट की विजेता बनी थी। एमएलसी 2024 सीज़न के ओपनर मैच पिछले साल के फाइनल मुकाबले के जैसा ही होगा, क्योंकि एमआई न्यूयॉर्क उत्तरी कैरोलिना के चर्च स्ट्रीट पार्क में एक बार फिर सिएटल ओर्कास का सामना करेगी। इसके बाद उसी दिन, टेक्सास सुपर किंग्स टेक्सास के ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में एलए नाइट राइडर्स की मेज़बानी करेगी। इस टूर्नामेंट में छह टीमें राउंड-रॉबिन लीग फॉर्मेट में 21 मैच खेलेंगी। पहले 15 मैच दो स्थानों - चर्च स्ट्रीट पार्क और ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में होंगे।

# विंबलडन में नजर नहीं आयेंगे मरे, पेरिस ओलंपिक में भी खेलना संदिग्ध

लंदन। ब्रिटेन के टेनिस स्टार एंडी मरे इस बार विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में नजर नहीं आयेंगे। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी मरे की पीठ की सर्जरी हुई है। वहीं विंबलडन अगले माह शुरु हो रहा है। विंबलडन के अलावा उनका ओलंपिक में खेलना भी संदिग्ध है। एटीपी ने कहा कि दो बार के विंबलडन चैंपियन मरे को स्पाइनल सिस्ट को हटाने के लिए सर्जरी करवाने के बाद आगामी विंबलडन से बाहर कर दिया गया है। एटीपी ने अपने संदेश में कहा कि अभी वह आराम करें और फिट हो जाएं हालांकि उनकी कमी खेलेगी। वहीं इससे पहले, उन्होंने बुधवार को जॉर्डन थॉम्पसन के खिलाफ अपने दूसरे दौर के मैच के पहले सेट में 4-1 से पिछड़ने के दौरान इसी चोट के कारण क्वींस क्लब चैंपियनशिप से नाम वापस ले लिया था।



फ्रेंच ओपन में खेलने से भी मरे की पीठ का दर्द बढ़ा था। वह पहले भी अपने करियर में चोटों से परेशान रहे हैं। साल 2019 में उन्होंने हिप सर्जरी कराकर वापसी की थी। उन्हें प्रमुख आयोजनों के नॉकआउट चरणों से आगे बढ़ना मुश्किल लगता है और हाल ही में उन्हें मार्च में मियामी ओपन में में भी घुटने में दर्द की परेशानी हुई थी।

# आगामी घरेलू सत्र से वापसी कर सकते हैं शार्दुल




लंदन। भारतीय टीम के ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर अभी अगले तीन से चार माह तक खेल से दूर रहेंगे। शार्दुल के पैर की हाल ही में सर्जरी हुई है। ऐसे में वह आगामी घरेलू सत्र से पहले या ठीक उसी समय वापसी कर सकते हैं। शार्दुल को इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान चोट फिर से उभर आई थी। हालांकि इसके बाद भी वह रणजी ट्रॉफी में खेले थे पर इसके बाद उन्होंने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से ब्रेक का अनुरोध किया था। शार्दुल बीसीसीआई के ग्रेड सी के वार्षिक अनुबंध धारक हैं इसलिए उनके इलाज का खर्च बोर्ड द्वारा उठाया गया। जहां तक उनकी वापसी का सवाल है तो इस बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है पर मामले माना जा रहा है कि वह सितंबर के बाद ही अभ्यास के लिए लौट पायेंगे।

पांच साल पहले 2019 में भी उनके पैर की सर्जरी हुई थी पर इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान यह चोट फिर से उभर आई थी। हालांकि वह पिछले सत्र में रणजी ट्रॉफी में शानदार वापसी करने में सफल रहे थे। उन्होंने खिलाड़ियों के उबरने और तैयारी के लिए पर्याप्त समय के लिए बीसीसीआई से मैचों के बीच लंबे ब्रेक का अनुरोध किया था। आईपीएल में इस बार वह हालांकि असफल रहे थे। चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए खेलते हुए उन्होंने नौ मैच में 9.75 की इकोनॉमी रेट से केवल पांच विकेट लिए।

# मेरे विकेटों का काफी श्रेय बुमराह को जाता है, कुलदीप चैम्पियन स्पिनर : अर्शदीप




**जॉर्जटाउन (एजेंसी)।** तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा कि जसप्रीत बुमराह की सटीक गेंदबाजी से बाकी भारतीय गेंदबाजों को बेहद दबाव के हालात में भी विकेट लेने का मौका मिल जाता है। अर्शदीप अब तक टी20 विश्व कप में 11.86 की औसत और 7.41 की इकॉनॉमी रेट से 15 विकेट ले चुके हैं। दूसरी ओर बुमराह ने 11 विकेट लिए हैं लेकिन उनका इकॉनॉमी रेट 4.08 ही रहा है।

अर्शदीप ने कहा, 'मुझे लगता है कि काफी श्रेय जसप्रीत को जाता है क्योंकि वह बल्लेबाजों पर काफी दबाव बनाते हैं। वह तीन या चार रन ही एक ओवर में देते हैं।' उन्होंने कहा, 'ऐसे में मुझे सिर्फ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होता है और विकेट लेने के कई मौके मिल जाते हैं। वे मेरे खिलाफ अधिक जोखिम लेने लगते हैं और फिर विकेट मिलने के मौके बन जाते हैं। इसलिए इसका ज्यादा श्रेय जसप्रीत को जाता है।'

स्पिनर कुलदीप यादव तीन मैचों में सात विकेट ले चुके हैं। उनके बारे में अर्शदीप ने कहा, 'कुलदीप चैम्पियन स्पिनर है। उसे जब भी मौका मिलता है, वह विकेट लेता है। वह टीम का अहम खिलाड़ी है और उम्मीद है कि वह आगे और भी विकेट लेगा।' इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल के बारे में उन्होंने कहा, 'इस समय मैं कुछ अपेक्षा नहीं कर रहा हूं। हालात देखकर समझेंगे कि अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कैसे कर सकते हैं।'

# सिर्फ ब्रायन लारा थे जिन्हें हमारे सेमीफाइनल में पहुंचने का यकीन था : राशिद खान

**किंग्सटाउन (एजेंसी)।** दो महीने पहले ब्रायन लारा ने अफगानिस्तान के टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावना जताई थी तो कइयों को हैरानी हुई लेकिन यह करिश्मा कर दिखाने वाली टीम के कप्तान राशिद खान ने उनसे वादा किया था कि वह उनके भरोसे पर खरे उतरकर दिखाएंगे। और ऐसा ही हुआ। काबुलीवाला की कहानी वाले युद्ध से जर्जर इस देश की यह कामयाबी अब क्रिकेट की किवदंतियों का हिस्सा होगी।

अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को आखिरी ग्रुप मैच में डकवर्थ लुईस प्रणाली से आठ विकेट पर हराकर न सिर्फ पहली बार विश्व कप के अंतिम चार में जगह बनाई बल्कि ऑस्ट्रेलिया जैसी दिग्गज को भी टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। लारा ने मई में एक सवाल के जवाब में कहा था, 'वेस्टइंडीज, भारत और इंग्लैंड सेमीफाइनल में पहुंच सकते हैं। चौथे स्थान के लिए मेरा दाव एक डार्कहॉर्स अफगानिस्तान पर है। मैने ग्रुपिंग देखी नहीं है लेकिन अफगानिस्तान ने जितने विश्व कप उसने अतीत में खेले हैं, यह टीम प्रगति की राह पर है और अंतिम चार में जगह बना सकती है।%




राशिद ने सेमीफाइनल में जगह पक्की करने के बाद कहा, 'हमारे लिये सेमीफाइनल में पहुंचना सपना सच होने जैसा है। हमने न्यूजीलैंड को हराया तो यह भरोसा बनने लगा था।% बांग्लादेश के खिलाफ मोर्चे से अगुवाई करके चार विकेट लेने वाले राशिद ने कहा, 'सिर्फ एक ही व्यक्ति है जिसने कहा था कि हम सेमीफाइनल तक पहुंच सकते हैं और वह ब्रायन लारा हैं। हमने उन्हें सही साबित कर दिखाया। जब हम स्वागत पार्टी में उनसे मिले तो मैने उनसे कहा था कि हम आपके भरोसे पर खरे उतरेंगे।'

सेमीफाइनल में 27 जून को अफगानिस्तान का सामना दक्षिण अफ्रीका से और भारत की टक्कर इंग्लैंड से होगी। तेज गेंदबाज नवीनुल हक और फजलहक फारूकी ने पूरे टूर्नामेंट में नयी गेंद से शानदार प्रदर्शन किया। लारा ने कहा, 'टी20 क्रिकेट में अच्छी शुरूआत से बीच के ओवरों में मदद मिलती है। पूरे टूर्नामेंट में इन दोनों ने शानदार शुरूआत दी जिससे हमारी राह आसान हो गई।'

बारिश के कारण खेल कई बार रोका गया। राशिद ने कहा कि वे दस विकेट लेने के लिए मानसिक रूप से तैयार थे। उन्होंने कहा, 'बारिश हमारे हाथ में नहीं है लेकिन हमें पता था कि पूरे 20 ओवर खेलकर दस विकेट लेने हैं। इसी तरीके से हम जीत सकते थे। गुलबदिन को ऐंठन हो गई थी लेकिन उसका विकेट हमारे लिये अहम था।' कप्तान ने कहा कि अफगानिस्तान में जश्न का माहौल होगा। उन्होंने कहा, 'यह हमारे लिए भी बड़ी उपलब्धि है। हमने अंडर 19 स्तर पर यह किया है लेकिन इस स्तर पर नहीं। मैं बयां नहीं कर सकता कि देश में क्या माहौल होगा। हमें हर हालत में सेमीफाइनल में पहुंचना था ताकि देशवासियों को यह खुशी दे सकें।'

# भारत को तीरंदाजी में ओलंपिक कोटा, दीपिका और तरूणदीप चौथी बार खेलेंगे




नई दिल्ली। पिछले 12 साल में पहली बार भारत ओलंपिक में पूरा छह सदस्यीय दल भेजेगा जो पेरिस ओलंपिक में सभी पांच वर्गों में भाग ले सकेगा। भारत ने सोमवार को विश्व तीरंदाजी की नवीनतम रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक के लिए तीरंदाजी में पुरुष और महिला टीम कोटा हासिल कर लिया। भारत इस तरह से पेरिस में सभी पांच पदक स्पर्धाओं (पुरुष और महिला टीम, व्यक्तिगत और मिश्रित श्रेणियों) में प्रतिस्पर्धा करने का पात्र होगा। भारत ने पुरुष और महिला दोनों वर्गों में क्वालिफिकेशन हासिल करने में नाकाम रहे देशों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर टीम कोटा पक्का किया। पिछली बार भारत ने लंदन ओलंपिक 2012 में छह सदस्यीय तीरंदाजी टीम भेजी थी जिसने चार वर्गों में भाग लिया। मिश्रित टीम स्पर्धायें तोक्यो ओलंपिक से ही शुरू हुई है। भारत ने तीरंदाजी में कभी ओलंपिक पदक नहीं जीता है। पुरुष वर्ग में रैंकिंग के आधार पर भारत और चीन ने कोटा हासिल किया, जबकि महिला वर्ग में भारत के अलावा इंडोनेशिया कोटा हासिल करने वाला दूसरा देश रहा। ओलंपिक में 12 देश टीम स्पर्धाओं में चुनौती पेश करेंगे जबकि मिश्रित प्रतियोगिताओं में पांच टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। यह पहली बार है जब तीन चरण के ओलंपिक क्वालीफायर के बाहर रहने वाले शीर्ष दो देशों को टीम कोटा प्रदान किया गया है। अनुभवी तीरंदाज तरूणदीप रॉय और दीपिका कुमारी रिकॉर्ड चौथी बार ओलंपिक में चुनौती पेश करेंगे। सेना के 40 साल के दिग्गज तरूणदीप ने 2004 में एथेंस ओलंपिक में पहली बार देश का प्रतिनिधित्व किया था। जबकि दीपिका का यह लगातार चौथा ओलंपिक होगा। उन्होंने 2012 में लंदन में पहली बार ओलंपिक खेलों में हिस्सा लिया था। धीरज बोम्मदेवरा, अंकिता भकत और भजन कौर ओलंपिक में पदार्पण करेंगे, जबकि प्रवीण जाधव का तोक्यो के बाद यह लगातार दूसरा ओलंपिक खेल होगा। भारतीय टीम- पुरुष- तरुणदीप राय, धीरज बोम्मदेवरा और प्रवीण जाधव। महिला- दीपिका कुमारी, भजन कौरऔर अंकिता भकत। कोच - बाएक वूंगकी, पूर्णिमा महतो और सोनम शेरिंग भूटिया।

# पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे घुड़सवार अनुष

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एशियाई खेलों के पदक विजेता घुड़सवार अनुष अग्रवाल पेरिस ओलंपिक की ड्रेसेज स्पर्धा में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। अनुष ने बेहतर औसत के कारण करीबी मुकाबले में श्रुति वोरा को पछाड़ा। भारतीय घुडसवारी महासंघ (ईएफआई) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। हांगझोउ एशियाई खेल 2022 में टीम ड्रेसेज स्पर्धा का स्वर्ण और व्यक्तिगत ड्रेसेज स्पर्धा का कांस्य पदक जीतने वाले अनुष को श्रुति पर तरजीह दी गई। दोनों खिलाड़ियों के हाल के प्रदर्शन के विश्लेषण के बाद अनुष को चुना गया।

ओलंपिक की ड्रेसेज स्पर्धा में पहली बार कोई भारतीय घुड़सवार हिस्सा लेगा। इससे पहले भारत के घुड़सवारों ने इवेंटिंग स्पर्धा में ही हिस्सा लिया है। अनुष (अपने घोड़े सर कैरामेलो ओल्ड के साथ) ने पिछले साल शुरू हुए क्वालीफिकेशन चक्र के दौरान प्रदर्शन में निरंतरता दिखाई और न्यूनतम पात्रता आवश्यकता (एमईआर) को चार बार पूरा किया जबकि अनुभवी श्रुति ने इस महीने दो बार एमईआर हासिल किया। उनका औसत स्कोर 67.695 प्रतिशत था जो श्रुति के 67.163 प्रतिशत से बेहतर था। ईएफआई द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार पेरिस खेलों में पात्र होने के लिए राइडर और घोड़े के संयोजन को एक जनवरी 2023 और 24 जून 2024 के बीच दो बार न्यूनतम 67 प्रतिशत हासिल करना आवश्यक है। ईएफआई चयन मानदंडों के अनुसार यदि एक से अधिक खिलाड़ी पात्र हैं तो पिछले एक वर्ष में सर्वश्रेष्ठ चार स्पर्धाओं में से ग्रां प्री में उच्चतम औसत वाले खिलाड़ी को भाग लेने के लिए चुना जाएगा। ईएफआई की कार्यकारी परिषद ने अनुष को सर्वसम्मति से चुना। फवाद मिर्जा ने 2020 तोक्यो खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। इससे पहले इम्तियाज अनीस ने 2000 सिडनी खेलों में शिरकत की थी जबकि इंद्रजीत लांबा ने 1996 अटलांटा खेलों में हिस्सा लिया था। जितेंद्रजीत सिंह अहलुवालिया, हुसैन सिंह, मोहम्मद खान और दारया सिंह 1980 मास्को खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।



# यूएफा अब खिलाड़ियों की सुरक्षा और बढ़ाएगा

फ्रैंकफर्ट। यूरोपीय फुटबॉल संघ (यूईफा) अब खिलाड़ियों की सुरक्षा और सख्त करने जा रहा है। फुटबॉल संघ का कहना है कि यूरोपीय चैम्पियनशिप में खिलाड़ियों तक प्रशंसकों की पहुंच रोकने के लिए मैदान के बाहर सुरक्षा बढ़ायी जायेगी। स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के साथ प्रशंसकों के सेल्फी लेने के प्रयास को देखते हुए अब यूएफा अब कोई खतरा नहीं उठाना चाहता और वह पूरी तरह सतर्क हो गया है। उसका कहना हे कि तकरीबन छह प्रशंसकों ने सुरक्षा घेरा तोड़कर रोनाल्डो के साथ सेल्फी लेने के प्रयास किये थे। ऐसे में सभी स्टेडियमों में सुरक्षा बढ़ा दी जाएगी। यूईफा ने कहा, ''मैदान पर किसी भी तरह घुसने की कोशिश करना स्टेडियम के नियमों का उल्लंघन होगा जिसके कारण ऐसा करने वाले को स्टेडियम से बाहर कर दिया जायेगा, टूर्नामेंट के सभी मैचों से प्रतिबंधित कर दिया जायेगा और मैदान में घुसने के लिए आपराधिक शिकायत भी दर्ज की जायेगी। '' पुर्तगाल की तुर्की पर मिली 3-0 की जीत के दौरान चार प्रशंसक सेल्फी लेने के लिए रोनाल्डो का पीछा करते हुए मैदान पर आ गये थे। मैच खत्म होने के बाद और भी खेल प्रेमियों ने सेल्फी लेने की कोशिश की हालांकि वे सिर्फ सेल्फी लेना चाहते थे पर टूर्नामेंट सुरक्षा योजना के अंतर्गत खिलाड़ियों को किसी भी नुकसान से बचाना भी शामिल है। यूएफा खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर कोई समझौता नहीं करना चाहती है।

# जीएसटी काउंसिल की बैठक में विभिन्न सिफारिशों की जानकारी

तेज. रिपोर्टर | नोहर

22 जून को जीएसटी काउंसिल की 53वीं बैठक आयोजित की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक के बाद एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई जिसमें जीएसटी काउंसिल द्वारा की गई विभिन्न सिफारिशों के बारे में जानकारी दी गई। इस संबंध में सीए प्रतीक मित्रुका ने बताया कि यह बैठक काफी समय से प्रतीक्षित थी क्योंकि पिछली जीएसटी काउंसिल बैठक अक्टूबर 2023 में हुई थी। व्यापार जगत और उद्योगों की ओर से कई महत्वपूर्ण बदलावों की मांग की जा रही थी और इस बार की बैठक में कई महत्वपूर्ण सिफारिशें की गई। जीएसटी काउंसिल की सिफारिशें केवल सिफारिशें हैं और इन्हें लागू करने के लिए सरकार को अधिसूचना या बजट में शामिल करने की आवश्यकता होगी। जीएसटी काउंसिल ने एक नया सेक्शन 128 ए पेश करने की सिफारिश की है। इस सेक्शन के तहत, इंटरेस्ट और पेनल्टी पर कंडीशनल वेवर देने की बात की गई है। यह वेवर उन नोटिसों पर लागू होगा जो सेक्शन 73 के तहत वित्तीय वर्ष 2017-18, 2018-19 और 2019-20 के लिए जारी किए गए हैं। सरकार का तर्क है कि जीएसटी के शुरुआती समय में व्यापारियों को इसकी समझ नहीं थी और उनसे गलतियां हो गई। सेक्शन 73 उन मामलों की बात करता है जहां धोखाधड़ी, जान बूझकर गलत जानकारी या तथ्य छिपाने की बात नहीं होती है। इसलिए यह वेवर उन्हीं मामलों पर लागू होगा जहां केवल असावधानी या अनजाने में की गई गलतियाँ हुई हैं। व्यापारियों को यह समझना होगा कि वे इंटरेस्ट और पेनल्टी की पेमेंट करें या नोटिस के एक्सट्रा टैक्स डिमांड की पेमेंट करें। यह निर्णय उन्हें उनके लाभ और नुकसान के आधार पर करना होगा कि क्या सेक्शन 128 ए का उपयोग करना है या नहीं। जीएसटी काउंसिल की 53वीं बैठक में की गई सिफारिशें व्यापार जगत के लिए राहत भरी साबित हो सकती हैं, विशेषकर वेवर के मामले में। हालांकि, इन सिफारिशों को लागू करने के लिए अभी और कदम उठाने की आवश्यकता होगी। व्यापारियों को इन सिफारिशों का बारीकी से विश्लेषण करके अपने लाभ के अनुसार निर्णय लेना चाहिए। इन सिफारिशों से जीएसटी के शुरुआती दौर की कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए व्यापारियों को राहत मिलेगी और उन्हें भविष्य में बेहतर तरीके से कार्य करने में सहायता मिलेगी।



## सफाई सेवक की मृत्यु उपरांत पत्नि को नियुक्ति पत्र मिला



**श्रीगंगानगर।** सादुलशहर में नगरपालिका सफाई सेवक मुखराम के निधन उपरांत उसकी पत्नी पिंकी को अनुकम्पा नियुक्ति प्रमाण पत्र सौंपा गया। अधिशासी अधिकारी राकेश कुमार मेहंदीरत्ता ने पिंकी को अनुकम्पा नियुक्ति प्रमाण पत्र सौंपा। उन्होंने बताया कि नगर पालिका में सेवारत रहते हुए स्व. मुखराम ने शहरवासियों को सफाई सेवक के रूप में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# 28 जून को सीसी हैड पर किसान करेंगे चक्काजाम

## गंगनहर में 2500 क्यूसेक पानी की मांग



तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

गंगनहर में सिंचाई पानी की मांग को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा 28 जून को घोषित किसान कर्फ्यू के तहत श्रीगंगानगर-पदमपुर मार्ग पर सीसी हैड पर चक्काजाम को लेकर किसान नेता रविन्द्र तरखान, सुखबीर सिंह फौजी, जल उपभोक्ता संगम अध्यक्ष मंगा सिंह समरा आदि ने आज गांवों में जनसंपर्क किया और सीसी हैड पर चक्काजाम में शामिल होने की अपील की।किसान नेता रविन्द्र तरखान ने कहा कि गंगनहर में सिंचाई पानी के हालात बेहद खराब है। पंजाब में पानी की चोरी हो रही है। ऐसे में किसानों में भारी आक्रोश है,लेकिन जल संसाधन विभाग और राजस्थान सरकार किसानों के प्रति गंभीर नहीं है। सुखबीरसिंह फौजी ने कहा कि किसानों की एकता के बिना नहरों में पानी आना संभव नहीं है।उन्होंने प्रस्तावित चक्काजाम में 28 जून को सुबह 9 बजे सीसी हैड पहुंचने की अपील की।

## खरला में आदतन तस्कर का अतिक्रमण तोड़ा

**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर जिले के श्रीकरणपुर थाना क्षेत्र के गांव खरला निवासी एक आदतन तस्कर द्वारा सरकारी जमीन पर किए हुए कब्जे पर पुलिस ने बुलडोजर चलवा दिया। पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने बताया कि श्रीकरनपुर के डीसीपी संजीव चौहान और थाना प्रभारी सीआई सुरेंद्र प्रजापति के नेतृत्व में गांव खरला में आदतन तस्कर सतपालसिंह उर्फ संता रायसिख द्वारा सरकारी जमीन पर किए हुए कब्जे को बुलडोजर चलवा कर ध्वस्त कर दिया गया। इस कार्यवाही में लाखों रुपए की सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त करवाया गया।उन्होंने बताया कि सतपाल के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के चार,आबकारी अधिनियम के दो तथा मारपीट आदि के कुल मिलाकर 10 मुकदमे दर्ज हैं। उसके भाई कुलवंत सिंह के खिलाफ भी एनडीपीएस का एक,आबकारी अधिनियम के दो और मारपीट का एक प्रकरण दर्ज है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अभी तक जिले में इस प्रकार की 13 कार्यवाही की जा चुकी है।

# एसडीएम ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण



तेज. रिपोर्टर | भादरा

मंगलवार 25 जून को एसडीएम द्वारा ग्राम पंचायत गांधीबडी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में साफ सफाई का अभाव पाया गया, इस हेतु अस्पताल प्रभारी को प्रतिदिन साफ सफाई करवाये जाने के निर्देश दिए गए। तीन कर्मचारी विजेन्द्र सिंह एएओ, सोनाक्षी बेनीवाल कनिष्ठ सहायक व भरपाई एफएचडब्ल्यू ड्यूटि से अनुपस्थित मिले। ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी भादरा को अनुपस्थित कार्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत गांधीबडी के दो नशा मुक्ति केन्द्र प्रेरणा नशा मुक्ति एवं पुर्नवास समिति तथा नवज्योति नशा मुक्ति एवं पुनर्वास प्रबंधन समिति का निरीक्षण किया गया। दोनो ही नशा मुक्ति केन्द्रों में पर्याप्त बेड की व्यवस्था नहीं हैं और शौचालयों में साफ सफाई की स्थिति काफी खराब पाई गई। बेड की पर्याप्त बेड की व्यवस्था करने व शौचालयों की साफ सफाई करवाने के निर्देश प्रदान किए।

# इंदिरा कॉलोनी में दो भाइयों में झगड़ा, दोनों घायल

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

स्थानीय इंदिरा कॉलोनी में रुपए चोरी होने की बात को लेकर एक ही घर में ऊपर तथा नीचे के पोर्शन में रहने वाले भाइयों में झगड़ा हो गया। झगड़े में दोनों भाई घायल हो गए, जिनको अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जवाहरनगर थाना पुलिस के मुताबिक घायल हुए भाइयों सुरेंद्र वर्मा तथा चंचल कुमार वर्मा द्वारा दिए गए बयानों के आधार पर मारपीट व छीना झपटी के परस्पर मुकदमे दर्ज किए गए हैं।सुरेंद्र वर्मा ने अपने छोटे भाई चंचल,उसकी पत्नी मीरा और मीरा की मां चावल देवी पर कल सोमवार सुबह रास्ते में जाते हुए को रोककर मारपीट करने वह 3 हजार रुपए छीन लेने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करवाया है। दूसरी तरफ चंचल ने सुरेंद्र और उसकी पत्नी सुमन पर मारपीट करने तथा इस दौरान उसके हाथ में पहनी सोने की अंगूठी छीन लेने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करवाया है।जांच अधिकारी एएसआई करणीसिंह ने के अनुसार चंचल वर्मा का कहना है कि बड़ा भाई उसे पर रुपए चोरी करने का झूठा इल्जाम लगाता है। इसी बात को लेकर उसने झगड़ा किया। दोनों भाई एक ही घर में ऊपर तथा नीचे के पोर्शन में रहते हैं।उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## प्रथम पेज का शेष...

### स्पीकर के बहाने...

लिए 'री-नीट' लिखी टी-शर्ट पहने नजर आए। शपथ के बाद उन्होंने नारा लगाते हुए कहा, 'री-नीट, बिहार को विशेष दर्जा, सीमांचल जिंदाबाद, मानवतावाद जिंदाबाद, भीम जिंदाबाद, संविधान जिंदाबाद'। इस बीच, मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम जगन मोहन रेड्डी की पार्टी वाईएसआरसीपी लोकसभा स्पीकर चुनाव में एनडीए का समर्थन करेगी। पार्टी के 4 सांसद हैं। सभी एनडीए प्रत्याशी ओम बिरला के समर्थन में हैं।

### कांग्रेस और भाजपा...

11 बजे तक अपने सांसदों को पहुंचने का कहा है।

..... तो कागज की पर्चियों से होगी वोटिंग

26 जून को लोकसभा स्पीकर का चुनाव होना है। विशेषज्ञों के मुताबिक अगर विपक्ष इस चुनाव के दौरान मत विभाजन पर जोर देता है तो वोटिंग कागज की पर्चियों के जरिए की जाएगी, क्योंकि नए सदन में सदस्यों को अब तक सीटें आवंटित नहीं गई हैं। ऐसे में इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले सिस्टम का उपयोग नहीं किया जा सकता है। संविधान विशेषज्ञ और पूर्व लोकसभा सचिव जनरल पी डी टी आचार्य ने बताया कि जिस क्रम में प्रस्ताव मिले हैं, उन्हें उसी क्रम में एक-एक करके रखा जाएगा। अगर जरूरी हुआ, तो इन्हें मत विभाजन के जरिए तय किया जाएगा। उन्होंने कहा-अगर अध्यक्ष के नाम का प्रस्ताव सदन में ध्वनि मत से स्वीकृत हो जाता है, तो अध्यक्षता करने वाला अधिकारी घोषित करेगा कि सदस्य को सदन का अध्यक्ष चुना गया है। वह बाद के प्रस्ताव को वोट के लिए नहीं रखेगा। लेकिन अगर विपक्ष वोटों के विभाजन की मांग करता है, तो सदन के कर्मचारी सांसदों को पर्चियां बांटेंगे और इन पर्चियों के जरिए वोटिंग की जाएगी। विशेषज्ञ ने कहा कि 18वीं लोकसभा के सदस्यों को नई ससंद में सीटें आवंटित नहीं की गई हैं, इसलिए इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले सिस्टम का उपयोग नहीं किया जा सकता है। कागजी पर्चियों का उपयोग होने के कारण, परिणाम आने में कुछ समय लगेगा।

### सदन में राहुल...

उम्मेदाराम बेनीवाल, जयपुर शहर की मंजू शर्मा, जयपुर ग्रामीण के राव राजेंद्र सिंह, जालौर से लुंबाराम चौधरी, राजसमंद की महिमा विश्वेर सिंह, करौली-धौलपुर के भजनलाल जाटव, उदयपुर से निर्वाचित मन्नालाल रावत, दौसा से मुरारी लाल मीणा, झुंझूनूं के बृजेंद्र ओला, सीकर से अमराराम और श्रीगंगानगर के कुलदीप इंदौरा शामिल हैं। बीएपी के राजकुमार रोत ने ईश्वर नहीं, प्रकृति के नाम शपथ ली। उदयपुर से निर्वाचित सांसद मन्नालाल रावत ने संस्कृत भाषा में शपथ ली। वहीं नागौर से सांसद हनुमान बेनीवाल ने लहरिया पगड़ी पहनकर शपथ ली। इसके बाद लोक देवता तेजाजी के नारे लगाए। सीकर सांसद अमराराम ने हाथ में संविधान की कॉपी लेकर शपथ ली। चूरू सांसद राहुल कस्वां ने शपथ लेने के बाद जय जवान, जय किसान, जय संविधान के नारे लगाए।

### राजस्थान में निवेश...

का समुचित उपयोग कर निवेश संबंधी प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। शर्मा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा एक ही छत के नीचे मार्केट प्लेस उपलब्ध कराने के उद्देश्य से देशभर में 'पीएम एकता मॉल' बनाए जा रहे हैं। इसके तहत जयपुर में भी शीघ्र राजस्थान यूनिटी मॉल का निर्माण किया जाएगा। इसके निर्माण से गुणवत्तापूर्ण स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा तथा ग्रामीण कारीगरों को भी उनके उत्पाद बेचने में मदद मिलेगी। शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य में बनने जा रहे इस यूनिटी मॉल का निर्माण आमजन की सुगम पहुंच को देखते हुए किया जाए जिससे अधिकतम लोग इस मॉल तक पहुंचे तथा मेक इन इंडिया एवं एक जिला-एक उत्पाद की अवधारणा को बढ़ावा मिले। इस दौरान उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत, उद्योग राज्यमंत्री के के विश्नोई, मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव उद्योग अजिताभ शर्मा, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय आलोक गुप्ता सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

**प्रवासी राजस्थानियों की अधिकतम भागीदारी**

### सुनिश्चित की जाए

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान का प्रवासी विश्व के प्रत्येक हिस्से में मौजूद है तथा वे अपनी मिट्टी से हमेशा जुड़े रहना चाहते हैं। इसलिए राजस्थान का प्रवासी प्रदेश में निवेश के लिए हमेशा अवसरों की तलाश में रहता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समिट में प्रवासी राजस्थानियों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उनके लिए अलग से सत्र आयोजित हों जिससे वे अपने राज्य में निवेश कर राज्य को औद्योगिक रूप से समृद्ध बनाने में अपनी महती भूमिका निभा सकें। बैठक में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से इन्वेस्टमेंट समिट की गतिविधियां, मुख्य समारोह का प्रारूप, वित्त, उद्योग, परिवहन, पर्यटन, जेडीए, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग सहित विभिन्न विभागों की भूमिका, नवीन प्रस्तावित नीतियां, मॉनिटरिंग मैकेनिज्म सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

### आठ नई...

स्थापना को मंजूरी दी थी। यह अकादमी जैन धर्म के लोक साहित्य के प्रकाशन एवं मंदिरों के जीर्णोद्धार एवं संरक्षण के लिए कार्य करना तय हुआ था। अकादमी में पदाधिकारी पूरे नहीं बन पाए। अकादमी गठन की शुरुआत जयपुर से हुई प्रदेश में सबसे पहली अकादमी जयपुर में राजस्थान स्कूल ऑफ आर्टस क्राफ्ट्स 1866 में बनी थी। फिर नाम बदलकर स्कूल ऑफ आर्ट कर दिया था। विद्या भवन संस्थान 1931 में उदयपुर में बना। इसके बाद प्राच्यविद्या संस्थान जोधपुर में बना।

### अब जीएसटी...

फलस्वरूप यह सुविधा करदाताओं को उपलब्ध करवायी गयी है। वर्तमान में वैट करदाताओं के लिए पहले से ही की सुविधा उपलब्ध है। अब जीएसटी करदाताओं के लिए भी उपरोक्त भुगतान सुविधा उपलब्ध करवा दी गयी है।

### केजरीवाल को...

किया। अदालत को ईडी को बहस करने के लिए पर्याप्त अवसर देना चाहिए था। उधर, आम आदमी पार्टी का कहना है, 'हम हाईकोर्ट के फैसले से सहमत नहीं हैं। हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। जमानत पर आदेश को इस तरह से नहीं रोका जा सकता, सुप्रीम कोर्ट ने भी कल यही कहा है।' राउज एवेन्यू कोर्ट ने 20 जून को केजरीवाल को बेल दी थी, लेकिन ईडी की याचिका पर हाईकोर्ट ने 21 जून को रोक लगा दी थी। अब बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली सीएम की जमानत याचिका पर फैसला होगा।

### रिंग रोड निर्माण...

बाहर रिंग रोड सड़क पूर्ण हो जाएगी। बाइपास सड़क के लिए प्रस्तावित लम्बाई 20.80 किमी में भूमि अधिग्रहण के लिए अनुमानित लागत 70 करोड़ रुपए व 20.80 किमी सड़क निर्माण व दो स्थानों पर प्रस्तावित आरओबी व घग्घर नदी पर दो स्थानों पर उच्च पुल निर्माण के लिए अनुमानित लागत 230 करोड़ रुपए यानि कुल 300 करोड़ रुपए की राशि अनुमानित लागत है। बाइपास सड़क के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग हनुमानगढ़ की ओर से भी राज्य सरकार को प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। पत्र के जरिए विधायक ने स्थानीय क्षेत्र में सुगम आवागमन उपलब्ध करवाने के लिए बाइपास सड़क (रिंग रोड) कुल लम्बाई 20.80 किमी के निर्माण कार्य के लिए अनुमानित 300 करोड़ रुपए की राशि का राजस्थान सरकार के बजट-2024 में प्रावधान करने की बात कही है।

### सीवरेज नेटवर्क...

का निर्माण किया गया था। तत्पश्चात अमृत योजना में हनुमानगढ़ टाउन में 5.0 एमएलडी के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया गया। वर्तमान में अमृत द्वितीय के तहत हनुमानगढ़ जंक्शन में 32 किमी सीवरेज लाइन व 13.0 एमएलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) (पूर्व में बने 7.5 एमएलडी के एसटीपी का अपग्रेडेशन वर्क) का निर्माण कार्य प्रगति पर है। उक्त सीवरेज लाइन नेटवर्क व एसटीपी का निर्माण सम्पूर्ण हो जाने के उपरांत भी हनुमानगढ़ नगरीय क्षेत्र में 170 किमी सीवरेज नेटवर्क व 5.0 एमएलडी एसटीपी की आवश्यकता है, जिसकी अनुमानित राशि 227.01 करोड़ रुपए है। हनुमानगढ़ नगरीय क्षेत्र में 170 किमी सीवरेज नेटवर्क व 5.0 एमएलडी एसटीपी के लिए राजस्थान सरकार के बजट-2024 में 227.01 करोड़ रुपए का प्रावधान करने का आग्रह विधायक ने किया।

# कल्याण भूमि के ऑफिस से रुपए चुरा कर युवक फरार

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

स्थानीय पदमपुर रोड पर स्थित कल्याण भूमि के ऑफिस में एक युवक रुपए चुरा कर गायब हो गया। कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए गौशाला के एक कर्मचारी सुरेंद्र चमड़िया द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस को दी रिपोर्ट में सुरेंद्र चमड़िया ने बताया कि विगत 18 जून की दोपहर को एक युवक मोबाइल फोन पर बात करते हुए कल्याण भूमि के ऑफिस में आया। उसने वहां एक कर्मचारी से किसी पवन के बारे में पूछा। फिर वह कुछ देर तक फोन पर बात करता रहा। कुछ देर बाद यह युवक वापस चला गया। उन्होंने ऑफिस में रखा दान पत्र देखा तो उसमें से सात-आठ हजार रुपए गायब थे। वे दौड़कर उसे युवक के पीछे गए, तब तक वह सामने की सड़क पार कर गायब हो चुका था। पुलिस को गौशाला के ऑफिस के अंदर तथा बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज दी गई है,जिसमें उक्त संदिग्ध युवक दिखाई दे रहा है। केंद्रीय बस अड्डा पुलिस चौकी प्रभारी एएसआई स्वर्णसिंह इस घटना की जांच कर रहे हैं। फुटेज के आधार पर युवक का पता लगाने के प्रयास किया जा रहे हैं।

# लंदन में राजस्थान एसोसिएशन द्वारा इस बार भी जीमण पर्व पारंपरिक सांस्कृतिक छटा से उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

लंदन में राजस्थान एसोसिएशन (यूके) के तत्वावधान में प्रवासी राजस्थानियों द्वारा जीमण पर्व इस बार भी पारंपरिक सांस्कृतिक छठा और उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा। आगामी 30 जून को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक व्हेंबली के पाटीदार सेंटर में आयोजित किए जाने वाले इस पर्व में राजस्थानी संस्कृति, नृत्य, वेशभूषा और व्यंजनों की धूम रहेगी। यूनाइटेड किंगडम (ब्रिटेन) में रहने वाले राजस्थानी प्रवासियों को हर वर्ष जीमण पर्व की बड़ी बेसब्री से प्रतीक्षा रहती है। स्पेंसर्स कजरिया टाइल्स यूके, लंदन फाइनेंशियल कंसल्टेंट्स, सुथार इंटीरियर्स पिंड वैली इर्यान हर्बल और अर्थरस पब्लिकेशंस आदि विभिन्न संस्थाओं के सौजन्य से इस बार आयोजित होने वाले इस पर्व को यादगार बनाने के लिए राजस्थान एसोसिएशन (यूके) की अनेक टीम में अपने-अपने काम में जुट गई हैं। एक तरफ जहां जीमण का मेनू तैयार हो रहा है, वही भांति- भांति के पकवान और व्यंजन बनाने की तैयारी भी हो रही है।सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुतियां देने वाले बच्चे, महिलाएं और पुरुष भी दिन-रात अभ्यास करने में लगे हैं। मंच पर एक से बढ़कर एक राजस्थानी प्रस्तुतियां देखने को मिलेंगी। अनेक बच्चे अपनी नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। आयोजकों के अनुसार इस वर्ष छोटे और मध्यम व्यवसाययों को उनके उत्पादों एवं सेवाओं को प्रदर्शित और बेचने के लिए स्थान भी प्रदान करने की योजना है।इस बार कुछ नई प्रतियोगिताएं और रैफल भी शामिल किया जा रहे हैं। आयोजन में शामिल होने वाले राजस्थानी अपनी संस्कृति और सभ्यता को समझ में आत्मसात करेंगे। राजस्थान का सुप्रसिद्ध महाघूमर नृत्य की प्रस्तुति के लिए महिलाएं जोर शोर से अभ्यास कर रही हैं। घूमर के बाद शाम को मसाला चाय के साथ दाल पकोड़े,समोसे और बेसन की चक्की आदि राजस्थानी व्यंजनों का लुत्फ लोग उठा सकेंगे।इस बार गपशप और ढेरों बातें भी होंगी। सभी अपनी-अपनी बातों तथा अनुभवों को शेयर करेंगे। आयोजकों के मुताबिक इस बार भी कार्यक्रम के लिए अनेक हस्तियों को आमंत्रित किया गया है। यह एक ऐसा सांस्कृतिक पर्व है, जो लोगों को यूके में राजस्थान का अनुभव करवाता है। आयोजन के चैरिटी पार्टनर जैन एंड हिंदू ऑर्गन डोनेशन तथा अक्षयपात्र भी हैं।

# शादी के कार्ड बांट रहा युवक स्कॉर्पियो की टक्कर से घायल

**श्रीगंगानगर।** शादी के कार्ड बांट रहा एक युवक पी-ब्लॉक में स्कॉर्पियो गाड़ी की टक्कर लगने से घायल हो गया। युवक ने आरोप लगाया है कि स्कॉर्पियो में सवार दो व्यक्तियों ने उसके साथ मारपीट भी की। कोतवाली पुलिस ने घायल हुए युवक अभिषेक निवासी गणेश चौक लालचंद की ढाणी द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर स्कॉर्पियो में सवार दो व्यक्तियों पर टक्कर करने और मारपीट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को दी रिपोर्ट में अभिषेक ने बताया कि वह परसों रविवार को अपनी शादी का कार्ड देने के लिए पी-ब्लॉक में अपने दोस्त के यहां गया था। कार्ड देने के बाद जब वह वापस जा रहा था तो पी-ब्लॉक में एक कैफे के पास तेज रफ्तार से आई स्कॉर्पियो की टक्कर लगने से वह घायल हो गया। स्कॉर्पियो में सवार दो व्यक्तियों ने उसके साथ मारपीट भी की। गाड़ी की टक्कर से उसके एक पैर के घुटने पर तथा शरीर के अन्य जगहों पर भी चोट लगी।


**न्यायालय तहसीलदार (भू.अ.), पीलीबंगा जिला हनुमानगढ़**

क्रमांकः 1597 दिनांकः 25.06.2024

**आम सूचना**

हर आम खास को सूचित किया जाता है कि सतनाम सिंह पुत्र माघ सिंह जाति रायसिख निवासी लौंगवाला (मृत्यु दिनांक 11.11.2021) द्वारा कृषि भूमि चक 12 एमओडी की 3.795 हे. में से 1/4 हिस्सा की वसीयत दिनांक 24.06.2019 को निम्न पक्ष में निष्पादित की गई :-

**जसवंत सिंह पुत्र सतनाम सिंह जाति रायसिख साकिन लौंगवाला**

प्रकरण ईन्तकाल दर्ज करने हेतु इस न्यायालय में विचाराधीन है। यदि किसी को उक्त वसीयत के आधार पर नामांतरकरण खोलने बाबत कोई एतराज हो तो इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिवस में इस न्यायालय में अपना पक्ष प्रस्तुत कर देवें अन्यथा बाद गुजरने मियाद एक तरफा निर्णय की कार्रवाई अमल में ली जावेगी एवं कोई उजर मान्य नहीं होगा।

तहसीलदार (भू.अ.) पीलीबंगा

**राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड**

**ई-निविदा सूचना संख्या - 01 और 02 (2024-25)**

केन्द्र/राज्य सरकार के विभागों एवं रा.रा.वि.प्र.नि.लि. के उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत/मान्य व अनुभवी निविदाकारो से ई निविदा सूचना संख्या–01(2024–25) के क्र0 स0 01से 04 अधिशाषी अभियन्ता (सिविल), रा0रा0वि0प्रसा0नि0लि0 रतनगढ व क्र0 स0 05 से 10 अधिशाषी अभियन्ता (सिविल), रा0रा0वि0प्रसा0नि0लि0 हनुमानगढ व क्र0 स0 11 से 13 अधिशाषी अभियन्ता (सिविल), रा0रा0वि0प्रसा0नि0लि0 बीकानेर व क्र0 स0 14 से 18 अधिशाषी अभियन्ता (सिविल), रा0रा0वि0प्रसा0नि0लि0 कोलायत के अन्तर्गत कार्यो हेतु प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। एवमं निविदा सूचना संख्या–02 (2024–25) के क्र. स0 01 से 02 अधिशाषी अभियन्ता (सिविल), रा0रा0वि0प्रसा0नि0लि0 रतनगढ क्र.स0 05 से 11 अधिशाषी अभियन्ता (सिविल), रा0रा0वि0प्रसा0नि0लि0 हनुमानगढ क्र.स0 12 से 13 अधिशाषी अभियन्ता (सिविल), रा0रा0वि0प्रसा0नि0लि0 बीकानेर व क्र.स0 14 अधिशाषी अभियन्ता (सिविल), रा0रा0वि0प्रसा0नि0लि0 कोलायत के अन्तर्गत कार्यो हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।इन कार्यो की अनुमानित लागत, निविदा शुल्क, निविदा बेचे जाने तथा खुलने की तारीख, धरोहर राशि व निविदा विशिष्टियां आदि का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट **http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.nic.in. & www.rvpn.co.in** पर देखा जा सकता है।

**UBN - VPN2425WSOB00467, 468, 469, 470, 483, 516, 484, 517, 518, 519, 521, 422, 423, 424, 425, 426, 449, 452, VPN 2425WSOB00471, 472, 473, 474, 513, 420, 421, 427, 428, 429, 430, 431, 447, 448**

अधीक्षण अभियंता (सिविल), बीकानेर

राज.संवाद/सी/24/1185 रा.रा.वि.प्र.नि./TR-6215/2024

**कार्यालय ग्राम पंचायत भैरूसरी पंचायत समिति रावतसर, हनुमानगढ़**

क्रमांकःलेखा/2024/14 दिनांकः 25.06.2024

**निविदा सूचना 2024-25**

इस कार्यालय द्वारा ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज की योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत भैरूसरी में निर्माण कार्य हेतु राज्य सरकार से पंजीकृत फर्मों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बंधित अन्य शर्ते एवं दस्तावेज इस कार्यालय अथवा वेबसाईट https://sppp.rajasthan.gov.in, https://eproc.rajasthan.gov.in पर भी देखे व अपलोड किये जा सकते हैं। NIB code : ZHG2425A0010 and UBN is : ZHG2425WSRC00010

(बलराम वर्मा) ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत भैरूसरी | (बोगी) सरपंच ग्राम पंचायत भैरूसरी

**कार्यालय ग्राम पंचायत खोडा पंचायत समिति रावतसर**

क्रमांकः 10 दिनांकः 25.06.2024

**ई निविदा सूचना 01/ 2024-25**

इस ग्राम पंचायत में निर्माण कार्यों हेतु सार्वजनिक निर्माण विभाग/ पीएचईडी/ जल संसाधन विभाग/ नगरनिगम में पंजीकृत ठेकेदारों से ई-निविदा निर्धारित शर्तों के तहत आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाखों में) | बोली प्रतिभूति राशि में | निविदा शुल्क | बिड प्रोसेसिंग शुल्क | निविदा डाउनलोड करने की तिथि एवं समय | निविदा प्रपत्र अपलोड करने की तिथि व समय | निविदा प्रोसेसिंग शुल्क एवं अन्य प्रमाण पत्र जमा कराने की तिथि व समय | निविदा खोलने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Pipeline for Drinking Water Mahaveer Khod to Dhnaram Sihag and Rule Khan | 3.73 | 7460 | 500 | 500 | 26.06.2024 प्रातः 11.00 बजे से | 26.06.2024 से 05.07.2024 सायं 06.00 बजे तक | 08.07.2024 दोपहर 12.00 बजे तक | 08.07.2024 सायं 03.00 बजे |
| 2 | Pipeline for Drinking Water Main Line to Mahaveer Khod | 3.73 | 7460 | 500 | 500 | 26.06.2024 प्रातः 11.00 बजे से | 26.06.2024 से 05.07.2024 सायं 06.00 बजे तक | 08.07.2024 दोपहर 12.00 बजे तक | 08.07.2024 सायं 03.00 बजे |
| 3 | रा.प्रा.वि. 2 सीएलडी में कमरा मय बरामदा निर्माण ग्राम पंचायत खोड़ा | 6.26 | 12520 | 500 | 500 | 26.06.2024 प्रातः 11.00 बजे से | 26.06.2024 से 05.07.2024 सायं 06.00 बजे तक | 08.07.2024 दोपहर 12.00 बजे तक | 08.07.2024 सायं 03.00 बजे |

1. निविदा शुल्क 500 रू. का डीडी ग्राम पंचायत खोडा एवं बिड प्रोसेसिंग शुल्क राशि Managing Director RISL, Jaipur के नाम बनाकर बिड सबमिशन कन्फर्मेशन स्लीप के साथ संलग्न कर निर्धारित दिनांक तक कार्यालय ग्राम पंचायत खोडा में प्रस्तुत करने पर ही ई-निविदा मान्य होगी। ई-निविदा अपलोड करने में किसी भी प्रकार की त्रुटि के लिये संवेदक स्वयं जिम्मेदार होगा। 2. प्रत्येक लिफाफे पर तकनीकी बिड/ वित्तीय बिड कार्य का नाम, ग्राम पंचायत का नाम फर्म का नाम लिखना आवश्यक अन्यथा इसके अभाव में क्रय समिति द्वारा बिड पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। 3. बिड के साथ संलग्न समस्त अभिलेख मय मोहर स्वयं प्रमाणित होने चाहिए। 4. निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग शुल्क एवं अन्य घोषणा पत्र की मूल प्रतियां सम्बंधित ग्राम पंचायत में जमा करवानी होगी।

(संदीप कुमार) ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत खोडा | (चेतराम) सरपंच ग्राम पंचायत खोडा

# उद्यमियों की समस्याओं का हो निस्तारण बढ़ें रोजगार के अवसर: सत्यानी

» कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र के अन्तर्गत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक में दिए निर्देश

तेज | जगदीश सोनी. चूरू



जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने कहा है कि औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण हो ताकि जिले में औद्योगिक गतिविधियों के लिए बेहतर वातावरण बने और जिले के लोगों को बेहतर रोजगार मिले। जिला कलक्टर सत्यानी मंगलवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र के अन्तर्गत गठित जिला स्तरीय समिति, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत गठित जिला स्तरीय मॉनीटरिंग कमेटी तथा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम संबंधी समीक्षा बैठक को संबोधित कर रही थीं। जिला कलक्टर सत्यानी ने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी उद्योग क्षेत्रों की समस्याओं के निस्तारण में टाइमलाइन का ध्यान रखें। औद्योगिक क्षेत्रों में बिजली, पानी आपूर्ति सहित राजस्व संबंधी महत्वपूर्ण मामलों में समुचित और समयबद्ध कार्यवाही हो। उन्होंने कहा कि अधिकारी समस्याओं के निस्तारण में उद्योग संघों का समुचित सहयोग लें ताकि सामंजस्य के साथ प्रकरणों का उचित निस्तारण हो सके। औद्योगिक क्षेत्रों में रोशनी, जलापूर्ति व मरम्मत जैसे आवश्यक कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करें। बैठक के दौरान उन्होंने औद्योगिक क्षेत्रों में बिजली व जल कनेक्शन, राजस्व, फायर ब्रिगेड, रीको औद्योगिक क्षेत्रों के रख-रखाव एवं विकास कार्यों से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर चूरू औद्योगिक संघ के अध्यक्ष धर्मेन्द्र बुड़ानिया ने औद्योगिक क्षेत्र के विकास बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित हो जिससे औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं का समय पर निस्तारण हो सके और प्रकरण लंबित न रहें। उन्होंने रीको की भूमि पर अतिक्रमण के मसले पर ध्यान आकर्षित किया, जिस पर जिला कलक्टर ने रीको प्रतिनिधि को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। लघु उद्योग भारती के दौलत तंवर ने कहा कि चूरू में नया इंडस्ट्रियल एरिया विकसित किए जाने की जरूरत है। पूर्व में रामसरा में प्रस्तावित नए इंडस्ट्रियल एरिया के प्रस्ताव पर आगे बढा जाए और यदि वहां संभव नहीं तो किसी नए स्थान पर औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जाए। इस दौरान तारानगर रीको एरिया में पानी कनेक्शन, सरदारशहर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के विकास, सरदारशहर रीको औद्योगिक क्षेत्र विस्तार, राजस्थान निवेश समिट के लंबित प्रकरण, आरा मशीनों के अनुज्ञा पत्रों के नवीनीकरण, चूरू रीको में अग्निशमन केंद्र की स्थापना सहित विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम तथा पीएम विश्वकर्मा योजना पर भी विस्तार से चर्चा कर पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किए जाने पर बल दिया गया। बैठक में उद्योग महाप्रबंधक नानुराम गहनोलिया ने औद्योगिक क्षेत्रों में बिजली, जलापूर्ति, जल कनेक्शन, रीको औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार, औद्योगिक क्षेत्रों के रख-रखाव व विकास कार्यों, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम तथा पीएम विश्वकर्मा योजना सहित विभिन्न बिन्दुओं पर औद्योगिक क्षेत्रों के प्रतिनिधियों से विस्तृत चर्चा करते हुए पूर्व बैठकों में लिए गए निर्णयों की क्रियान्विति से अवगत करवाया। उन्होंने जिला कलक्टर को सभी प्रकरणों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए प्रभावी कदम उठाने के प्रति आश्वस्त किया।

# भाजपा ने किया लोकतंत्र सैनानियों को याद

» कांग्रेस सरकार द्वारा लगाये गये आपातकाल पर विरोध प्रकट कर मनाया काला दिवस




तेज | जगदीश सोनी. चूरू

पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के चूरू आवास पर 25 जून 1975 में कांग्रेस द्वारा लोकतंत्र का गलाघोंट कर लागू किये गये आपातकाल के विरोध में काले दिवस के रूप में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम कर लोकतंत्र सैनानियो को याद किया। इस अवसर पर मुख्यवक्ता के रूप में बोलते हुऐ पूर्व सांसद व भाजपा प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा संविधान का गलाघोटा है। कांग्रेस ने पूज्य बाबा साहब के द्वारा बनाये गये पवित्र संविधान को खण्ड खण्ड करने का काम किया है। उन्होने कहा कि तत्कालीन भारतीय जनसंघ पार्टी के कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र बचाने के लिए अपने जीवन को आहुत कर दिया था। उन्होने इस अवसर पर ऐसे लोकतंत्र सैनानियों को याद करते हुऐ कहा कि आज देश में लोकतंत्र ऐसे महापुरुषो की वजह से ही जीवित है। उन्होने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा जाति को जाति से लड़वाया है और विदेशो में जाकर भारतीय लोकतंत्र का अपमान किया है। अतः जनता ने उसको जबाव दे दिया है। आज देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक ऐसी सरकार है जो देश व संविधान को सम्मान दिलवा रही है। इस अवसर पर बोलते हुऐ विधायक हरलाल सहारण ने कहा आज देश के युवा वर्ग को उस काले दिवस की याद दिलाने के लिए भाजपा द्वारा प्रतिवर्ष यह काला दिवस मनाया जाता है। उन्होने भारत के लोकतंत्र को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ लोकतंत्र बताते हुऐ कहा कि भारत रत्न बाबा साहब अम्बेडकर ने देश को एक ऐसा संविधान दिया है जिसकी प्रशंसा दुनियाभर के लोग करते है। हमे अपने संविधान पर गर्व है उन्होने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा लोकतंत्र का अपमान किया है और भाजपा ने सदा लोकतंत्र व संविधान का सम्मान किया है। उन्होने कहा कि यह लोकतंत्र की ही सुन्दरता है कि एक गरीब आदीवासी समाज में पैदा हुई देश की बेटी देश की राष्ट्रपति है और एक गरीब मां का बेटा देश का प्रधानमंत्री है। कार्यक्रम में बोलते हुऐ जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री ने अपनी सत्ता बचाने के लिए संविधान का गलाघोटा था जिसका परिणाम है कि देश में आपातकाल लागू हुआ परन्तु तत्कालीन जनसंघ के नेताओं व कार्यकर्ताओं के त्याग व बलिदान से लोकतंत्र मजबूत हुआ। उन्होने उदाहरण देते हुऐ कहा कि हमारे नेताओं को कई प्रकार के प्रलोभन दिये गये उन पर अत्याचार किये गये परन्तु लोकतंत्र की रक्षा के लिए हमारे नेताओ ने संघर्ष जारी रखा। कार्यक्रम में उद्योग प्रकोष्ठ के दौलत तंवर, कर्मचारी नेता नोरंग वर्मा, वरिष्ठ नेता फतेहचन्द सोती, पूर्व प्राचार्य दलीप सिंह पूनियां ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर लोकतंत्र सैनानी बनवारीलाल, निरंजन लाल वर्मा व फतेहचन्द सोती का दुपट्टा पहना अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत ने आभार व्यक्त किया एवम् कार्यक्रम का संचालन जिला मीडिया संयोजक रवि दाधीच ने किया। इस अवसर पर पूर्व सभापति मुरलीधर शर्मा, जिला उपाध्यक्ष भागीरथ सिंह राठौड़, नरेन्द्र काछवाल, नरेन्द्र सैनी, संतोष तालणिया, नरेश सहारण, नेता प्रतिपक्ष विमला गढ़वाल, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश खिचड़, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रभा धंधावत, जिला मंत्री सुर्यप्रकाश ढाका, महेश मिश्रा, मोहन गढ़वाल, राकेश ओझा, कैलाश शर्मा, जुगलपाण्डे, जगमाल सिंह, राधेश्याम राव, शिवसिंह, संदीप चांवरिया सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 27 जून को होगा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभार्थी समारोह

**डीबीटी के माध्यम से मुख्यमंत्री द्वारा किया जायेगा अभिवृद्धित राशि का हस्तांतरण**

**श्रीगंगानगर।** मुख्यमंत्री द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन में अभिवृद्धित दरों से पेंशन राशि का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जायेगा। जिला मुख्यालय पर लाभार्थी समारोह कार्यक्रम का आयोजन 27 जून को प्रातः 10 बजे वीसी के माध्यम से बिहाणी कॉलेज ऑडिटोरियम हॉल में किया जायेगा। जिला कलक्टर लोकबंधु की ओर से कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संचालन के लिये जिला परिषद के सीईओ को नोडल अधिकारी एवं आयुक्त नगरपरिषद तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। ब्लॉक मुख्यालय पर उक्त कार्यक्रम आयोजन के लिये संबंधित क्षेत्र के उपखण्ड अधिकारी को नोडल अधिकारी तथा संबंधित विकास अधिकारी (ग्रामीण क्षेत्र हेतु) और संबंधित अधिशाषी अधिकारी (शहरी क्षेत्र हेतु) को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। संबंधित अधिकारी अपने उपखण्ड क्षेत्र के साथ-साथ ग्राम पंचायत स्तर पर भी उक्त कार्यक्रम का सफल संचालन सुनिश्चित करेंगे और ब्लॉक व ग्राम पंचायत स्तर पर वीसी के माध्यम से जुड़ेंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम के संबंध में जिला कलक्टर द्वारा विभिन्न विभागों को कार्य सौंपे गये है।

## महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति राजकुमार सेठिया अध्यक्ष मनोनीत



**चूरू. जगदीश सोनी।** तेरापंथ सभा के वरिष्ठ ऊर्जावान कार्यकर्ता, कर्तव्यनिष्ठ व्यक्तिमत्व राजकुमार सेठिया को वर्ष 2025 के लिए सकल जैन समाज की मीटिंग में सर्वसम्मति से महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। राजकुमार सेठिया इससे पूर्व तेरापंथ युवक परिषद्, जलगांव के संस्थापक अध्यक्ष पद, तेरापंथ सभा के अध्यक्ष पद, वर्तमान. में तेरापंथ सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर एवं टी एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं मानव सेवा मंडल संचालित प्राथमिक विद्यालय के सह सचिव पद पर कुशलतापूर्वक अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। विगत पचास वर्षों में पहली बार तेरापंथ धर्मसंघ के एक कार्यकर्ता को यह अध्यक्ष पद प्राप्त हुआ है। राजकुमार जी सेठिया श्रीडूंगरगढ निवासी जलगांव प्रवासी हैं, आप. श्रद्धानिष्ठ श्रावक स्व. भिकमचंदजी सेठिया के बड़े सुपुत्र हैं।थळी प्रांत श्रीडूंगरगढ से जलगांव में आप यहां बसने वाले पहले तेरापंथी परिवार है। पूरे परिवार में धार्मिक संस्कार रचे बसे हैं। शांत, सरल, धैर्यवान.व सेवाभावना से ओतप्रोत राजकुमार जी सेठिया विगत पैंतीस वर्षों से तेरापंथ धर्मसंघ में भी अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। राजकुमार जी सेठिया के महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति2025 के अध्यक्ष पद पर मनोनीत होने से तेरापंथ धर्मसंघ सहित सकल जैन समाज में आनन्द की लहर दौड़ आई है।

## पौधे को पुत्र की तरह पालें: सिंह



**चूरू।** नेचर पार्क में वन विभाग की ओर से तैयार पौधों का वितरण सुबह 08 बजे से शाम 05 बजे किया गया। डीएफओ भवानी सिंह ने बताया कि 17 नर्सरी में मंगलवार को आमजन को पौधे वितरित किए गए। डीएफओ भवानी सिंह ने बताया कि हर व्यक्ति को अपने क्षेत्र में पौधरोपण करना चाहिए। जिससे वनों का सरक्षंण किया जा सके। पौधे लगने से पर्यावरण को दूषित होने से बचाया जा सके। पौधा लगाने के पश्चात पौधों में निरन्तर रूप से पानी डालना चाहिए। क्योंकि जैसे हम अपने पुत्र को जन्म देने के बाद पालते है। वैसे ही पौधे को पुत्र सम्मान समझकर पाले ताकि आगे जाकर ये पौधा हमें छाया दे।

## जिला मुख्यालय पर 29 जून को आयोजित होगा मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव

**श्रीगंगानगर।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय पर मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव कार्यक्रम का आयोजन बिहाणी कॉलेज ऑडिटोरियम हॉल में 29 जून को होगा। कार्यक्रम में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में नव नियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र सौंपे जायेंगे। जिला कलक्टर लोकबंधु की ओर से मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संचालन के लिये रोजगार विभाग को नोडल विभाग और नगर विकास न्यास सचिव को नोडल बनाया गया है। कार्यक्रम को मुख्यमंत्री सम्बोधित करेंगे। इस दौरान राज्य के सभी संभागीय आयुक्त एवं जिला कलक्टर इन नव नियुक्त कार्मिकों के साथ वर्चुअली उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में नव नियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र और स्वागत सेट प्रदान कर उपस्थिति प्रमाण पत्र जारी किया जायेगा।

## मुख्यमंत्री ई-ग्राम परियोजना का दिया प्रशिक्षण



तेज | रिपोर्टर श्रीगंगानगर

मुख्यमंत्री ई-ग्राम परियोजना के ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन मंगलवार को उपखण्ड अधिकारी की अध्यक्षता में पंचायत समिति सभागार अनूपगढ़ में किया गया। प्रशिक्षण के दौरान संयुक्त निदेशक रणजीत सिंह ने ग्राम से संबंधित मूलभूत सुविधाओं के अन्तर्गत सृजित परिसम्पतियों एवं प्रदत सेवाओं के सत्यापन हेतु एक प्रबंधक प्रणाली मुख्यमंत्री ई-ग्राम परियोजना की जानकारी दी। ई-ग्राम का प्रशिक्षण सुसरीना ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी द्वारा दिया गया, जिसमें प्रत्येक गांव तक राजकीय सुविधाओं की स्थिति और जनता के द्वारा उनके उपयोग को मॉनिटर करने के लिए ई-ग्राम प्रणाली विकसित की गयी। प्रशिक्षण में उपस्थित समस्त प्रशिक्षणार्थियों, जिसमें ग्राम विकास अधिकारी, पटवारी, शिक्षक, कृषि पर्यवेक्षक, एएनएम को संबधित 12 विभागों के फिल्ड लेवल के कार्मिक से समन्वय कर सूचना संकलन करके ई-ग्राम प्रपत्र-1 में सही सूचना को भरकर संबंधित पंचायत प्रभारी को जमा करवाने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में रणजीत सिंह मीणा संयुक्त निदेशक, पीएमयू आयोजना विभाग, जयपुर, अजीत गोदरा उपखण्ड अधिकारी अनूपगढ, मोहनलाल उप निदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, श्रीगंगानगर, अतिरिक्त विकास अधिकारी दलवीर सिंह, सांख्यिकी निरीक्षक राजवीर सिंह व संतोष व कनिष्ठ सहायक मनदीप सिंह ब्लॉक सांख्यिकी कार्यालय से उपस्थित रहे।

## लाभार्थी उत्सव कार्यक्रम: कलक्टर ने वीसी के माध्यम से की आयोजन तैयारियों की समीक्षा

तेज | रिपोर्टर श्रीगंगानगर



राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार 27 जून को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थी उत्सव और 29 जून को मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर वीसी के माध्यम से बैठक जिला कलक्टर लोकबंधु की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई। इस दौरान जिला कलक्टर ने समस्त जिला और उपखण्ड स्तरीय अधिकारियों को उक्त कार्यक्रमों के सफलतापूर्वक संचालन के लिये निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार नोडल विभाग और अधिकारियों से समन्वय करते हुए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जायें। जिला कलक्टर ने बताया कि राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार 27 जून को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थी उत्सव और 29 जून को मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव कार्यक्रम जिला, उपखण्ड और ग्राम स्तर पर आयोजित किया जायेगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री किसान निधि योजना में सम्मान निधि बढ़ाने पर भी कार्यक्रम प्रस्तावित है। उक्त कार्यक्रमों के सफलतापूर्वक संचालन के निर्देश देते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि समस्त अधिकारी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करें। सामाजिक सुरक्षा पेंशन कार्यक्रम के लिये जिला परिषद के सीईओ नोडल अधिकारी व नगरपरिषद आयुक्त तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक सहायक नोडल अधिकारी होंगे। इसी तरह रोजगार उत्सव कार्यक्रम के लिये नगर विकास न्यास सचिव नोडल अधिकारी व रोजगार विभाग नोडल विभाग रहेगा। उन्होंने कहा कि जिला और उपखण्ड स्तरीय अधिकारी संबंधित नोडल अधिकारियों और विभागों से समन्वय करते हुए उक्त कार्यक्रमों का आयोजन सफलतापूर्वक सुनिश्चित करवाये। कार्यक्रमों में लाभार्थियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाये। मुख्यमंत्री द्वारा लाभार्थियों से संवाद किया जाना प्रस्तावित है। राज्य स्तर पर आयोजित कार्यक्रम का प्रसारण जिला, उपखण्ड और ग्राम स्तर तक किया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में तीन नये कानूनों को लेकर जिले में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर भी जिला कलक्टर ने समस्त अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आयोजन में समस्त प्रतिभागियों को आमंत्रित किया जाए। इसके अलावा उन्होंने पीएम किसान ईकेवाईसी के लम्बित प्रकरण निस्तारण और राजकीय कार्यालयों के भूखण्ड से संबंधित प्रकरणों में अपेक्षित कार्यवाही के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला परिषद सीईओ मृदुल सिंह, एडीएम प्रशासन विरेन्द्र सिंह चौधरी, एडीएम सतर्कता नरेन्द्र पाल सिंह, नगर विकास सचिव कैलाशचंन्द्र शर्मा, प्रशिक्षु आईएएस रजत यादव, नगर परिषद आयुक्त यशपाल आहूजा, एडीएम जीतू कुल्हरी, पन्नालाल कडेला, विक्रम सिंह सहित अन्य मौजूद रहे। इसी तरह उपखंड स्तरीय अधिकारी वीसी से जुड़े।

## अवैध गांजा और हथियार समेत दो गिरफ्तार



**श्रीगंगानगर।** अनूपगढ़ जिले में पुलिस ने दो व्यक्तियों को अवैध रूप से गांजा तथा हथियार रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक रमेश मौर्य ने बताया कि रायसिंहनगर के वार्ड नंबर 32 निवासी राजन वाल्मीकि (32) को थाना प्रभारी सीआई ईश्वरप्रसाद की टीम ने कल देर शाम को बस अड्डा के पास गांजा की पुड़िया बेचते हुए गिरफ्तार किया। उसके पास 35 ग्राम गांजा तथा गाजा बिक्री के 4500 रुपए बरामद हुए। राजन वाल्मीकि का मोटरसाइकिल भी जब्त कर लिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार पूछताछ करने पर राजन ने बताया कि वह श्रीगंगानगर में रेलवे स्टेशन के पास एक व्यक्ति से गांजा खरीद कर लाया था और रायसिंहनगर में नशा करने वालों को बेच रहा था। उधर, नई मंडी घड़साना थाना क्षेत्र में पुलिस ने जसवीर सिंह जटसिख (25) निवासी चक 5 आरजेएम को गिरफ्तार किया, जिसके पास 12 बोर का देसी कट्टा और दो जीवित कारतूस बरामद हुए। पुलिस सूत्रों के अनुसार जसवीर सिंह को रोजड़ी गांव के बस अड्डा के पास काबू किया गया। वह पुलिस टीम को देखकर भागने की फिराक में था। पूछताछ करने पर जसवीर सिंह ने बताया कि वह लगभग 3 वर्ष पहले गांव रोजड़ी के ही अल्ताफ शाह उर्फ ताबी नामक व्यक्ति से 5000 हजार रुपए में देसी कट्टा और कारतूस खरीदे थे। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# वन विभाग की पौधशालाओं में पौध वितरण कार्य आरम्भ

» पौध खरीद के लिये वन विभाग के पोर्टल एफएमडीएसएस पर भी करवा सकते हैं बुकिंग

तेज | रिपोर्टर श्रीगंगानगर



वन विभाग की ओर से टीओएफआर योजना के तहत वर्ष 2024-25 में वितरण हेतु तैयार किये गये पौधों के वितरण का कार्य वन विभाग की पौधशालाओं में 25 जून से आरम्भ कर दिया गया है। उपवन संरक्षक दिलीप सिंह राठौड़ ने बताया कि वन मंडल श्रीगंगानगर की 21 पौधशालाओं में 9.50 लाख पौधे राजकीय विभागों, आमजन और निजी संस्थाओं के वितरण हेतु तैयार किये गये हैं। इन पौधशालाओं में नीम, खेजड़ी, बबूल, अमलतास, जामुन, बकायन, हारश्रंगार, गुलाब, गूलर, चांदनी, अमरूद, शीशम, शहतूत, गुलमोहर, पपीता, मोलसरी, अनार, बेलपत्र, इमली, बेर, अंजीर, लसोड़ा, अंगूर, नींबू आदि के पौधे तैयार किये गये हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक व्यक्ति वन विभाग की पौधशालाओं से पौधे निर्धारित दरों पर प्राप्त कर सकता है। इसके अलावा पौध खरीद के लिये वन विभाग के पोर्टल एफएमडीएसएस पर भी बुकिंग करवाई जा सकती है। बुकिंग के दौरान ऑनलाईन भुगतान की व्यवस्था की गई है। साथ ही उक्त पोर्टल पर नजदीकी नर्सरियों में किन-किन प्रजाति के कितने पौधे उपलब्ध हैं, की जानकारी भी प्राप्त की जा सकती है। प्रत्येक पौधशाला का क्यूआर कोड जनरेट किया गया है, जिससे कोई भी व्यक्ति अपने मोबाईल से स्केन कर पौधशालाओं में उपलब्ध पौधों की जानकारी प्राप्त कर सकता है।

# दो तस्करों को किया जेल में फिट

तेज | संजय सेठी. श्रीगंगानगर




श्रीगंगानगर जिले में मादक पदार्थों के आदतन दो तस्करों के खिलाफ पुलिस ने एक बार प्रिन्वेंशन ऑफ इल्लीसीट ट्रैफिक इन नाइक्रोटिक ड्रग्स साइकॉट्रॉपिक सब्सटेंसज एक्ट 1988 (पिट एनडीपीएस एक्ट) के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई के तहत दोनों आदतन तस्करों को गिरफ्तार कर एक वर्ष के लिए अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल में भिजवा दिया गया है। पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने आज प्रेस वार्ता कर बताया कि यह कार्यवाही घमूडवाली थाना क्षेत्र में चक 39 एलएनपी निवासी प्रिंस मक्कड़ तथा जवाहरनगर थाना क्षेत्र में पंजाब सीमा से लगते गांव साधुवाली के वार्ड नंबर एक निवासी सतपाल बिश्नोई के खिलाफ की गई है।उन्होंने बताया कि प्रिंस मक्कड़ फिलहाल केसरीसिंहपुर के वार्ड नंबर 6 में रह रहा था। उसके खिलाफ वर्ष 2018 से 2023 के दौरान एनडीपीएस एक्ट के छह मुकदमे दर्ज हुए जबकि उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट सहित अन्य अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की धाराओं में भी चार मुकदमे दर्ज हैं। उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में पिछले वर्ष के केसरीसिंहपुर थाना में मुकदमा दर्ज हुआ था। इसी प्रकार गांव साधुवाली निवासी सतपाल बिश्नोई भी आदतन मादक पदार्थों का तस्कर है। उसके खिलाफ जवाहरनगर थाना में 2019 से लेकर अब तक छह मुकदमे दर्ज हुए हैं। उसके खिलाफ अंतिम मुकदमा पिछले महीने 10 तारीख को दर्ज हुआ था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रिंस और सतपाल के खिलाफ पिट एनडीपीएस एक्ट के तहत पत्रावली तैयार कर मंजूरी के लिए प्रदेश के गृह विभाग को भिजवाई गई थी। विगत 21 जून को गृह विभाग ने दोनों के खिलाफ ही इस एक्ट के तहत कार्यवाही करने को स्वीकृति प्रदान कर दी। दोनों को कल गिरफ्तार कर अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल भिजवा दिया गया। पिट एनडीपीएस एक्ट के तहत इससे पहले भी जिला पुलिस ने साथ आदतन तस्करों की पत्रावली तैयार कर गृह विभाग को भिजवाई थी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इनमें से तीन के खिलाफ स्वीकृति प्राप्त हुई थी। तीनों को जेल में भेजा गया। इनमें से दो व्यक्तियों द्वारा राजस्थान उच्च न्यायालय की एक कमेटी के समक्ष पक्ष रखा गया।कमेटी ने उनके पक्ष को स्वीकार करते हुए रिहा करने के आदेश दिए। एक आदतन तस्कर को इस कमेटी से राहत नहीं मिल पाई। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ऐसे आदतन तस्करों के खिलाफ न केवल इस प्रकार की कार्यवाही जारी रहेगी बल्कि उनके द्वारा किए हुए अतिक्रमण भी धराशाई किए जाते रहेंगे।

## पेयजल आपूर्ति लाईन बिछाने का कार्य जारी

**श्रीगंगानगर।** आरयूआईडीपी की ओर से आचार्य तुलसी मार्ग और गणगौर नगर रोड पर पेयजल आपूर्ति लाईन बिछाने का कार्य जारी है। आरयूआईडीपी के अधीक्षण अभियंता श्रीकांत जांगिड़ ने बताया कि आचार्य तुलसी मार्ग और गणगौर नगर रोड पर पेयजल सप्लाई लाईन बिछाने का कार्य जारी है। आचार्य तुलसी मार्ग पर पेयजल सप्लाई व सीवर लाईन बिछाकर रोड़ टेस्टोरेशन का कार्य प्रगतिरत है। उन्होंने बताया कि गणगौर नगर और पुरानी धानमण्डी में सीवर और पेयजल लाईन बिछाने का कार्य करने के साथ-साथ हाउसकीपिंग का कार्य किया जा रहा है। लाईन बिछाने के बाद हाइड्रो टेस्टिंग का कार्य पूर्ण कर रेस्टोरेशन का कार्य शुरू करवा दिया जायेगा।



# मत्स्य पालन आमदनी बढ़ाने का बेहतर जरिया, सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं किसानः आरके सिंह

**- प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत मत्स्य पालन के लिए 40 से 60 प्रतिशत तक दिया जा रहा अनुदान**

तेज. ऐलनाबाद. रमेश भार्गव



उपायुक्त आर.के सिंह ने कहा कि गिरते भू जल स्तर, खारा पानी व लवणीय भूमि से जुड़ी दूसरी अन्य चुनौतियों के मद्देनजर किसानों को चाहिए कि वे अपनी परंपरागत खेती में बदलाव कर फसल विविधीकरण को अपनाएं, जिससे वे अपनी आमदनी को बढा सकें। झींगा पालन से किसान अपने आय में बढ़ोतरी कर सकते हैं। बहुत से प्रगतिशील किसानों ने मत्स्य पालन से न केवल अपनी आय को बढ़ाया है, बल्कि दूसरों के लिए रोजगार के अवसर पैदा किए हैं। मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार अनुदान उपलब्ध करवा रही है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत 40 से 60 प्रतिशत तक का अनुदान मत्स्य पालन के लिए दिया जा रहा है। उपायुक्त ने मंगलवार को जिला के गांव रघुवाना में प्रगतिशील किसान प्रीतपाल सिंह व मनप्रीत कौर द्वारा लगाए गए झींगा पालन प्लांट का अवलोकन किया और मत्स्य पालन से जुड़ी तकनीक व अन्य जानकारियों बारे मत्स्य पालन कर रहे किसानों से बातचीत की। इस अवसर पर उन्होंने जिला के किसानों से मत्स्य पालन से जुड़कर सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील भी की। इस दौरान उपायुक्त के साथ जिला मत्स्य अधिकारी जगदीश चंद्र व अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, इसलिए किसान इस योजना का लाभ उठाकर अपनी आय में वृद्धि करें। उन्होंने कहा कि जहां पर जल व भूमि संबंधी कई चुनौतियां, जोकि दूसरी फसलों के लिए उपयुक्त नहीं है, वहां सफेद झींगा एवं मत्स्य पालन करने की अपार संभावनाएं है।

## प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना मत्स्य पालकों के लिए हो रही फायदेमंद सिद्ध

जिला मत्स्य अधिकारी जगदीश चंद्र ने बताया कि खारा पानी व लवणीय भूमि में मत्स्य पालन की अपार संभावनाएं हैं। योजना के तहत सरकार द्वारा सामान्य श्रेणी के लिए इकाई लागत का अधिकतम 40 प्रतिशत अनुदान व अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/महिला श्रेणी के लिए इकाई लागत का 60 प्रतिशत अनुदान का प्रावधान है। वर्तमान समय में मत्स्य पालन विभाग की प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना जो कि मत्स्य पालकों के लिए बहुत ही फायदेमंद सिद्ध हो रही है। मत्स्य पालन के इच्छुक किसान जमीन पर तालाब बनाने, खारे पानी में मछली पालन, झींगा पालन करने तथा मछली बेचने के लिए वाहन (मोटर साइकिल व थ्री-व्हीलर) खरीदने के लिए अनुदान हेतु मत्स्य विभाग में आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि मत्स्य बीज व मत्स्य पालन के संबंध में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति वाणिज्य भवन में चौथी मंजिल में स्थित जिला मत्स्य अधिकारी कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है। उन्होंने बताया कि जिला के लगभग 1400 एकड़ से अधिक क्षेत्र में सफेद झींगा पालन किया जा रहा है, जो कि प्रदेश में सबसे अधिक है ।

# एएनएम दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर सजा दिलवाने की मांग

**- एलएचवी एवं एएनएम संघ ऑफ राजस्थान ने बीसीएमओ को ज्ञापन सौंपा**

तेज. रिपोर्टर | पीलीबंगा



चुरू जिले के एक पीएचसी कैंपस क्वार्टर का दरवाजा तोड़कर युवक द्वारा एएनएम के साथ दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर सजा दिलवाने की मांग करते हुए एलएचवी एवं एएनएम संघ ऑफ राजस्थान ने बीसीएमओ को ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में बताया कि पीएचसी बडाबर (सुजानगढ़, चुरू) में बीती रात 19 जून को एक युवक द्वारा पीएचसी कैंपस के क्वार्टर के आगे का दरवाजा लॉक कर पिछला दरवाजा तोड़कर अंदर घुसकर वहा कार्यरत एएनएम के साथ जबरदस्ती करते हुए दुष्कर्म करने के मामले की कड़ाई से निंदा करते हुए रोष व्यक्त किया एवम आरोपी के विरुद्ध ठोस कार्रवाई की मांग की है।नर्सेज यूनियन ने आरोपी नहीं पकड़े जाने पर आंदोलन की भी चेतावनी दी है।ब्लॉक बीसीएमओ को दिए ज्ञापन में कड़ी से कड़ी सजा की मांग करते हुए तीन दिवस में आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर कार्य बहिष्कार कर उग्र आंदोलन करने से भी चेताया गया है। इस मौके पर संघ की प्रदेश उपाध्यक्ष निशा शर्मा, सुमन देवी, मनी कुमारी, दर्शना कुमारी, सर्वजोत कौर, हरजिंदर कौर, मीरा देवी, शारदा रानी, कमलेश कुमारी, सोमा रानी, नवनीत कौर,माया देवी, प्रेमलता हरप्रीत कौर, उषा रानी, संतोष कुमार, नवनीत कौर, इंद्रजीत कौर, संतोष रानी, विमला देवी, जसवीर कौर, सुमन देवी सहित संघ सदस्य एवं क्षेत्र की एएनएम मौजूद रही।

# बीजेपी सरकार में मिला स्वतंत्रता सेनानियों को असल सम्मानः डॉ कमल गुप्ता

**-केंद्र सरकार ने संविधान की मजबूती के लिए किया काम**

तेज. ऐलनाबाद. रमेश भार्गव




प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ कमल गुप्ता ने कहा कि देश की आजादी के सुखद पल का अहसास भारतीय जनता पार्टी की सरकार में ही देशवासियों को नसीब हुआ है। ये सब हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान के चलते हमें मिला है। स्वतंत्रता सेनानियों व उनके परिजनों को जो सम्मान भारतीय जनता पार्टी में मिला है वो आज तक किसी भी सरकार ने नहीं दिया। डॉ. कमल गुप्ता मंगलवार को आपातकाल दिवस को लेकर युवक सेवा सदन में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने आपातकाल में संविधान बचाव को लेकर जेलों में गए लोकतंत्र सेनानियों व उनके परिजनों को शॉल व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष निताशा राकेश सिहाग, चेयरमैन देव कुमार, पूर्व विधायक बलकौर सिंह, प्रदेशसचिव सुरेंदर आर्य, अमन चोपड़ा व ज़िला के मोर्चो के अध्यक्ष व मंडलो के अध्यक्षों सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे। इस मोके पर मंच का संचालन ज़िलामहामंत्री सतीश जग्गा द्वारा किया गया व कार्यक्रम की शुरुआत वंदेमातरम् गान से सुनील बमनिया द्वारा किया गया। स्वागत कार्यक्रम संयोजक भोजराज गुर्जर द्वारा सभी का स्वागत किया। डॉ कमल गुप्ता ने कहा कि उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने कार्यकाल में अनेकों असंवैधानिक कार्य किये हैं, जिनके लिए देश कभी उन्हें माफ नहीं कर सकता। इनके इन कुकृत्यों में आपातकाल का दौर भी शामिल हैं, जिसको कभी भुलाया नहीं जा सकता। आपातकाल में लोगों को यातनाएं दी गई। बिना किसी कारण के जेलों में डाला गया। लोकतंत्र को बचाने के लिए जिन लोगों ने संघर्ष किया। उनको भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने लोकतंत्र सेनानी के रूप में उन्हें व उनके परिजनों को सम्मानित करने का काम किया। आज सरकार स्वतंत्रता सेनानियों को विशेष अवसरों पर मंच पर स्थान देकर उनको सम्मानित करने का काम कर रही है। जिला अध्यक्ष निताशा सिहाग ने इस अवसर पर आए मंत्री व दूसरे पार्टी पदाधिकारियों का स्वागत व अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि जब जब कॉग्रेस पार्टी सत्ता में आई है, उसने संविधान को बदलने व देश को तोड़ने का काम किया है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार देश को मजबूत करने की दिशा में काम कर इमरजेंसी के दौरान जेल में गए उसमें रमेश गुलाटी, प्रो. वज़ीर चंद गर्ग, साधु राम बंसल ने अपनी आपबीती सुनाई। इस मौके ओमप्रकाश वधवा, साधुराम बंसल, रमेश गुलाटी, वज़ीर चंद गर्ग, जनकराज गोयल, राम लाल मेहता के अलावा स्वर्गीय सोहन लाल बंसल, स्वर्गीय विजय मदान, स्वर्गीय वेदपाल स्वरूप के परिवार को सम्मानित किया।अंत में कार्यक्रम के सहसंयोजक अजय शेरपुरा ने उपस्थितगण का धन्यवाद किया।

# सेक्टर बैठक में शत प्रतिशत लक्ष्य अर्जन के निर्देश



तेज. रिपोर्टर| पीलीबंगा

स्वास्थ्य विभाग की सेक्टर बैठक मंगलवार को हुई। बैठक में बीसीएमओ डा.मनोज अरोड़ा ने पल्स पोलियो अभियान की कार्य योजना बताते हुए सभी सेक्टर सदस्यो से चर्चा की एवम बताया की।इसके अलावा फर्स्ट/सेकंड स्टेज पर शत प्रतिशत दवा पिलाने,80त्न से अधिक पोलियो वैक्सीनेशन पोलियो बूथ पर ही पूर्ण करने, राजश्री योजना की पूर्णता विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में जल्द ही पूर्ण करने, खसरा/बीसीजी ई केवाईसी कार्य शत प्रतिशत पूर्ण करने, 27 जून से 10 जुलाई तक मोबिलाइजेशन पखवाड़ा प्रारंभ कर मरीजों को लाभान्वित करने 11जुलाई से 24 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को अपना योगदान देने, पानी एवं स्लाइड के सैंपल भिजवाने, मिसिंग डिलीवरी सहित अन्य बिंदुओं पर जानकारी दी। बैठक में सेक्टर की समस्त एएनएम एवं चिकित्सा कार्मिक मौजूद रहे।

# मैराथन माध्यम से दिया एचआईवी एवं नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता का संदेश

तेज. ऐलनाबाद. रमेश भार्गव

आईसीटीसी एवं मानसिक स्वास्थ्य विभाग की ओर से अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक पखवाड़े के तहत रेड रन मैराथन (5 किलोमीटर) एवं बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक सुभाष चंद्र ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की और हरी झंडी दिखाकर मैराथन एवं बाइक रैली को रवाना किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिविल सर्जन डा. एमके भादू ने की। कार्यक्रम में डीयर सिरसा संस्था ने भी अपना योगदान दिया। सिविल सर्जन डा. एमके भादू ने एचआईवी व नशे से जीवन पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों, एचआईवी मरीजों को सरकार द्वारा दी जाने वाली पेंशन स्कीम के बारे में अवगत करवाया। मानसिक स्वास्थ्य विभाग (उप सिविल सर्जन) पंकज शर्मा ने नशीली दवाओं और नशीले पदार्थों के सेवन से हमारे जीवन पर क्या-क्या प्रभाव पड़ता है, इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने नशे पर काम करने वाली विभिन्न संस्थाओं, मैराथन विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो से सब इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार तथा डीयर सिरसा संस्था से दरवेश स्वामी ने संयुक्त रूप से युवाओं को नशे से दूर रहने तथा खेल गतिविधियों में ज्यादा से ज्यादा भाग लेने, और अपने जीवन में एक लक्ष्य बनाने के लिए सभी को प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में एनसीबी से सब इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार ने सभी को नशा मुक्त भारत करने की शपथ दिलवाई। जिला नागरिक हस्पताल के आईसीटीसी विभाग के काउंसलर एवं मैराथन संयोजक कमल निर्वाण ने बताया हरियाणा राज्य एड्स कंट्रोल सोसायटी के निर्देशानुसार जिला के विभिन्न कॉलेजों में रेड रिबन क्लब गठित किए गए है, जहां समय-समय पर विधार्थियों को एचआईवी एवं नशामुक्ति के विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करवाए जाते है। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी स्वर्णजीत सिंह, मानसिक स्वास्थ्य विभाग से विक्रम सोनी, अर्श काउंसलर कमल कक्कड़, नेत्र काउंसलर राहुल शर्मा, टीआई मैनेजर राजरानी, ब्लड बैंक एवीवी क्षय रोग विभाग से बसंत सैनी, राकेश कुमार, राजेश उपस्थित थे।

# नालसा योजना की श्रमिकों के लिए कानूनी साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित

तेज. रिपोर्टर| पीलीबंगा

असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को कानूनी सेवाओं के लिए नालसा योजना-2015 अभियान पर श्रमिकों के लिए कानूनी साक्षरता एवं जागरूकता कैंप लगाया। तालुका विधिक सेवा समिति सचिव अरमान सोनी ने बताया कि कैंप में पैनल अधिवक्ता मनीष आहूजा ने विभिन्न प्रावधान एवम तत्वों से अवगत करवा कर कहा कि श्रमिकों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि नालसा योजना-2015 के अंतर्गत जागरूकता अभियान का उद्वेश्य असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने, उन्हें संबंधित सुविधाओं का लाभ प्रदान करवाने व उन्हें प्राधिकरण से मुफ्त कानूनी सहायता उपलब्ध करवाना है। प्रत्येक असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को श्रम विभाग में उपयुक्त पंजीकरण कराना आवश्यक है। किसी भी श्रमिक को बंधुआ मजदूरी व बाल श्रम के लिए बाध्य नही किया जा सकता है,जो कानूनन अपराध है।पैनल अधिवक्ता ने श्रमिकों को नालसा योजना, 2015, श्रमिकों के संवैधानिक अधिकारों, बंधुआ मजदूरी, बाल श्रम अधिनियम व न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के बारे में भी विस्तृत जानकारी देकर श्रमिकों को प्राधिकरण की मुफ्त कानूनी सेवाओं के बारे में बताया। इस मौके पर जसमीत सिंह, तारा देवी, कमलेश कुमार, हेतराम, राधेश्याम, चिमनलाल, अफरोज खान राम ललित, संदीप कुमार, हेमंत सिंह, जॉनी सिंह, जुगल किशोर, दलीप कुमारआदि ने भी विचार व्यक्त किए।

# विधानसभा चुनावों में मेहनत कर पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने में करें सहयोगः मोहन शर्मा

तेज. ऐलनाबाद. रमेश भार्गव



लोकसभा चुनावों के बेहतर नतीजों के बाद विधानसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर एआईसीसी कोर्डिनेटर मोहन शर्मा ने कांग्रेस भवन में स्थानीय नेताओं की बैठक ली। बैठक में पूर्व विधायक भरत सिंह बेनीवाल, महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव संतोष बेनीवाल, राजकुमार शर्मा, गजानंद सोनी, मांगेराम सरपंच, कांग्रेस भवन के सचिव संगीत कुमार सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी उपस्थित थे। मोहनलाल शर्मा ने सर्वप्रथम सभी को लोकसभा चुनावों में कांग्रेस के शानदार प्रदर्शन के लिए सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार सभी ने मिलकर लोकसभा चुनावों में मेहनत की है, उससे अधिक मेहनत विधानसभा चुनावों में करनी है। मोहन शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनावों के बाद हवा का रूख बदल गया है। माहौल पूरी तरह से कांग्रेस पार्टी के पक्ष में है। उन्होंने सभी पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अभी से जी जान से विधानसभा चुनावों की तैयारियों में जुट जाएं। घर-घर जाकर आमजन को पार्टी की नीतियों के प्रति जागरूक करें। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों से सुझाव भी मांगे, ताकि जहां भी कोई कमी हो तो उसे समय रहते दूर किया जा सके। मीटिंग में उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों ने अपने-अपने सुझाव भी दिए। इस मौके पर संतोष बेनीवाल ने कहा कि विधानसभा चुनावों को लेकर कार्यकर्ताओं में जबरदस्त जोश है और उनके जोश को देखते हुए ये कहा जा सकता है कि कांग्रेस पार्टी बहुमत के साथ सत्ता में आएगी।

# भाजपा नगर मंडल ने महापुरुष स्मरण दिवस मनाया




तेज. रिपोर्टर| पीलीबंगा

भाजपा नगर मंडल ने महापुरुष स्मरण दिवस मनाया। श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर नई धान मंडी में रमन बाघला की दुकान पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश चतुर्वेदी एवं पवन मित्तल ने महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर भंवरलाल कायल, रणवीर सिंह डेलू, मदन लाल गोदारा, पवन करोड़ीवाल, महेश पारीक, जितेंद्र बलाना, सुनील सैन, शिवशंकर बंसल, चमकौर सिंह, महावीर प्रसाद धानक, भारत सिंह राठौड़, भुवनेश बिहानी, मानक चंद धानक सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। महेश गुप्ता ने मुखर्जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वह एक देश में दो निशान, दो विधान नहीं चलेंगे, नहीं चलेंगे की नीति पर चलते हुए कश्मीर में जाकर उन्होंने बलिदान दिया भाजपा उनके आदर्श सिद्धांत और विचारों पर सदा चलती रहेगी।

# रेल मंत्री से ट्रेनों का विस्तार सुनिश्चित करने की मांग

तेज. रिपोर्टर| पीलीबंगा

जयपुर कोटा हॉलीडे एक्सप्रेस व जयपुर तक आने जाने वाली अन्य ट्रेनों का विस्तार सुनिश्चित करने की मांग की है।प.अशोक जोशी द्वारा रेल मंत्री को भेजें आग्रह पत्र के अनुसार जयपुर से सूरतगढ़ तक एक रेल सेवा का रोजाना आवागमन होता है, जिसका अंतिम ठहराव स्टेशन स्टॉपेज सूरतगढ़ रेलवे स्टेशन पर है,यदि इस रेल सेवा का विस्तार पीलीबंगा होते हुए हनुमानगढ़ तक नियमित रूप से कर दिया जाए तो पीलीबंगा उपखंड एवं हनुमानगढ़ जिला मुख्यालय के हजारों यात्रियों को लाभ मिलेगा।इसी प्रकार जयपुर कोटा हॉलीडे एक्सप्रेस का भी क्रमशः तीन एवम चार दिन के अनुपात में संचालन होता है, इस ट्रेन को भी नियमित सप्ताह के सात दिन का संचालन प्रारंभ करने की मांग की है।वही बीकानेर एवं बठिंडा आदि क्षेत्रों तक संचालित हो रही द्रुतगामी ट्रेनों को भी विस्तारित करने का आग्रह पत्र में हवाला दिया गया है।प.अशोक जोशी ने बताया कि पीलीबंगा कस्बा व्यापारिक दृष्टि से उत्कृष्ट मंडी होने के अलावा आसपास के सैकड़ो गांव के व्यक्तियों द्वारा जयपुर सहित अन्य दूरस्थ स्थानों पर रोजाना रेलवे/बस सेवा के माध्यम से यात्रा करते है, ऐसे में रेल गाड़ियों का पीलीबंगा क्षेत्र में विस्तार होने से आमजन को इन सेवाओं का लाभ मिलेगा।

# नहराना हेड से नोहर फीडर का 60 क्यू.पानी घटाया पानी की सेंधमारी कर बरवाली नहर में दिया

**तेज रिपोर्टर. चारणवासी।** नहराना हेड से नोहर फीडर में सोमवार को घटाए गए पानी के कारण रेगुलेशन में चल रही नहरों के किसानों की बारियां पिट गई,बताते चलें कि रविवार तक नोहर फीडर में चल रहे 175-185 क्यू.पानी चल रहा था। सोमवार को नहराना हेड पर



अपनी नहरों में चलाते हुए नोहर फीडर में मात्र 116 क्यू.पानी ही प्रवाह किया। नोहर फीडर के लिए विभाग द्वारा 200 क्यू.पानी की डिमांड भेजी हुई थी। सोमवार से पानी उतार-चढ़ाव होने से 19 से 27 जून तक रेगुलेशन के प्रथम वरीयता में चल रही पानी की उपलब्धता के बावजूद नोहर फीडर में 60 कम कर 125 क्यू.पानी कर दिया। खास बात ये है कि 60 कम करने के बाद भी हरियाणा रूका नहीं, चार सीपी हेड से 10 क्यू.पानी की सेंधमारी कर एनएचआर के भगवान, ढंढेला व कर्मशाना माइनर के किसानों की बारियां पिटी। अधिकारियों का कहना है कि नहराना हेड से मंगलवार को पुनः पानी की आवक बढ़ा दी।

# समाधान शिविर में समस्याओं का निवारण होने पर लोग सरकार व जिला प्रशासन का जता रहे आभार

**- मंगलवार को कुल 139 शिकायत हुई दर्ज, उपायुक्त ने अधिकतर समस्याओं का किया मौके पर ही समाधान**

तेज. ऐलनाबाद. रमेश भार्गव

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार आमजन मानस की समस्याओं के निवारण के लिए आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर बड़े कारगर साबित हो रहे हैं। मंगलवार को लघु सचिवालय में आयोजित शिविर में काफी संख्या में नागरिक अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। उपायुक्त आर.के. सिंह ने गहनता से लोगों की समस्याएं सुनी और अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान करवाया। समाधान शिविर में कुल 139 शिकायतें दर्ज हुई जिनके त्वरित समाधान को लेकर उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए। उपायुक्त आर.के. सिंह के समक्ष आमजन द्वारा पारिवारिक विवाद, जमीनी विवाद, जाति प्रमाण पत्र, राशन कार्ड बनवाने, पीपीपी, बुढापा पेंशन बनवाने, पीपीपी में नाम हटवाने, गली पक्की करवाने, हाई टेंशन तार हटवाने बारे, लाल डोरा भूमि, पानी की डिग्गी, फसल की अदायगी, शराब ठेके को गांव से बाहर करवाने, खाल बनवाने आदि से जुड़ी शिकायतों का मौके पर ही समाधान करवाया गया। उपायुक्त ने इस दौरान कई शिकायतों का मौके पर ही निवारण करवाया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्य दिवस पर जिला स्तर का स्थानीय लघु सचिवालय उपायुक्त कार्यालय में व उपमंडल स्तर पर एसडीएम कार्यालय में सुबह 9 से 11 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अगर किसी नागरिक को सरकार की योजनाओं का लाभ लेने में व अन्य कोई समस्याएं आ रही हैं तो वे समाधान शिविरों में अपनी शिकायतों का त्वरित समाधान करवा सकते हैं। इसके अलावा सिरसा शहर की जेजे कालोनी निवासी मीना ने समाधान शिविर में उपायुक्त आर.के. सिंह के समक्ष परिवार पहचान पत्र में वार्षिक आय कम करवाने व पेंशन न बनने की समस्या रखी, जिसका मौके पर समाधान करवाया गया। इसी प्रकार जिला के गांव रिसालिया खेड़ा के नरेंद्र कुमार ने समाधान शिविर में उपायुक्त आरके सिंह के समक्ष परिवार पहचान पत्र में आए परिवर्तन करवाने संबंधी समस्या रखी जिसे उपायुक्त ने तुरंत समाधान करवाया। प्रार्थी ने खुशी जाहिर करते हुए जिला प्रशासन व हरियाणा सरकार का धन्यवाद व्यक्त किया।

## इन समस्याओं का हुआ मौके पर समाधान

प्रदेश सरकार के निर्देशों पर जिला में आयोजित हो रहे समाधान शिविरों में त्वरित समाधान होने से खुश लोग हरियाणा सरकार व जिला प्रशासन की कार्यशैली की सराहना करते हुए सरकार व जिला प्रशासन का आभार जता रहे हैं। शिविर में लोगों को उनकी समस्याओं का तुरंत प्रभाव से समाधान मिल रहा है। गांव खैरेकां के सरपंच सुमन ठाकुर व पंचायत सदस्य प्रेम चौहान ने गांव की महात्मा गांधी कालोनी में पीने के पानी की पाइपलाइन का कार्य अधूरा पड़ा था, उसे पुनः शुरू करवाने की मांग रखी थी। इस पर उपायुक्त आरके सिंह के निर्देशानुसार गांव में पानी की पाइपलाइन पहुंच गई है और संबंधित ठेकेदार द्वारा जल्द ही कार्य पुनः शुरू हो जाएगा। सरपंच सुमन ठाकुर ने समस्या के निवारण के लिए उपायुक्त आरके सिंह का आभार जताया।

# शहर के प्रवेश मार्गों पर नगर परिषद करवा रही भव्य द्वार का निर्माण

» प्रत्येक प्रवेश द्वार के निर्माण पर पच्चीस से तीस लाख रुपए की लागत अनुमानित

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने की दिशा में कार्य कर रही नगर परिषद की ओर से शहर के सभी प्रवेश मार्गों पर भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण करवाया जा रहा है। प्रत्येक प्रवेश द्वार के निर्माण पर पच्चीस से तीस लाख रुपए की लागत अनुमानित है। टाउन में रावतसर मेगा हाइवे पर कोहला नहर के नजदीक भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण पूर्ण हो चुका है। विधायक गणेश राज बंसल की घोषणा के अनुसार इसका नामकरण राम द्वार के नाम से किया गया है। प्रवेश द्वार पर भगवान श्री राम की फोटो लगाकर राम दरबार स्थापित किया गया है। प्रवेश द्वार पर धोलपुर का पत्थर लगाया गया है। इसके अलावा टाउन में ही टिब्बी रोड पर प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। सभापति सुमित रणवां ने बताया कि नगर परिषद की ओर से शहर में प्रवेश द्वार बनाए जा रहे हैं। जंक्शन में संगरिया मार्ग, श्रीगंगानगर मार्ग व सूरतगढ़ मार्ग पर भी प्रवेश द्वारों का निर्माण शुरू हो गया है। अबोहर मार्ग पर भी प्रवेश द्वार बनाया जाएगा। इन प्रवेश द्वारों को भव्य और सुंदर रूप दिया जाएगा। प्रत्येक प्रवेश द्वार के निर्माण पर पच्चीस से तीस लाख रुपए की लागत अनुमानित है। सभापति रणवां के अनुसार नगर परिषद का मकसद है कि शहर हरा-भरा दिखे। शहर में जितनी हरियाली होगी उतनी कम है। क्योंकि पेड़ों की कमी से तापमान में रिकॉर्ड वृद्धि हो रही है। अगर आने वाले समय में पेड़ों की संख्या और कम हो गई तो हम झुलसने के कगार पर आ जाएंगे। इसको लेकर मुख्यमंत्री भी गंभीर हैं और पौधारोपण के लिए हर विभाग को लक्ष्य दिया गया है। जिला प्रशासन हर विभाग को आदेश जारी करे कि वे अपने स्तर पर भी पौधों की खरीद करे क्योंकि वन विभाग अकेले इतने पौधे उपलब्ध नहीं करवा सकता। उन्होंने कहा कि लगाए गए पौधों की देखभाल भी जरूरी है। अगर आज लगाए गए पौधे कल को पेड़ बने तो आने वाले समय में इतनी तपन महसूस नहीं करनी पड़ेगी। सभापति ने बताया कि अपने स्तर पर भी उन्होंने दो ट्रक छायादार पौधे मंगवाए हैं। नगर परिषद की ओर से शहर में जगह-जगह सघन पौधारोपण किया जाएगा। इसमें वार्ड पार्षदों का सहयोग लिया जाएगा। पौधे लगाने के साथ उनकी सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि निर्माण स्वीकृति लेने वाले दुकान व मकान मालिकों को कहा जा रहा है कि वे अपने दुकान-मकान के आगे पौधारोपण अवश्य करें। जो व्यक्ति अपनी दुकान-मकान के आगे पौधा लगाकर उसकी फोटो दिखाएगा उसे ही निर्माण स्वीकृति दी जाएगी। कॉलोनाइजर के लिए भी पौधे लगाने की शर्त रखी गई है।

# आवास योजना के लाभार्थियों ने साझा किए अनुभव



» स्वायत्त शासन विभाग जयपुर के निर्देशानुसार आज नगर परिषद हनुमानगढ़ द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के 9 वर्ष पूर्ण होने पर लाभार्थी संवाद कार्यक्रम आयोजित

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

परिषद प्रांगण के सभागार में आज प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों का संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद आयुक्त सुरेंद्र सिंह यादव ने की। मंच संचालन कर रहे भारत भूषण शर्मा ने कार्यक्रम का प्रधानमंत्री आवास योजना की उपलब्धियों के बारे में जानकारी देते हुए किया नगर परिषद हनुमानगढ़ द्वारा कुल 2108 पात्र लाभार्थी में से 1820 को प्रथम किस्त जारी कर आवास निर्माण कार्य शुरु करवाए योजना में अब तक 12 करोड रुपए लाभार्थीयो को वितरण जाने की जानकारी दी गई मुख्य अतिथि नगर परिषद सभापति सुमित रणवां व अधिशासी अभियंता करमचंद अरोड़ा, लेखा अधिकारी मालचंद शर्मा, सहायक अभियंता राकेश निनानिया, पार्षद प्रमोद सोनी, भूपेंद्र नेहरा, मुकेश भार्गव, भंवरलाल, हाजी मुख्तयार अली, का स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में 200 लाभार्थियों ने भाग लिया प्रभारी कनिष्ठ अभियंता मेघराज ने बताया प्रधानमंत्री आवास योजना के 9 साल पूरे होने पर कार्यक्रम आयोजित किया गया ।जिन चतुर्थ क़िस्त मिल चुकी लाभर्थियों के साथ नगर परिषद सभापति सुमित रणवा ने संवाद किया व जिनको प्रथम क़िस्त मिल चुकी है उनको भी कहा कि दिसंबर 2024 तक अपने आवास का निर्माण कर फोटो एवं अन्य प्रक्रिया पूरी कर योजना का लाभ उठाएं, इसके साथ आयुक्त सुरेंद्र सिंह यादव ने भी कहा कि जिन लाभार्थियों के कागजों में कमी है उन्हें दूर कर इस योजना का लाभ ले। इस मौके पर लाभार्थियों को चेक भी वितरण किए गए।

# विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को दिए जाएंगे विभिन्न भत्ते

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

समग्र शिक्षा के तहत राजकीय विद्यालय में पढ़ने वाले विशेष आवश्यकता वाले बालक-बालिकाओं को विभिन्न प्रकार के भत्ते यथा परिवहन भत्ते, एस्कॉर्ट भत्ते, स्टाइपेंड फॉर गर्ल्स भत्ते और रीडर भत्ते दिए जाएंगे। समसा एडीपीसी हंसराज जाजेवाल ने बताया कि राजकीय विद्यालय में अध्यनरत ऐसे बालक बालिकाये जिनका 40 प्रतिशत या अधिक का दिव्यांगता का चिकत्सा प्रमाण पत्र बना हुआ है उन बालक बालिकाओं को विभिन्न भत्ते यथा परिवहन भत्ता 450 रुपए प्रतिमाह की दर से कुल 10 माह के लिए, एस्कॉर्ट भत्ता 400 रुपए प्रतिमाह की दर से कुल 10 माह के लिए, स्टाइपेंड फॉर गर्ल्स भत्ता 200 रुपए प्रतिमाह की दर से कुल 10 माह के लिए,और रीडर भत्ता 250 रुपए प्रतिमाह की दर से कुल 10 माह के लिए परिषद के दिशा निर्देश अनुसार देकर लाभान्वित किया जाएगा।




### ये होगी पात्रता

ऐसे विशेष आवश्यकता वाले बालक बालिकाएं जो की राजकीय विद्यालय में अध्यनरत है और जिनका 40 प्रतिशत या इस से अधिक दिव्यंगता का चिकित्सा प्रमाण पत्र बना होना चाहिए और इनको अन्य किसी समाज कल्याण की योजना से ये भतें प्राप्त न हो रहे हो।

### ये रहेगी प्रक्रिया

समसा कार्यालय से सहायक परियोजना समन्वयक पुरुषोत्तम दास शर्मा ने बताया कि दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए इन भत्तों के आवेदन 25 जुलाई तक किए जा सकेंगे, संबंधित संस्था प्रधान द्वारा इनके फार्म भरकर ब्लॉक के संदर्भ कक्ष पर जमा करवाएं जाएंगे और फिर इनके वेरिफिकेशन उपरांत मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से उक्त भत्तों को जिला कार्यालय में अंतिम दिनांक 31 जुलाई 2024 तक जमा करवाए जाएंगे,जिसके उपरांत जिला कार्यालय से गठित कमेटी द्वारा इन विशेष विद्यार्थियों के आवेदन की पुनः जांच कर पात्र विद्यार्थियों को परिषद के निर्देशानुसार भत्ते जारी किए जाएंगे। उक्त भत्तों की राशि एसएनए पोर्टल से बच्चों के खाते में उपस्थिति के आधार पर जमा करवाई जाएगी।

# राशन कार्ड धारक 30 जून तक करवा सकेंगे ई-केवाईसी



तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

एनएफएसए के लाभार्थियों की ओर से ई-केवाईसी वेरिफिकेशन करवाने की अंतिम तारीख 30 जून है। हनुमानगढ़ जिले में अब तक 69 प्रतिशत लाभार्थियों की ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण हो चुका है। जिला रसद अधिकारी सुनील घोड़ेला ने बताया कि राशन कार्ड में जिन सदस्यों के नाम हैं वे राशन डीलर के पास जाकर पॉस मशीन के माध्यम से ई-केवाईसी करवा सकते हैं। इस संबंध में विभाग से भी दिशा-निर्देश प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 637 राशन डीलर हैं। राशन डीलरों को निर्देश दिए गए हैं कि जो भी उपभोक्ता उनके पास आता है तो उसकी ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण कर इसकी सूचना विभाग को दिया जाना सुनिश्चित करें। ई-केवाईसी के लिए लाभार्थी को अपना आधार कार्ड और जन आधार कार्ड साथ लेकर जाना जरूरी है। उन्होंने बताया कि विभागीय निर्देशानुसार ई-केवाईसी करवानी की अंतिम तारीख 30 जून है। उन्होंने अपील की कि शेष बचे लाभार्थी भी जल्द राशन डीलर के पास जाकर ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण करवाएं ताकि भविष्य में खाद्यान्न वितरण में किसी तरह की समस्या न आए।

## आरटीआई कार्यकर्ता व पुत्र पर हमला

**हनुमानगढ़।** जिला प्रशासन को शिकायत किए जाने से नाराज एक व्यक्ति ने आईटीआई कार्यकर्ता व उसके पुत्र पर हमला कर दिया। हमले में पिता-पुत्र के चोटें लगी। आरटीआई कार्यकर्ता की ओर से इस संबंध में जंक्शन पुलिस थाना में मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पुलिस के अनुसार प्रवीण मेहन (59) पुत्र विष्णु मेहन निवासी वार्ड 17, ढिल्लों कॉलोनी, जंक्शन ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि वह आरटीआई कार्यकर्ता है और सूचना का अधिकार संस्थान नाम से संस्था का संचालन करता है। उनके मोहल्ले में मानसी मेडिकल स्टोर संचालक हरी भाटी लोगों के घुटने सही करने के नाम पर इन्जेक्शन लगाता है। इन्जेक्शन लगाने से कई लोगों के घुटने खराब हो गए। इसकी शिकायत जब उसने जिला प्रशासन से की तो हरी भाटी उससे रंजिश रखने लगा। सोमवार को सुबह करीब 11 बजे वह और उसका बेटा द्रोण (25) बाइक पर सवार होकर बाजार जा रहे थे। रास्ते में हरी भाटी ने गाली-गलौज करते हुए दोनों पर जानलेवा हमला कर दिया। कपड़े फाड़ दिए। इससे दोनों के काफी चोटें आई। पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर तफ्तीश हैड कांस्टेबल शंकरदयाल के सुपुर्द की है।

## चार किलोग्राम पोस्त बरामद, दो युवक गिरफ्तार

**हनुमानगढ़।** सदर थाना पुलिस ने बाइक सवार दो युवकों को चार किलोग्राम पोस्त सहित गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई मंगलवार को गश्त के दौरान की गई। जानकारी के अनुसार सदर पुलिस थाना प्रभारी एसआई लाल बहादुर चन्द्र के नेतृत्व में गठित टीम मंगलवार सुबह थाना क्षेत्र में गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान पुलिस टीम ने एक बाइक पर सवार दो जनों को रुकवाकर तलाशी ली तो उनके कब्जे से चार किलोग्राम पोस्त बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से प्रदीप सिंह उर्फ मनप्रीत (24) पुत्र जसवीर सिंह मजहबी निवासी वार्ड 19, टिब्बी और हजरत अली (31) पुत्र फतेह मोहम्मद निवासी वार्ड 3, मसानी पीएस टिब्बी को गिरफ्तार कर बाइक जब्त की। एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस आगामी अनुसंधान में जुटी है।

# जनता क्लिनिक की सौगात दिलाने पर किया अभिनंदन

» विधायक-सीएमएचओ बोले, जल्द आमजन को सुपुर्द किया जाएगा जनता क्लिनिक

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



जंक्शन की कैनाल कॉलोनी के राजकीय अस्पताल में स्थाई जनता क्लिनिक की स्वीकृति की सौगात दिलाने पर शहरवासियों ने मंगलवार को विधायक गणेश राज बंसल व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा को माला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिह्न भेंट कर उनका अभिनंदन किया। ज्ञात रहे कि कैनाल कॉलोनी में पिछले 50 वर्षों से सीएचसी चल रही है। उसे दूरदर्शन रिले केन्द्र के पास शिफ्ट किया जा रहा है। विधायक गणेश राज बंसल व सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा के प्रयासों से राज्य सरकार ने कैनाल कॉलोनी के राजकीय अस्पताल में स्थाई जनता क्लीनिक की सौगात आमजन को दी है। इससे आमजन में खुशी की लहर है। विधायक व सीएमएचओ ने शहरवासियों को आश्वस्त किया कि कुछ ही दिनों में यह जनता क्लीनिक तैयार होकर आमजन को सुपुर्द कर दिया जाएगा। पार्षद गुरदीप सिंह बराड़ ने कहा कि विधायक गणेश राज बंसल के प्रयासों से नव स्थापित जनता क्लिनिक को 70 लाख रुपए का बजट मिला है। इससे भव्य रूप से जनता क्लिनिक तैयार होगा और आमजन को चिकित्सा संबंधी हर सुविधा मुहैया होगी। इस मौके पर पार्षद सुनील अमलानी, विक्की बराड, हरदीप सिंह, समीर प्रभाकर, विनोद कुमार, कन्हैयालाल, अशोक कुमार, कालूराम, मनोज महला, राकेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# भाई के ससुराल पक्ष के लोगों ने की मारपीट, छीनी सोने की चेन

### भाई की विधवा पत्नी को जबरन साथ ले जाने से रोकने पर हुआ विवाद

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

जवाई की मौत के बाद पीहर पक्ष के लोग अपनी विधवा बेटी को जबरन साथ ले जाने लगे तो उनका दिवंगत जवाई के परिवार के साथ विवाद हो गया। विधवा के पीहर पक्ष पर आरोप है कि इन्होंने जवाई के भाई के साथ मारपीट की। पिस्तौल दिखाते हुए उसकी सोने की चेन छीनकर भाग गए। जाते समय धमकी दी कि फिर मौका मिला तो पूरे परिवार को खत्म कर देंगे। इस संबंध में सदर पुलिस थाना में चार नामजद व दो-तीन अन्य व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पुलिस के अनुसार रणजीत कुमार (44) पुत्र भादर राम कुम्हार निवासी वार्ड 3, डबलीबास मोलवी ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि कुछ दिन पूर्व उसके छोटे भाई धर्मपाल की मृत्यु हो गई थी। सोमवार को दोपहर करीब 1 बजे उसके घर कुछ रिश्तेदार आए हुए थे। उसके भाई धर्मपाल की विधवा पत्नी कृष्णा के पीहर पक्ष से भी हजारीराम पुत्र सुरजाराम, श्रवण कुमार पुत्र हजारीराम निवासी राणासर गोसाईंयांवाली ढाणी तहसील सरदारशहर जिला चूरू, सोहनलाल पुत्र बीरबल राम कुम्हार निवासी मनापुर तहसील पल्लू, हनुमान पुत्र पूर्णराम कुम्हार निवासी खोडां तहसील रावतसर व दो-तीन अन्य व्यक्ति आए हुए थे। यह सभी उसके भाई की विधवा पत्नी कृष्णा को जबरदस्ती अपने साथ ले जाने लगे व जबरन कार में बैठाने लगे। जब उसने इसका विरोध किया तो इन लोगों ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया। हनुमान ने उसकी छाती पर पिस्तौल लगा लिया। अन्य लोगों ने थाप-मुक्कों से मारपीट की और गले में पहनी सोने की चेन छीन ली। तब वहां मौजूद हरीराम पुत्र मनफूलराम कुम्हार निवासी कुपली, सुन्दर कुमार पुत्र मनीराम कुम्हार निवासी सादुलशहर, शंकरराम पुत्र गणेशाराम कुम्हार निवासी सूरतगढ, जगदीश पुत्र दुर्गाराम कुम्हार निवासी डबलीराठान व अन्य लोगों ने उसका बचाव किया। इस पर यह लोग वहां से कार आदि लेकर भाग गए व कृष्णा को यहीं छोड़ गए। जाते समय इन लोगों ने उसे व उसके परिवारजनों को धमकी दी कि आइंदा मौका मिला तो पूरे परिवार को खत्म कर देंगे। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर तफ्तीश एएसआई विजय सिंह को सुपुर्द की है।

# टांटिया आयुर्वेदिक कॉलेज के पठानवाला चिकित्सा शिविर में 72 रोगियों की जांच

तेज | रिपोर्टर. श्रीगंगानगर



हनुमानगढ़ रोड पर स्थित टांटिया यूनिवर्सिटी के श्रीगंगानगर कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक साइंस एंड हॉस्पिटल की ओर से पठानवाला गांव में चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर में 72 रोगियों की जांच कर औषधि का वितरण किया गया। आयुर्वेदिक कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुभाष उपाध्याय ने बताया कि शिविर प्रभारी डॉ. निशांत कौशिक के नेतृत्व में डॉ. राजेश शर्मा, डॉ. सुरेशकुमार जाट एवं डॉ. खुशबू के साथ अंतिम वर्ष के विद्यार्थी विकास बेदी, नवभारत एवं नखत ने सेवाएं दीं। शिविर में एनएसएस प्रभारी डॉ. दीपक शर्मा ने भी महती योगदान दिया। ग्रामीणों ने इस प्रकार का चिकित्सा शिविर लगाने के लिए महाविद्यालय प्रबंधन की प्रशंसा की और भविष्य में भी इस तरह के किसी भी आयोजन में अपनी ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

# अवैध खनन व परिवहन पर करें संयुक्त कार्रवाई

### ओवरलोड नहीं निकले एक भी वाहन

**तेज. रिपोर्टर. हनुमानगढ़।** जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय टास्क फॉर्स समिति की बैठक हुई। इसमें जिले में खनन गतिविधियों, अवैध खनन/निर्गमन/ भंडारण की रोकथाम के लिए विशेष अभियान पर समीक्षा की गई है। जिला कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को अवैध खनन और परिवहन की रोकथाम के लिए संयुक्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों और नोहर क्षेत्र में बिना परमिट के संचालित वाहनों की शिकायतों पर कड़ी कार्रवाई करें। परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभागीय अधिकारी को निर्देश दिए कि एक भी वाहन ओवरलोड नहीं गुजरना चाहिए। हर एक व्यक्ति की जीवन अनमोल है। उन्होंने खनन विभाग में लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान, खान एवं भू विज्ञान विभाग के सहायक खनिज अभियंता सोहन लाल गुरू सहित वन और परिवहन विभाग से अधिकारी थे।

# नशा मुक्ति सप्ताह के तहत रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

नशा मुक्ति सप्ताह के तहत मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह में छात्रों द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुरेन्द्र पूनियां समाज कल्याण अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि पूनिया ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव बड़े ही सरल और सार्थक रूप से बताए। उन्होंने बताया कि नशा सम्पूर्ण जीवन को नष्ट कर देता है आर्थिक, सामाजिक व नशे करने वाले व्यक्ति को मानसिक और शारीरिक रूप से भी विकसित नहीं होने देता। अंत में सभी विजयेता प्रतिभागियों को पुरुस्कृत किया गया। इस अवसर पर वुशु कोच शंकर सिंह ने भी नशे के होने नुकसान के बारे में अवगत करवाया। अंत मे संस्था संचालक हेमन्त गोयल से आये हुए अथितियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्था के भानू सिंह, बजरंग सिंह, होस्टल वार्डन रेणु, संगीता, आरती जी भी उपस्थित रहे।






स्वामी दैनिक तेज के लिए प्रकाशक व मुद्रक देवेन्द्र शर्मा द्वारा नजदीक भगत सिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन से प्रकाशित एवं शर्मा प्रिन्टिग प्रेस नजदीक भगत सिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन (राजस्थान) से मुद्रित। सम्पादक देवेन्द्र शर्मा। आरएनआई रजि. नं. 23549/71, पोस्टल रजि. नं.गंगानगर/29/2024-2026, पोस्ट बॉक्स नं-26 फोन : 269443, 9414095543, फैक्स : 01552-268442